महानगर नई दिल्ली गुरुवार 3 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

जम्मू में विपक्षी नेताओं पर से पाबंदियां हटीं

जम्मू, 2 अक्तूबर (एजंसी)।

जम्मू में गैर भाजपा दलों के नेताओं पर से जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के बाद उन पर करीब दो महीने से लगी 'पाबंदियों' को प्रशासन ने हटा लिया है। जम्मू क्षेत्र के तकरीबन 12 से ज्यादा विपक्षी नेताओं पर से प्रशासन ने पाबंदियां हटा ली है। इसके बाद अब वे किसी भी राजनीतिक गतिविधि में स्वतंत्रता पूर्वक हिस्सा ले सकते हैं। वहीं अधिकारियों ने कहा कि ये महज 'खुद से लगाई गई' पाबंदियां थीं। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त को खत्म करने की घोषणा के बाद पूर्व मंत्रियो, विधायकों सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया था।

जम्मू में प्रशासन के इस कदम को राज्य में आगामी 24 अक्तूबर से शुरू हो रहे बीडीसी चुनाव के परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है।

इस तरह के दावे करने वाले अन्य नेताओं में नेशनल कांफ्रेंस के जावेद राणा, एसएस सलाथिया और सज्जाद किचलू, कांग्रेस के विकास रसूल और जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी के हर्षदेव सिंह शामिल हैं। सज्जाद किचलू और एनसी के जावेद राणा ने भी कहा कि उन पर लगी सभी पाबंदियां हटा ली गई है। उन्होंने कहा कि हमलोगों के घर के बाहर से पुलिस के पहरे हटा लिए गए हैं।

बहरहाल, जम्मू के संभागीय आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा बाकी पेज 8 पर

'पुलिस ने मुझे बताया है कि मैं किसी भी राजनीतिक गतिविधि में हिस्सा लेने के लिए स्वतंत्र हूं क्योंकि हमारे ऊपर लगी पाबंदियां हटा ली गई हैं।'

-नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के नेता और पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह राणा

'हमने उन्हें कभी नहीं रोका... उन्होंने खुद से पाबंदियां लगा रखी थीं।'

देवेंद्र सिंह राणा

जम्मू के बाहरी इलाके में 29 सितंबर को नवरात्र से जुड़े समारोहों में स्वतंत्र रूप से हिस्सा ले रहे थे और वे पहले भी स्वतंत्र रूप से घूम रहे थे। अगर नजरबंदी रहती तो वे सार्वजनिक कार्यक्रमों में हिस्सा कैसे लेते।'

-जम्मू के संभागीय आयुक्त संजीव वर्मा

'हमें एक थाना प्रभारी ने बताया कि मुझ पर लगी पाबंदियां हटा ली गई हैं और अब मैं स्वतंत्र रूप से घूम सकता हूं।'

-कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री रमन भल्ला

देश ने महात्मा गांधी को याद किया

(गांधी जयंती पर खबरें पेज 3, 8, 9 पर)

नमन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नई दिल्ली में राजघाट पर 150वीं जयंती के मौके पर महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए। *(गांधी जयंती पर 'विशेष' पेज 5 पर)*

'भारत की सीमा से परे जाने की महत्त्वाकांक्षा नहीं'

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने कहा कि भारत को अपनी सीमा से परे जाने की महत्त्वाकांक्षा नहीं है और वह दूसरों पर अपनी विचारधारा नहीं थोपना चाहता।

उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार उभरती हुई ताकत के रूप में भारत अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत रणनीतिक स्वतंत्रता और फैसले लेने में स्वायत्तता की प्रतिबद्धता पर कायम रहेगा। साथ ही पड़ोस से उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने एवं खत्म करने के लिए सैन्य क्षमता स्थापित करेगा। बाकी पेज 8 पर

मोदी की 'आइंस्टीन चुनौती' की पेशकश

न्यूयार्क, 2 अक्तूबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि महात्मा गांधी ने ऐसे भारतीय राष्ट्रवाद की परिकल्पना की थी जो संकीर्ण नहीं था। भावी पीढ़ियां महात्मा गांधी के आदर्शों को याद रख सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने पेशकश की जिसे 'आइंस्टीन चुनौती' का नाम दिया।

महात्मा गांधी को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ बाकी पेज 8 पर

भारत खुले में शौच से मुक्त : प्रधानमंत्री

अमदाबाद, 2 अक्तूबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को घोषणा की कि भारत अब खुले में शौच से मुक्त हो गया है। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर यहां आयोजित 'स्वच्छ भारत दिवस' कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि 60 करोड़ से अधिक लोगों को शौचालय मुहैया कराने पर दुनिया ने भारत की प्रशंसा की है।

मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी और एलान किया था कि दो अक्तूबर, 2019 को भारत खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) हो जाएगा। उन्होंने गांधीजी के स्वच्छता के संदेश का उल्लेख कया था। उन्होंने बुधवार को बाकी पेज 8 पर

अमेरिका को भारत पर पाक आतंकवादी हमले का डर

वाशिंगटन, 2 अक्तूबर (भाषा)।

अमेरिका ने कई देशों के उस डर को मंगलवार को सामने रखा कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद, पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में आतंकवादी हमलों को अंजाम दे सकते हैं। अमेरिका ने कहा कि अगर पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को काबू में रखे तो इन हमलों को रोका जा सकता है। भारत प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री रैंडल शाइवर ने वाशिंगटन की जनता से कहा कि कश्मीर पर फैसले के बाद कई को डर है कि आतंकवादी समूह सीमा-पार से हमलों को अंजाम दे सकते हैं।

साथ ही उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि चीन इस तरह का कोई संघर्ष चाहेगा या उसका समर्थन करेगा।' शाइवर कश्मीर मुद्दे पर चीन द्वारा पाकिस्तान को समर्थन देने के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। बता दें कि भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 व 35ए के अधिकतर प्रावधानों को गत पांच अगस्त को खत्म कर दिया था। शाइवर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह (कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को चीन का समर्थन) बहुत हद तक कूटनीतिक व राजनीतिक समर्थन है।' पेंटागन के शीर्ष अधिकारी ने कहा, 'उन्होंने (चीन ने) पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर समर्थन दिया है। संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दा ले जाया जाए या नहीं, इस संबंध में कुछ चर्चा हुई तो चीन इसका समर्थन करेगा। लेकिन मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा चीन कुछ करेगा।'

उन्होंने कहा कि चीन का पाकिस्तान के साथ लंबे समय से संबंध है और उनकी भारत के साथ प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही है।

साथ ही उन्होंने कहा कि भारत चीन के साथ स्थिर संबंध चाहता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के मौजूदा दौरे का जिक्र करते हुए शाइवर ने कहा कि अमेरिका उनके साथ विचार-विमर्श कर रहा है।

मुझे नहीं लगता कि चीन इस तरह का कोई संघर्ष चाहेगा या उसका समर्थन करेगा।'

-रैंडल शाइवर, भारत प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री

***अमेरिका** ने कहा कि अगर पाकिस्तान इन आतंकवादी समूहों को काबू में रखे तो इन हमलों को रोका जा सकता है।*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी

महाभियोग से छिड़ जाएगा गृहयुद्ध

वाशिंगटन, 2 अक्तूबर (एएफपी)।

अमेरिकी कांग्रेस के राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग जांच को तेज करने के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने इसे 'तख्तापलट' करार दिया है। वहीं, उन्होंने उस चेतावनी को रीट्वीट किया जिसमें कहा गया कि उनको पद से हटाने पर देश में 'गृहयुद्ध' छिड़ सकता है।

ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति से 2020 राष्ट्रपति चुनाव में उनके अहम प्रतिद्वंद्वी को निशाना बनाना के लिए कहा था। इस मुद्दे पर कांग्रेस के डेमोक्रेट सदस्यों ने और सख्त रुख अपना लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि उन्होंने यूक्रेन नेता वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की के साथ फोन पर बात कर कुछ भी गलत नहीं बाकी पेज 8 पर

***यह** महाभियोग नहीं है, बल्कि तख्तापलट है। इसके पीछे जनता की शक्ति, उनके मत और उनकी स्वतंत्रता छीनने की मंशा है।*

-डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट

निजाम के धन को लेकर भारत के पक्ष में फैसला

लंदन/इस्लामाबाद, 2 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए ब्रिटेन के हाई कोर्ट ने 1947 में विभाजन के समय हैदराबाद के निजाम के धन को लेकर इस्लामाबाद के साथ चल रही दशकों पुरानी कानूनी लड़ाई और इसे लंदन के एक बैंक में जमा कराने के मामले में बुधवार को भारत के पक्ष में फैसला सुनाया।

यहां नैटवेस्ट बैंक पीएलसी में जमा करीब 3.5 करोड़ पाउंड को लेकर पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लड़ाई में निजाम के वंशजों और हैदराबाद के आठवें निजाम प्रिंस मुकर्रम जाह और उनके छोटे बाकी पेज 8 पर

महात्मा गांधी संघ की शाखा में आए थे : मोहन भागवत

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि महात्मा गांधी विभाजन के दिनों में दिल्ली में एक शाखा में आए थे और स्वयंसेवकों का अनुशासन और उनमें जात पात की भावना का अभाव देखकर प्रसन्नता व्यक्त की थी।

उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक प्रतिदिन प्रातःकाल एकात्मता स्त्रोत्र में महात्मा गांधी के नाम का उच्चारण करते हुए उनके जीवन का स्मरण करते हैं।

देशवासियों द्वारा बुधवार को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाए जाने के बीच भागवत ने आरएसएस की वेबसाइट पर प्रकाशित एक आलेख में कहा, '... विभाजन के रक्तरंजित दिनों में दिल्ली में अपने निवास के पास लगने वाली शाखा में गांधी जी का आना हुआ था। उसकी रिपोर्ट 27 सितंबर 1947 के हरिजन में छपी है।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी 1936 में वर्धा के पास लगे संघ शिविर में भी पधारे थे और अगले दिन संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने उनसे उनके निवास स्थान पर मुलाकात की बाकी पेज 8 पर

हरियाणा कांग्रेस में टिकटों को लेकर घमासान

जनसत्ता ब्यूरो

नई दिल्ली/चंडीगढ़, 2 अक्तूबर।

एक तरफ जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी व प्रदेश के अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने नामांकन भरकर चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है वहीं लंबी जद्दोजहद के बाद एकजुटता का दिखावा करने वाली कांग्रेस में टिकटों की घोषणा से ठीक पहले नेताओं की लड़ाई सड़कों पर आ गई है।

अपने चहेतों को टिकट दिलवाने के लिए कांग्रेस के सभी नेताओं ने पूरा जोर लगा रखा है। आलम यह है कि जनता में एकजुटता का दिखावा करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा, कैप्टन अजय सिंह यादव, किरण चौधरी, कुलदीप बिश्नोई, रणदीप सुरजेवाला व अशोक तंवर अधिक से अधिक संख्या में अपने समर्थकों को टिकट दिलवाने के लिए एक-दूसरे के विरूद्ध मोर्चा खोले हुए हैं।

कांग्रेस की सूची जारी होने से पहले बुधवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर ने पार्टी हाईकमान के विरूद्ध मोर्चा बाकी पेज 8 पर

***पूर्व** अध्यक्ष तंवर समर्थकों का सोनिया के घर के बाहर प्रदर्शन*

दरअसल

पत्रकार वाल्टर ने बताया शाम छह-सात बजे हत्या की जानकारी मिली **गांधी की हत्या** **हत्या की खबर लिखना मेरे कौशल का परीक्षण था**

जेहन में आज भी है वह दुखद शाम

मुंबई, 2 अक्तूबर (भाषा)।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर देश भर में आयोजनों के माहौल के बीच पीटीआइ के पूर्व पत्रकार एवं 99 साल के हो चुके वाल्टर अल्फ्रेड ने राष्ट्रपिता की हत्या के दिन अपनी रिपोर्टिंग की यादें साझा कीं।

पिछले महीने अपना 99वां जन्मदिन मनाने वाले अल्फ्रेड के जहन में हत्या के दिन की रिपोर्टिंग का पूरा वाकया आज भी जस का तस है। वह उस दुखद शाम नागपुर के कार्यालय में थे, जब नाथूराम गोडसे ने दिल्ली के बिड़ला भवन में गांधी जी के सीने में तीन गोलियां उतार दी थीं।

अल्फ्रेड ने याद किया, '30 जनवरी, 1948 हम सभी के लिए एक रूखा दिन था..मैंने शाम तक कुछ स्टोरी फाइल की होती। शाम करीब साढ़े छह-सात बजे के बीच दफ्तर के फोन की घंटी बजी और उस वक्त मुझे महात्मा गांधी की हत्या के बारे में पता चला।'

उनके सहयोगी पोंकशे ने मुंबई से उन्हें महात्मा गांधी पर हुए जानलेवा हमले की जानकारी दी जब वह सांध्यकालीन प्रार्थना के लिए जा रहे थे। अल्फ्रेड ने बताया कि उन्होंने अपना आत्मसंयम बनाए रखा।

उन्होंने कहा, 'मैंने पोंकशे की तरफ से दी गई संक्षिप्त जानकारी के आधार पर शुरुआती कॉपियां टाइप करनी शुरू कर दीं। दफ्तर में उस वक्त दो चपरासी मौजूद थे जो ये कॉपियां लेकर एक अंग्रेजी समाचारपत्र समेत छह स्थानीय ग्राहकों तक पहुंचे क्योंकि उस वक्त टेलीप्रिंटर नहीं था।' अल्फ्रेड ने बताया, 'यह शुद्ध एवं संक्षिप्त कॉपी लिखने के मेरे कौशल का परीक्षण था क्योंकि मुझे गांधी जी की हत्या के संबंध में आ रहे प्रत्येक फोन कॉल का जवाब देना था, नई जानकारियों को लिखना था, छह ग्राहकों के लिए एक कॉपी बनानी थी और चपरासियों को इन कॉपियों को उन तक पहुंचाने के लिए भेजना था।' उन्होंने कहा कि उस दिन भावुक होने का समय नहीं था।

यह पूछने पर कि हत्या की खबरों ने क्या उन्हें गांधी से हुई उनकी पूर्व मुलाकातों की याद दिलाई, अल्फ्रेड ने कहा, 'मेरे पास (गांधी से जुड़ी) उन सारी यादों के लिए वक्त नहीं था। मेरा ध्यान सिर्फ टेलीफोन पर मिली रही जानकारियों को लिखने और उसकी कॉपी बनाने पर था। इनमें नाथूराम गोडसे की गिरफ्तारी और आरएसएस से उसके कथित संबंध के ब्योरे भी शामिल थे।'

99 साल के पत्रकार ने की यादें साझा, उस दिन भावुक होने का समय नहीं था

***मेरे पास** (गांधी से जुड़ी) उन सारी यादों के लिए वक्त नहीं था। मेरा ध्यान सिर्फ टेलीफोन पर मिली रही जानकारियों को लिखने और उसकी कॉपी बनाने पर था। इनमें नाथूराम गोडसे की गिरफ्तारी और आरएसएस से उसके कथित संबंध के ब्योरे भी शामिल थे।*

वंदे मातरम बोलने पर आपत्ति हो तो छोड़ दें देश

केंद्रीय मंत्री सारंगी ने कहा : यह उनकी व्यक्तिगत राय

जनसत्ता, 2 अक्तूबर (भाषा)।

ओड़ीशा के मोदी के नाम से लोकप्रिय केंद्रीय लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री प्रताप चंद्र सारंगी मंगलवार को वृंदावन के गोपेश्वर मार्ग स्थित गोपीनाथ गौड़ीय आश्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुर जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा के जिसे वंदे मातरम बोलने में आपत्ति हो उसे भारत में रहने का कोई हक नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो लोग भारत के टुकड़े टुकड़े होने तक जंग जारी रखने की बात कहते हैं। अफजल गुरु व पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं। वही लोग भारत माता की जयकार करने से कुंठित हैं। भारत में रहकर दरिद्र करदाताओं के पैसे से मौज करते हुए जिन्हें भारत माता की जय या वंदे मातरम कहने में हिचकिचाहट होती है। जो लोग वंदे मातरम नहीं कहते हैं, उन्हें भारत में रहने का कोई हक नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह उनका राजनीतिक वक्तव्य नहीं, बल्कि व्यक्तिगत मत है।

अनुच्छेद 370 हटाने पर उन्होंने कहा कि यह ईश्वर की प्रेरणा से हुआ है। इसे पहले ही हट जाना चाहिए था। 370 ने कश्मीर को देश से अलग-थलग कर लिया था। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि पूरा देश महात्मा गांधी की जयंती मना रहा है। गांधी जी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को तो फांसी मिली, लेकिन जिन्होंने उनकी आत्मा व जीवन मूल्यों को नष्ट कर दिया उन्हें कुसी मिली।

इससे पूर्व गोपीनाथ गौड़ीय मठ के प्रतिष्ठाता प्रमोद पुरी गोस्वामी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने आए केंद्रीय मंत्री ने ठाकुर जी के दर्शन कर पूजा आरती की उन्होंने वृंदावन आने को अपना परम सौभाग्य बताते हुए कहा कि यहां आकर जो आनंद की अनुभूति होती है वह अद्भुत है। इस दौरान उन्होंने मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं से प्रवचन भी किए।

मुंबई के माहिम में बुधवार को पटरी से उतरी उपनगरीय ट्रेन के पास खड़े यात्री, रेलवे कर्मचारी और पुलिसकर्मी।

रेलवे स्टेशनों की स्वच्छता रैंकिंग जारी, जयपुर रहा अव्वल

रेल मंत्री पीयूष गोयल बोले- गांधी जी का सपना पूरा कर रहा है रेलवे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

गांधी जंयती पर रेलवे ने देश भर के स्टेशनों की स्वच्छता का रैंकिंग कार्ड जारी किया है। इसमें बताया गया है कि जयपुर, जोधपुर और दुर्गापुर देश के सबसे साफ स्टेशनों में शुमार हैं। बुधवार को केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल ने यह रिपोर्ट दिल्ली में जारी की। रेल मंत्री ने कहा कि रेल मंत्रालय यात्रियों का सफर सुगम बना रहा है और राष्ट्रपिता गांधी के सपनों को पूरा कर रहा है। हालांकि रिपोर्ट में महानगरों के स्टेशन टॉप 10 पायदान से बाहर हैं।

देश के कुल 720 स्टेशनों पर यह सर्वेक्षण किया गया। 10 प्रमुख स्टेशनों में जम्मू तवी, गांधी नगर, सूरतगढ़, विजय वाड़ा, उदयपुर सिटी, अजमेर और हरिद्वार स्टेशन भी शामिल हैं। वहीं उपनगरीय स्टेशनों की श्रेणी में कुल 109 स्टेशनों में मुंबई के अंधेरी, विरार और नायगांव स्टेशनों को शीर्ष स्थान मिला है। रेलवे मंडलों में उत्तर पश्चिम रेलवे पहले, दूसरे स्थान पर दक्षिण पूर्व रेलवे और तीसरे स्थान पर पूर्व मध्य रेलवे रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक जांच में 2 फीसद स्टेशन को 90 फीसद जबकि 5 फीसद को 50 फीसद से कम अंक मिले हैं। रेल मंत्रालय वर्ष 2016 से 407 प्रमुख स्टेशनों का तीसरे पक्ष से लेखा परीक्षण और स्वच्छता रैंकिग करा रहा है। इस वर्ष सर्वेक्षण का विस्तार कर 720 स्टेशनों एवं उपनगरीय स्टेशनों को पहली बार शामिल किया गया। स्टेशनों के मूल्यांकन में हरित उपायों को भी मापदंड में शामिल किया गया।

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत उन देशों में गिना जा रहा है, जो स्वच्छता को अहमियत देते हैं। यह स्वच्छता ही बापू को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि इस स्वच्छता की बदौलत रेल बच्चों के लिए सफाई व्यवस्था में रोल मॉडल बनेगा। मंत्रालय ने दिव्यांगों की सुविधा के लिए विशेष टॉयलेट तैयार किए हैं। ये वैक्यूम शौचालय साधारण नहीं हैं और रूकी हुई ट्रेन में भी इनका प्रयोग संभव है। अब तक 6500 ऐसे शौचालय तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि देश में एलएचबी कोच बनने सबसे बड़ी फैक्टरी है लेकिन जितने बायो टॉयलेट दुनिया में बनते हैं, उतने देश में नहीं बनते। इस आलोचना को रेल मंत्री ने स्वीकार करते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड विनोद कुमार यादव, अन्य बोर्ड सदस्य व अधिकारी उपस्थित थे।

महाराष्ट्र : बच्ची से बलात्कार एटीएम का गार्ड गिरफ्तार

ठाणे, 2 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक क्रेश में चार साल की बच्ची से बलात्कार का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि एटीएम के सुरक्षा गार्ड ने इस घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस की एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी की पहचान दशरथ कांबले (42) के तौर पर हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार को हुई थी, जब बच्ची की मां यहां के यशोधन नगर इलाके में स्थित क्रेश में बच्ची को छोड़ कर गई थी।

प्रवक्ता ने बताया कि पास के एक एटीएम में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करने वाला कांबले क्रेश में आया और बच्ची को कुछ सिखाने की बात कह कर अपने साथ चलने को कहा। अधिकारी ने बताया कि फिर उसने बच्ची को परिसर के एकांत स्थान पर ले जाकर उससे बलात्कार किया और वहां से चला गया।

बाद में बच्ची के घर लौटने पर उसकी मां ने उसके व्यवहार में परिवर्तन देखा। बच्ची ने मां के पूछने पर घटना के बारे में बताया। प्रवक्ता ने बताया कि बच्ची की मां ने बाद में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भादंसं की धारा 376 (बलात्कार) और पॉक्सो कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

मोहपाश मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआइटी में बदलाव : बाला बच्चन

इंदौर, 2 अक्तूबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश के गृह मंत्री बाला बच्चन ने बुधवार को कहा कि बहुचर्चित हनीट्रैप (मोहपाश) मामले की गंभीरता को देखते हुए इसके विशेष जांच दल (एसआइटी) में बदलाव किए गए हैं और इस हाई प्रोफाइल सेक्स स्कैंडल में कमलनाथ सरकार पर कोई राजनीतिक दबाव नहीं है।

बच्चन का यह बयान ऐसे वक्त में आया है, जब पिछले नौ दिन में एसआइटी का दो बार पुनर्गठन हुआ है और विशेष पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम) राजेंद्र कुमार इसके तीसरे प्रमुख बने हैं। सवालों के घेरे में आए इन बदलावों पर गृह मंत्री ने कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते-समझते हुए यह निर्णय लिया गया है और विशेष महानिदेशक स्तर के एक पुलिस अधिकारी को एसआइटी की कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि हनीट्रैप मामले में हम पर किसी तरह का राजनीतिक दबाव नहीं है। अगर हम किसी व्यक्ति के (अनुचित) दबाव-प्रभाव में आते, तो इस मामले में प्राथमिकी तक दर्ज नहीं होती।

भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय ने हनीट्रैप मामले में 23 सितंबर को पहली बार एसआइटी गठित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक (अपराध अनुसंधान) डी श्रीनिवास वर्मा को इस विशेष जांच दल का अध्यक्ष बनाया था। फिर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (काउंटर इंटे-लिजेंस) संजीव शमी को एसआइटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। ताजा बदलाव में विशेष पुलिस महानिदेशक राजेंद्र कुमार को एसआइटी की कमान सौंपी गई है।

सूबे के दबंग पुलिस अफसरों में शुमार शमी को एसआइटी प्रमुख के पद से हटाए जाने के बारे में गृह मंत्री ने कहा कि शमी 1993 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। उनके स्थान पर अपेक्षाकृत बड़े ओहदे वाले राजेंद्र कुमार को एसआइटी का नया प्रमुख बनाया गया है, वह 1985 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं।

उन्होंने कहा कि हनीट्रैप मामले की जांच को लेकर सूबे के आला पुलिस अफसरों में कोई टकराव नहीं है। बच्चन ने कहा कि हम दूध का दूध और पानी का पानी करते हुए मामले में शामिल सभी लोगों और षड़यंत्रकारियों के नामों का बहुत जल्द खुलासा करेंगे।

इंदौर नगर निगम के एक आला अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने 19 सितंबर को हनीट्रैप गिरोह का औपचारिक खुलासा किया था। गिरोह की पांच महिलाओं और उनके ड्राइवर को भोपाल और इंदौर से गिरफ्तार किया गया था। जांचकर्ताओं को संदेह है कि इस गिरोह ने महिलाओं का इस्तेमाल कर राजनेताओं और नौकरशाहों समेत कई रसूखदारों को भी जाल में फंसाया था और इन लोगों से धन उगाही के अलावा अपनी अलग-अलग अनुचित मांगें जबरन मनवाई थीं। गिरोह पर आरोप है कि वह खुफिया कैमरों से अंतरंग पलों के वीडियो बनाकर अपने 'शिकार' को इस आपत्तिजनक सामग्री के बूते ब्लैकमेल करता था।

जम्मू के जाने-माने दस मुसलिम चेहरे भाजपा में शामिल

जम्मू, 2 अक्तूबर (भाषा)।

यहां के दस प्रमुख मुसलमान अपने समर्थकों के साथ भाजपा के राज्य महासचिव युद्धवीर सेठी की मौजूदगी में मंगलवार को पार्टी में शामिल हो गए।

भाजपा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में सामाजिक कार्यकर्ता व सेवानिवृत्त शिक्षक गुलाम कादिर शेख, अली मोहम्मद, साहिब अहमद, परिवहन अध्यक्ष व पीडीपी के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मीर, पंचायत सदस्य मंजूर अहमद, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद मुश्ताक, सद्दाम भट्ट, जमाल दीन, रियाज अहमद और अन्य शामिल हैं।

सेठी ने पार्टी मुख्यालय में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा 'सच्ची धर्मनिरपेक्ष पार्टी' है जो तुष्टिकरण की राजनीति करने के बजाय प्रत्येक समुदाय की आकांक्षाओं का खयाल रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरेक समुदाय और क्षेत्र के विकास का भरोसा दिलाया है।

गांधी जीवित होते तो अनुच्छेद 370 पर कश्मीर यात्रा की घोषणा कर देते : दिग्विजय

इंदौर (मध्य प्रदेश), 2 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अगर महात्मा गांधी जीवित होते तो राज्य से विशेष दर्जा वापस लेने के दिन ही दिल्ली से श्रीनगर तक यात्रा की घोषणा कर देते।

दिग्विजय ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'जिस दिन संसद में (जम्मू-कश्मीर से जुड़ा) अनुच्छेद 370 हटाया गया, उस दिन अगर महात्मा गांधी जिंदा होते, तो वह उसी दिन दिल्ली के लाल किले से श्रीनगर के लाल चौक की अपनी यात्रा की घोषणा कर देते।' 72 वर्षीय राज्यसभा सदस्य ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी हमेशा कहते थे कि कश्मीर समस्या का हल जम्हूरियत (लोकतंत्र), कश्मीरियत और इंसानियत से मिल सकता है। लेकिन मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इन तीनों सिद्धांतों को विदा देकर अटलजी की इस विचारधारा को समाप्त कर दिया।' दिग्विजय ने पाकिस्तान में बहुसंख्यकों के अतिवाद से हालात बिगड़ने का हवाला देते हुए कहा कि मुसलिमों के चरमपंथीकरण की तरह हिंदुओं को भी चरमपंथी विचारधारा की ओर धकेलना खतरनाक है।

आंदोलनकारियों की इच्छा के अनुरूप राज्य बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : रावत

देहरादून, 2 अक्तूबर (भाषा)।

उत्तराखंड निर्माण में आंदोलनकारियों के संघर्ष व बलिदान का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को कहा कि उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में रामपुर तिराहा कांड की बरसी पर वहां शहीद स्मारक पर शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, 'शहीद राज्य आंदोलनकारियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य बनाएं।' यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य आंदोलन के दौरान संघर्ष की विभिन्न घटनाओं और उनमें प्राण न्योछावर करने वाले आंदोलनकारियों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सितंबर, 1994 को खटीमा में पहली घटना घटी। उसमें भवान सिंह, प्रताप सिंह, धर्मानंद भट्ट सहित छह लोग शहीद हुए।

रावत ने कहा कि इसके बाद दूसरी घटना मसूरी में हुई जहां मदन मोहन मंगल, धनपत सिंह, बेलमती चौहान, हंसा धनई, बलवीर सिंह नेगी व पुलिस के सीओ उमाकांत त्रिपाठी शहीद हुए।

कांग्रेस नेता के भाई ने आतंकवादियों के साथ संबंधों से इनकार किया

कहा, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए तैयार

जम्मू, 2 अक्तूबर(भाषा)।

आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ कथित संबंधों को लेकर गिरफ्तारी का सामना कर रहे, जम्मू कश्मीर कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के भाई मोहम्मद शफी सरूरी ने बुधवार को इन आरोपों को खारिज करने के साथ ही दावा किया कि उनके खिलाफ मामला राजनीति से प्रेरित है।

कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री गुलाम मोहम्मद सरूरी के भाई शफी सरूरी ने एक बयान में आरोप लगाया कि उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का मकसद उनकी तथा उनके परिवार की छवि खराब करना है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए तैयार हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच होने पर सचाई सामने आएगी।

शफी सरूरी उन दर्जनों लोगों में शामिल हैं जिनके खिलाफ जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ कथित संबंधों को लेकर दो एफआइआर दर्ज की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह दर्ज दो एफआइआर में से छह लोगों को एक एफआइआर के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। कांग्रेस नेता के भाई समेत छह अन्य लोग फरार हैं और उन्हें पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पेशे से कारोबारी और पूर्व सरपंच सरूरी ने कहा कि पिछले साल तक वह सुरक्षित लोगों की श्रेणी में थे लेकिन पिछली सरकार द्वारा उन्हें मुहैया कराई गई सुरक्षा वापस ले ली गई। उन्होंने यहां एक बयान में कहा, 'एफआइआर नंबर 229/2019 में मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों का मैं मजबूती के साथ खंडन करता हूं।' उन्होंने कहा कि पिछले छह सालों में उन्हें तथा उनके परिवार को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा है। क्योंकि उनकी पत्नी कैंसर से जूझ रही हैं और उसके इलाज के लिए उन्हें राज्य से बाहर जाना पड़ता है। सरूरी ने कहा, 'किश्तवाड़ पुलिस जिस मकान को आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने का दावा कर रही है, उसे परिवार सालों पहले खाली कर चुका है। पिछले छह सालों में इस मकान में गैर मुसलिम किरायेदार और पुलिसकर्मी ही रहते आए हैं।'

अधिकारियों का कहना है कि एफआइआर के अनुसार, शफी तथा पांच अन्य लोगों मसूद अहमद मट्टू, मोहम्मद मुजफ्फर शाह, गुलाम मोहम्मद, तौसीफ अहमद गांदना तथा सैयद अहमद पर आरोप है कि इन्होंने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादियों को अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए आवास और वाहन मुहैया कराया।

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I Amandeep D/o Baldev Singh R/o- RZ-B-133, B-Block, Narsingh Garden, New Delhi have changed my name to Amandeep Kaur. 0040514795-3

I Anita Saxena W/O Sanjay Saxena R/O-F-2/17, Sector-15, 2nd Floor Block-F, Rohini Delhi-110089. have changed my name to Anit Rani. 0040514795-4

I Vandana Sharma W/O Krishan Gopal Sharma R/O of H.No.615 FF Sec-69 Mohali shall henceforth be known as Vandana affidavit no AH 901986 sworn before notary Vinod Kumar dated 27.09.19 0050156161-2

I, Shabbir Ahmad S/o Mr. Abul Hasan R/o H. No.23, Jogabai, Okhla, New Delhi-110025 have changed my name from Ahmad Shabbir to SHABBIR AHMAD for all future purposes. 0040514685-1

I, Ravinder Kumar Kanojia, S/o Barphi Lal Kanojia R/o-21B-C5, B-Block, Janakpuri, Delhi-110058, have changed my name to Ravinder Kumar, permanently. 0040514795-2

I, Priyanka W/o Sumit malik R/o- Aq-3 BPTP PARK Sector-81 GF Faridabad Haryana have add surname to PRIYANKA GROVER permanently. 0040514795-1

I, Mohd yaseen s/o Mohd yameen R/o,A-60 sec-71 Noida district-Gautambuddh Nagar UP have changed my minor son's name 15 years old(30-7-2004)from Mohd ashad to asad yaseen permanently. 0040514790-1

I, Mohammed Magdum Ahmed, S/o Ahmed Ali R/o-House No.421, Block-B, Dakshinpuri, Dr.Ambedkar Nagar, New Delhi-110062, inform that the name of mine has been wrongly written as Mohd Magdoom Ahmed/ Mohd Magdum Ahmed/Mohd Makdoom in my Voter Card/EPIC/Ration Card/Water Connection/Electricity Connection respectively. The actual name of mine is Mohammed Magdum Ahmed, which may be ammended accordingly. 0040514795-5

I, Chander Mohan Singh Negi S/o Pan Singh Negi R/o F-4/28, Sector-15, Rohini, Delhi-110089, inform that my name wrongly mentioned in my son's (Abhijeet Negi) school record as Chander Mohan Negi. But my correct name is Chander Mohan Singh Negi. 0040514787-1

I, Balwinder Kaur W/o Davinder Kumar R/o WZ-G-9, Sant Nagar Extn., Tilak Nagar, New Delhi-110018, have changed my name to Balvinder Kaur for all purposes. 0040514649-1

I, Sushma Rani W/o Sanjay Bhalla R/o- A-58, Nanhey Park Matiala Delhi-110059 have Changed my Name to Sushma Bhalla 0040514619-1

CHANGE OF NAME
I, AKHILESH BALUNI, S/o KHUSHAL MANI BALUNI, residing at, B - 235 & 236, 2nd Floor, Ghaziabad, Uttar Pradesh, 201014, India, changed my name from AKHILESH to AKHILESH BALUNI vide affidavit dated 28.9.2019 sworn before Notary OM PRAKASH SINGH at GHAZIABAD. Henceforth, I shall be known as AKHILESH BALUNI for all purposes.

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री दलजीत सिंह सासन पुत्र श्री मोहिन्दर सिंह और श्रीमती मलनदीप पत्नी श्री दलजीत सिंह सासन, निवासी फ्लैट नंबर 2002, माहिदर अकार्टमेंट प्लीट नंबर 17, सेक्टर-12, द्वारका फेज-II, नई दिल्ली-110078 निर्मित ऊपरी भूतल, संपत्ति नं. जम्मू जेड-20 सी, खसरा नंबर 2 में से गली नंबर 11, गांव नांगली जालिब कॉलोनी में स्थित प्लॉट नंबर 31, कृष्णा पार्क, नई दिल्ली के रूप में जाना जाता है - 110018 (संपत्ति) के कानूनी मालिक श्रीमती गुरुशरण कौर, पत्नी श्री आर. एस. बिद्रा निवासी डब्ल्यूजेड-डी-38, गली नंबर 11, कृष्णा पार्क, नई दिल्ली-110018 रकम के एवज में खरीदने के इच्छुक हैं।
यदि किसी व्यक्ति का कथित सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर कोई अधिकार, हित, हक, दावा, अधिभार, किसी भी प्रकार का प्रभार है तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर दस्तावेजी प्रमाण के साथ नीचे दिये गये पते पर भेज सकता है और ऐसा नहीं करने पर यह माना जाएगा कि कथित सम्पत्ति किसी भी दावे, हित, प्रभार, अधिभार आदि से मुक्त है।
रवि समदेवा (अधिवक्ता)
जेआरएस एसोसिएट्स, बी-88, सैक्टर-40, नोएडा-201301, जिला-गौतम बुद्ध नगर (यूपी)

PUBLIC NOTICE
We, Vinod Narula and Preeti Narula, do hereby irrevocably, unconditionally and irreversibly declare and state that we DISOWNED and DISINHERITED our son Anuj Narula and his wife Bhavya Vats from all our movable and immovable properties with the effect from today.
Sd/-
ANAM SIDDIQUI
(Advocate)
D/6216/2018

"IMPORTANT"
Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

PUBLIC NOTICE
Public at large is hereby informed that my clients Sh. Rohtas Kumar S/o Sh. Suraj Bhan and his Wife Smt. Kamlesh Devi, Both R/o House No-67, Pocket-1, Sector-A6, Narela, North West Delhi-110040 had severed all their relations with their son Mr. Ashish Kumar Age 25 years and disowned him from all their movable and immovable properties on 22 June 2017 by public notice in Indian Express and Jansatta News Papers. Now my clients have cancelled their disown will/Statements and merged all the relations with his son Mr. Ashish Kumar and give him to all the inheritance rights.
The Legal Today, Law Firm
Ch. No.326, Civil Wing, Tis Hazari, N.Delhi-54

PUBLIC NOTICE
Be it known to all public in General that my client Mrs. Gulshan Mehra W/o Late Sh. Raj Kumar Mehra R/o 39-B, Maya Kunj, Maya Puri, New Delhi-64, have severed all relations with his Son Deepak Mehra & his wife Rita and debar them from all their moveable & immoveable properties. Anybody dealing with them in any manner shall do so at his/their own risk and responsibility/ consequences.
Heera Lal Dewan (Advocate)
D/951/2016, Bar Room No.1, Civil Side, Tis Hazari Courts, Delhi-54

The Indian EXPRESS Classifieds
EXPRESS EDUCATION

BHARTI CONCEPT MATHS by S.S. Bharti
SSC-T1 T2, Banking, CSAT & PCS & ALL GOVT. SERVICES
Batch Starts 3rd Oct. 2019
At 08:30am to 10:00am
For Online Class DOWNLOAD Bharti Learning App
DR. MUKHERJEE NAGAR, DELHI-9
9136335283, 09250291082

SYNERGY
AN INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES EXAMINATION
PUBLIC ADMINISTRATION
CLASSROOM PROGRAMME by M.K. MOHANTY
17 OCT. @ 11:00 AM
TOP SCORES FROM OUR FULL COURSE CLASSROOM PROGRAMME (EXCLUDING TEST SERIES & SIMILAR OTHER PROGRAMMES)
Marks 314/500 | Marks 310/500 | Marks 310/500
PRE CUM MAINS TEST SERIES 2020 FROM 3RD NOV. 2019
GS MAINS TEST SERIES 2020 FROM 3RD NOV. 2019
ADMISSIONS OPEN
Email: info@synergy.edu.in | Website: www.synergyraftar.com
Ph:- 011-25744391, 9870146185
16-A/2, Ist Floor, Ajmal Khan Road, W.E.A. Karol Bagh, New Delhi-05

LAW AMBITION LAW INSTITUTE
HURRY UP BEFORE THE BATCH GETS FULL!!!!!!!
LIMITED SEATS EVENING BATCH FOR JUDICIARY ASPIRANTS NOW AT MUKHARJI NAGAR ON CONSTANT AND INEVITABLE DEMAND OF THE ASPIRANTS.
BATCH STARTS 25 NOVEMBER TIME 3:30-7:30
DJS MAINS TEST SERIES
Just after test there will be discussion on answer
3 Oct. Civil Law-I | 5 Oct. Civil Law-II
7 Oct. Criminal Law | 9 Oct. G.K. & Language
REGISTRATION FREE
MUKHERJEE NAGAR: JUDICIAL FOUNDATION 17 OCT. WEEKEND 20 OCT. CLAT 5 OCT. 880066-0301 / 2130 / 0380
KAROL BAGH / PUSA ROAD: JUDICIAL 16 OCT. IAS (LAW) 14 OCT. CLAT 7 OCT. 880066-2140 / 011-49841810
B-10, 1st Floor, Above Maharashtra Bank, Mukherjee Ngr, Delhi -9
011-47532639 / 8800660301 Toll Free No. 1800-12000-2001
www.ambitionlawinstitute.com

Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

हमारी याद

राजघाट पर गांधी की150वीं जयंती कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ पार्टी नेता राहुल गांधी शामिल हुए। फोटो : अरुष चोपड़ा

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में दी बापू को श्रद्धांजलि

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

गांधी जयंती के मौक पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिडलान, समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम, पर्यावरण मंत्री इमरान हुसैन समेत बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक शामिल हुए। यह कार्यक्रम विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी के दांडी मार्च प्रतिमा पर आयोजित किया गया। इससे पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी को याद किया।

प्लास्टिक पर रोक के लिए भाजपा नेताओं ने लगाई दौड़

गांधी जयंती पर एक बार प्रयोग होने वाली प्लास्टिक व जनसंख्या नियंत्रण के लिए भाजपा नेताओं ने भी दौड़ लगाई। इस दौड़ का आयोजन कनॉट प्लेस में हुआ। इसकी

अगुआई भाजपा नेता विजय गोयल ने की। इस मुहिम को भाजपा ने स्वदेशी, अंहिसा और नशा मुक्ति की मुहिम से शुरू जोड़ा। इस 2.5 किलोमीटर की दौड़ में बड़ी संख्या में युवा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद अब 31 अक्तूबर तक प्रतिदिन एक दौड़ या पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार विजय गोयल ने मंडावली में भी एक अभियान की शुरुआत की।

एकल प्लास्टिक को तत्काल बंद करे दिल्ली सरकार : भाजपा

दिल्ली में एकल प्लास्टिक को बंद किया जाना चाहिए। यह मांग विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार से की है। उन्होंने कहा कि राजधानी को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए कानूनी रूप से प्रतिबंध लगना चाहिए। इस प्लास्टिक प्रयोग के इस्तेमाल को बंद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की है।

गांधी जयंती : सत्य और अहिंसा का संदेश

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर दिल्ली में कई कार्यक्रम आयोजत हुए। मुख्य कार्यक्रम का केंद्र यहां का राजघाट रहा लेकिन पूरी दिल्ली गांधीमय नजर आई। इस बाबत हुए आयोजनों ने साफ कर दिया कि डेढ़ सौ बरस बाद भी बापू की प्रासंगिकता बरकरार है। भारत और गांधी एक दूसरे के पर्याय हैं। कई संगठनों ने गांधीगिरी और स्वज्ञा से सरकार का ध्यान खींचा।

इस मौके पर स्वराज इंडिया ने रेलवे तो निजी सुरक्षाकर्मियों ने पार्कों में उनकी जगह डीजेआर सुरक्षा गार्ड योजना (पूर्व सैनिकों की पुनर्नियुक्ति) के फैसले को लेकर उपराज्यपाल अनिल बैजल का ध्यान खींचा। डीडीए की पार्कों में पूर्व सैनिकों की पुनर्नियुक्ति करने की योजना के खिलाफ 'पहले युवाओं को रोजगार फिर पेंशन पा रहे लोगों पर विचार' और 'पहले नियुक्ति फिर प्रतिनियुक्ति' के बैनर लगा कर सफाई की और डीजेआर सुरक्षा गार्ड योजना रद्द करने की मांग की। इनकी अगुआई कर रहे राजीव कुमार ने कहा कि डीजेआर सुरक्षा गार्ड में अवकाश प्राप्त लोग होते हैं। वे दूसरी आय के लिए दूसरी पारी वाली नौकरी के लिए आते हैं जबकि पहली प्राथमिकता युवकों को रोजगार की होनी चाहिए।

राजघाट से जिनेवा तक निकलेगी यात्रा

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक बनाने और पूरे विश्व को अहिंसा और शांति का संदेश देने के लिए 200 से ज्यादा आदिवासी और दलित कार्यकर्ता, लेखक, विचारक और प्रख्यात गांधीवादियों ने दो अक्तूबर को राजघाट से जिनेवा तक एक साल तक चलने वाले मार्च की शुरुआत की। एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक अनीश थिलेंकरी और गांधीवादी समाजिक कार्यकर्ता पीवी राजगोपाल के मुताबिक 15 हजार किलोमीटर की यह 'जय जगत 2020' यात्रा ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, ईरान, सेनेगल, स्वीडन और बेल्जियम समेत 10 देशों से गुजरेगी। साल भर चलने वाले गांधी यात्रा अभियान के दो घटक होगें। दो अक्तूबर को दिल्ली के राजघाट से शुरू हुई 121 दिनों की यात्रा भारत के 12 राज्यों से होते हुए अमदाबाद में खत्म होगी जबकि दूसरी यात्रा जो 244 दिनों की होगी। वह ईरान से शुरू होगी और अर्मेनिया, जोर्जिया सर्बिया, बोस्निया इत्यादि दस देशों से होती हुई 26 सितंबर, 2020 को जिनेवा में खत्म होगी। इसमें कई संगठन भाग ले रहे हैं।

अभ्यर्थियों का सफाई अभियान

गांधी जयंती पर स्वराज इंडिया ने रेलवे ग्रुप-डी की भर्ती से हजारों अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द किए जाने के खिलाफ रेल भवन जाकर सफाई अभियान चलाया 'युवा-हल्लाबोल' के बैनर तले जुटे आवेदकों को पुलिस मंदिर मार्ग थाने ले गई जहां से उन्हें छोड़ दिया गया। हल्लाबोल आंदोलन के रजत यादव ने कहा कि हम गांधीगिरी से सरकार का ध्यान खींचना चाहते हैं कि वो ग्रुप-डी भर्ती से लाखों आवेदन अस्वीकृत किए जाने के कारण तो बताएं। उनका दावा है कि इस परीक्षा के 5,48,829 अभ्यर्थियों को तस्वीर या हस्ताक्षर की त्रुटि पर भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है।

'रघुपति राघव राजा राम' की धुन पर निकली पदयात्रा में बार काउंसिल और युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जयबीर नागर की अगुआई में कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर नागर ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के शाश्वत सिद्धांतों को अपनाते हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया, जो आगे जाकर एक ऐसा जन आंदोलन बन गया। गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना, पर्यावरणविद् आरुषि निशंक ने 10 लाख से अधिक पेड़ लगाने के एक अभियान की शुरुआत दिल्ली के यमुनेश्वर घाट, रामघाट और यमुना बाजार घाट से की।

सबके गांधी

गांधी संदेश यात्रा में शामिल हुए युवा।

सिख सियासत में आई नई पंथक पार्टी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

बापू की 150वीं जयंती पर दिल्ली की सिख सियासत में बुधवार को एक नई पंथक पार्टी का नाम भी जुड़ गया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके ने गांधी जयंती पर इसकी घोषणा की। नई पार्टी 'जग आसरा गुरु ओट' (जागो) के नाम से जानी जाएगी। इस बात का ऐलान गुरु नानक देव खालसा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर हरमीत सिंह ने किया, जबकि हरमीत सिंह को पार्टी में शामिल होने का ऐलान सिख नेता बलबीर सिंह कोहली ने किया। गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा (पहाड़ी वाला) ग्रेटर कैलाश में हुए प्रभावशाली विशेष समागम के सैकड़ों संगतों की मौजूदगी में गुरुवाणी कीर्तन के बाद हुई अरदास में ग्रंथी साहिब ने पार्टी के नाम का ऐलान किया। मनजीत सिंह जीके को पार्टी का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया।

इस मौके पर जीके ने कहा कि पार्टी में युवा विंग, महिला विंग, धर्मप्रचार विंग तथा बुद्धिजीवी विंग के अध्यक्षों का नाम जल्द घोषित किया जाएगा, जबकि छात्रों के विंग की अध्यक्ष गुरु तेग बहादर खालसा कॉलेज छात्र संघ की अध्यक्षा तरणप्रीत कौर को बनाया गया है। संगठन की दृष्टि से दिल्ली कमेटी के 46 वार्डों को पांच जिलों में बांटा गया है।

जीके ने कहा कि नई पंथक पार्टी आगामी दिल्ली कमेटी का चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा-इस पार्टी का कोई भी सदस्य गुरुद्वारा चुनाव के इलावा सियासी चुनाव नहीं लड़ेगा। उनके कार्य श्रीगुरु ग्रंथ साहिब को समर्पित होंगे। अकाल तख्त साहिब पर राजनीतिक हस्तक्षेप को रोकना भी हमारे एजंडे में शामिल होगा।

निगम का प्लास्टिक के उपयोग पर पाबंदी का अभियान

उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति अध्यक्ष जय प्रकाश ने बुधवार को महात्मा गांधी जी की 150वी जयंती के अवसर पर दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपयोग पर पाबंदी लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत बाजारों में दुकानों पर जाकर व रैलियों के माध्यम से प्लास्टिक के बारे में क्या करें व क्या न करें के संदेश दिए गए। जय प्रकाश ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण बढ़ा रहा है जो स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है, जबकि उत्तरी दिल्ली के मेयर अवतार सिंह ने टाऊन हाल के समक्ष ऐतिहासिक आजाद पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सिंह ने कहा कि सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर चलते हुए राष्ट्रपति महात्मा गांधी ने अपने जीवन को इतना ऊंचा उठाया कि शब्दों में इसका वर्णन करना संभव नहीं है। गांधी जयंती पर सोशल एम्पावरमेंट विलेजर्स एसोसिएशन (सेवा) एवं मेडिसिनल प्लांट बोर्ड के सहयोग से बुधवार को आयुर्वेद से कायाकल्प विषय पर नर्सरी पार्क मयूर विहार फेस-दो में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यमुना सफाई कार्यक्रम

कश्मीरी गेट स्थित निगम बोध घाट के मोक्ष द्वार श्मशान भूमि पर नेहरू युवा केंद्र मध्य व उत्तरी पूर्व दिल्ली व प्रतिष्ठा युवा संगठन के संयुक्त प्रयास से महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर यमुना सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहयोग बड़ी पंचायत वैश्य बीसे अग्रवाल व नमामि गंगे परियोजना का रहा। इस मौके पर नमामि गंगे के एसएच सिंधु, विजय कुमार, नेहरू युवा केंद्र संगठन के वीरेंदर खत्री, श्याम सुंदर जोशी, जिला युवा समन्वयक के राजेश कुमार जादोन, निगम बोध घाट के मुख्य प्रबंधक सुमन कुमार गुप्ता, प्रतिष्ठा युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित कुमार भारतीय के साथ 200 युवा उपस्थित रहे। मोहित कुमार ने बताया कि संगठन समय-समय पर यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए श्रमदान के माध्यम से आम लोगों को इस अभियान से जोड़ने का कार्य कर रहा है जिससे लोग यमुना के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं और इसे स्वच्छ बनाएं।

प्लागिंग का आयोजन, सड़कें की गईं स्वच्छ

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिशन (आइपीसीए) और डाबर इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर लक्ष्मी नगर में प्लागिंग का आयोजन किया। प्लागिंग में दो किलोमीटर तक सड़क के दोनों ओर लोगों ने दौड़ने के साथ-साथ कचरा उठाया। प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्वी दिल्ली की मेयर अंजु, स्थायी समिति अध्यक्ष संदीप कपूर, नेता सदन निर्मल जैन और निगम आयुक्त डॉ दिलराज कौर ने पूर्वी निगम के 64 वार्डों से जमा किए गए प्लास्टिक कचरे को गाजीपुर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में समुचित निस्तारण के लिए भेजा।

मेयर अंजु कमलकांत ने कहा कि प्लास्टिक हमारे जल, थल और वायु को प्रदूषित कर रही है। प्लास्टिक को अपनी जीवनशैली से हटाना है ताकि हम पर्यावरण को बचा सकें। संस्था, समूह और व्यक्तिगत स्तर पर अगर हम प्लास्टिक के प्रयोग से बचें तो अच्छे परिणाम सामने होंगे।

उपराज्यपाल और पुलिस आयुक्त ने दौड़ लगाकर गांधी जयंती मनाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल और पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने बुधवार को गांधी जयंती पर दौड़ लगाकर प्लास्टिक की पाबंदी का संदेश दिया। राजघाट के पास स्थित गोल्डन जुबली पार्क के पास बुधवार सुबह बैजल और पटनायक अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ जमा हुए और दौड़ (प्लाग रन) में भाग लिया। इस अभियान में 400 कार्यकर्ताओं जिसमें दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों, आरडब्लूए और मार्केट संघ भी शामिल हुए। उपराज्यपाल ने कार्यकर्ताओं को प्लास्टिक के व्यवहार नहीं करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विशेष आयुक्त संजय सिंह, ताज हसन, मुक्तेश चंद्र, सुंदरी नंदा सहित अन्य आला पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

उधर शाम में गांधी जयंती पर ही पुलिस आयुक्त पटनायक ने जामिया मिल्लया इस्लामिया विश्वविद्यालय के सभागार में 'फिट हो इंडिया-स्वच्छ हो इंडिया' की शुरुआत की। दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिश्वाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में आरजे नावेद के साथ महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। शाम में यमुना नदी के किनारे धोबी घाट के पास पुलिस के युवा सदस्यों के साथ 500 कार्यकर्ताओं ने दौड़ लगाकर स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की।

पुलिस की गांधीगिरी : कपड़े की थैली बांटी

गांधी जयंती पर दिल्ली पुलिस ने गांधीगिरी दिखाते हुए सब्जी और फलों के ठेले समेत अन्य कई दुकानों पर विक्रेताओं को कपड़े की थैली दी। चोरी छिपे प्लास्टिक का प्रयोग करने वाले विक्रेताओं का चालान नहीं काटकर उन्हें जागरूक करने के लिए प्लास्टिक के बदले कपड़े की थैली भेंटकर एक अनूठी पहल की है। उधर महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर बुधवार को जनता दल (एकी) कार्यालय जंतर मंतर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी महेश, मिथलेश और आशीष ने गांधी और शास्त्री के विचार पर चलते हुए देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने की बात कही।

प्लास्टिक के दोबारा उपयोग के लिए मशीन का उद्घाटन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

उत्तरी दिल्ली के मेयर अवतार सिंह ने गांधी की 150वीं जयंती पर फतेहपुरी चौक पर प्लास्टिक संग्रह केंद्र और युद्धवीर सिंह पार्क चांदनी चौक में प्लास्टिक बोतल क्रशिंग व रिसाइक्लिंग मशीन का उद्घाटन किया। मौके पर स्थायी समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश और पार्षद रवींद्र कुमार मौजूद थे। सिंह ने कहा कि इस प्लास्टिक संग्रह केंद्र पर प्लास्टिक के समान मुख्यतया प्लास्टिक की थैलियां, बोतलों को कूड़े से अलग कर उन्हें दोबारा प्रयोग के लिए भेजने का कार्य किया जाएगा। साथ ही प्लास्टिक बोतल क्रशिंग व रिसाइक्लिंग मशीन प्लास्टिक की बोतल को कुचलेगी और फिर उसे रिसाइकल करेगी।

उन्होंने बताया कि नागरिक अपना मोबाइल नंबर मशीन में फीड करने के बाद प्लास्टिक की बोतल को कुचलने वाली की मशीन में डाल सकते हैं, प्रत्येक बोतल के लिए नागरिकों को अपने मोबाइल नंबर पर कुछ अंक प्राप्त होंगे जिन्हें विभिन्न माध्यमों से भुनाया जा सकेगा है।

'इंडिया विद बिहार' के जरिए होगी बाढ़ पीड़ितों की मदद

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

बिहार में बाढ़ से बिगड़ रहे हालात में पीड़ितों की मदद के लिए गांधी जयंती पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगे आई है। बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने 'इंडिया विद बिहार' मुहिम की शुरुआत की। इसके माध्यम से बाढ़ पीड़ितों के लिए दिल्ली वालों से राहत सामग्री व सहायता राशि जुटाई जाएगी और उसे बिहार प्रशासन को भेजा जाएगा।

मनोज तिवारी ने कहा कि आज बिहार बाढ़ के खतरे से जूझ रहा है। बिहार में खाना, पानी, दवा, दूध, कपड़े समेत अन्य आवश्यक चीजों की जरूरत है। दिल्ली वालों को बिहार के लोगों से जोड़ने के लिए यह पहल शुरू की गई है। यह एक ग्लोबल फंड रेजिंग अभियान के रूप में होगा। इसका उद्देश्य हर खास और आम का बिहार की जनता के साथ खड़ा होना है। उन्होंने बताया कि पार्टी की तरफ से पूर्व विधायक कपिल मिश्र और विकास पांडे इस

अभियान के लिए काम करेंगे। इस समय बिहार का करीब 80 फीसद तक क्षेत्र पानी में डूबा हुआ है। घर, अस्पताल व स्कूलों तक में पानी है। इस बाढ़ की वजह से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। इसलिए सभी को इस मुहिम से जुड़ने की जरूरत है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़ें और अधिक से अधिक सहायता उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि इस सहायता राशि को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए भेजा जाएगा।

डेनमार्क पर्यावरण सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

जल वायु संकट पर डेनमार्क के कोपेनहेन में होने वाले वर्ल्ड समिट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल होंगे। यह सम्मेलन 9-12 अक्तूबर को होगा और इसमें दुनिया में हो रहे जल वायु संकट पर मंथन होगा। इस सम्मेलन में पेरिस, लॉस एंजिल्स और बर्लिन शहर के नेता भी शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि सम्मेलन में दुनिया भर के देश जल वायु परिवर्तन व प्रदूषण पर एक दीर्घकालीन योजना तैयार करेंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न देशों में प्रदूषण को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी देंगे।

दुनिया भर में प्रदूषण के खिलाफ लड़ने के लिए एक सी40 ग्रुप है, जो दुनिया भर के 94 देशों का घेरता है। इसके माध्यम से स्वच्छ वायु की प्रतिबद्धता के प्रति देशों को सचेत किया जाएगा। इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बिजली के क्षेत्र में उठाए गए कदम की जानकारी देंगे। बिजली की बेहतर व्यवस्था की बदौलत दिल्ली को जनरेटर से मुक्ति मिली है और सरकार ने दो थर्मल प्लांट भी बंद किए हैं। इसके अतिरिक्त लगातार दिल्ली में हरियाली भी बढ़ रही है। पर्यावरण मंत्री कैलाश गेहलोत ने बताया कि वे दुनिया के सामने पर्यावरण के क्षेत्र में दिल्ली की सफलता की कहानी को पेश करेंगे।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण के सुधार के लिए दिल्ली में सम विषम व्यवस्था और इसके सफल आयोजन की कहानी भी दुनिया को बताई जाएगी। इससे पूर्व हुए सम्मेलन में इस पहल को लेकर दुनिया भर के देशों के बीच काफी चर्चा थी और इस पसंद भी किया गया था।

इस दौरान मुख्यमंत्री एशियन मेयर और सिटी लीडर्स कम कार्बन समावेशी विकास बैठक नाम शिखर सम्मेलन के दौरान विशिष्ठ वक्ता भी होंगे।

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	33.5 डि.से.	33.5 डि.से.	33.0 डि.से.	34.0 डि.से.
न्यूनतम	23.4 डि.से.	23.4 डि.से.	23.0 डि.से.	23.6 डि.से.

रागिनी गायिका हत्याकांड

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बदमाश

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 अक्तूबर।

मित्रा सोसायटी में मंगलवार रात रागिनी गायिका सुषमा नेकपुर की गोली मारकर हत्या के मामले में थाना बीटा-टू पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं। हत्याकांड को अंजाम देने वाले दोनों बदमाश करीब 20 मिनट पहले ही सोसायटी में आकर छिपे थे। हेलमेट पहने बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। वहीं, हत्याकांड के बाद एसएसपी बुलंदशहर संतोष कुमार ने नई मंडी चौकी प्रभारी राजीव कौशिक को निलंबित कर दिया है। 19 अगस्त को गायिका पर बुलंदशहर में भी हमला हुआ था। इस मामले की जांच राजीव कौशिक कर रहे थे।

बुलंदशहर के कस्बा जहांगीरपुर की रहने वाली रागिनी गायिका सुषमा का चार साल पहले पति से तालाक हो गया था। बताया गया है कि पति के शराब पीने की लत से परेशान होकर उन्होंने तलाक लिया था। वह फिलहाल गजेंद्र भाटी नाम के व्यक्ति के साथ ग्रेटर नोएडा की मित्रा सोसायटी में सहजीवी के रूप में रहती थी।

- बुलंदशहर एसएसपी ने नई मंडी चौकी प्रभारी को निलंबित किया
- 19 अगस्त को भी मृतका पर हुआ था हमला, नई मंडी चौकी प्रभारी कर रहे जांच
- वारदात के समय मृतका समेत बहन, चालक समेत एक छात्रा थी मौजूद, चार गोलियां चलाई गईं

19 अगस्त को हुए हमले की जांच की स्थिति जानने के लिए सुषमा मंगलवार को बुलंदशहर गई थी। वहां से वापस ग्रेटर नोएडा पहुंची तो सोसायटी में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में पुलिस को पता चला है कि 19 अगस्त को सुषमा को बुलंदशहर में एक रागिनी कार्यक्रम में जाना था। वहां वह देर से पहुंची थी। इस दौरान उन पर हमला हो गया। हमले को लेकर प्रमोद नाम के व्यक्ति के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज है। लेकिन बुलंदशहर पुलिस ने अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। जांच के दौरान पुलिस ने सुषमा के साथ रह रहे सहजीवी के रूप में रह रहे गजेंद्र भाटी से भी पूछताछ की है। इसके अलावा कई अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है। एसएसपी वैभव कृष्ण के मुताबिक हत्याकांड में शामिल आरोपियों के संबंध में अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश कर देगी।

बताया गया है कि मृतका की कई लोगों से रंजिश चल रही थी। मृतका ने पूर्व पति संदीप कौशिक के खिलाफ भी मामला दर्ज करा रखा है। साथ ही गांव में जमीन को लेकर भी कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे हुई वारदात के समय सुषमा की बहन सोना, छात्रा वैशाली और चालक सचिन ब्रीजा कार से आए थे। सोना के मुताबिक बदमाशों ने चार गोलियां चलाई थी। हेलेमेट पहने बदमाशों की मोटरसाइकिल का नंबर उन्होंने देख लिया था। गोली लगते ही सुषमा को पास के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

कांस्टेबल ने साथियों का एचआरए एरियर पत्नी के खाते में डाला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल का कारनामा सामने आया है। कारनामा ऐसा है कि पुलिस अधिकारियों के भी होश उड़ गए हैं। आरोपी कांस्टेबल ने अपने 24 साथियों के एचआरए एरियर सीधे बैंक के ईसीएस से अपनी पत्नी के खाते में डाल दिए। आरोपी कांस्टेबल अनिल कुमार को आर्थिक अपराध शाखा ने बुधवार सुबह गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, हरियाणा के झज्जर के तेह बहादुरगढ़ के मुंकुदपुर का रहने वाला अनिल कुमार इस समय बाहरी जिला के एकाउंट शाखा में तैनात है। उसने धोखाधड़ी से 24 कांस्टेबलों के एचआरए एरियर के 19.44 लाख रुपए एक्सिस बैंक के मार्फत ईसीएस कर सीधे अपनी पत्नी के खाते में डाल दिया था। मामला आर्थिक अपराध शाखा के जिम्मे आया तो जांच शुरू हुई और फिर मंगलवार को धारा 420, 409 और 120 के तहत मामला दर्ज किया गया और बुधवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

एक्वा मेट्रो स्टेशन पर प्लास्टिक के बदले में मिलेगा जूट का थैला

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 अक्तूबर।

एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर प्लास्टिक की थैलियां या बोतल देने पर मुसाफिरों को जूट का थैला देने की अनूठी पहल नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने शुरू की है। इसके लिए एक्वा लाइन के पांच मेट्रो स्टेशनों पर विशेष बूथ बनाए गए हैं। एनएमआरसी के सेक्टर-51 स्थित मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को प्लास्टिक कचरा निस्तारण मशीन की भी शुरुआत की गई। यह मशीन प्लास्टिक की थैलियों व बोतलों का निस्तारण करेगी। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन के तहत एनएमआरसी को सबसे स्वच्छ संस्थान के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के सचिव डीएस मिश्रा ने यह सम्मान दिया। इस श्रेणी में तमाम अस्पताल, होटल, स्कूल, आरडब्लूए और बाजार एसोसिएशनों ने प्रतिभाग किया था। प्लास्टिक के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए एनएमआरसी ने बोतल व थैलियों के बदले थैला देने की मुहिम शुरू की है। एक्वा लाइन के सेक्टर-51, 76, 142, नॉलेज पार्क-2 और परी चौक मेट्रो स्टेशनों पर 20 प्लास्टिक की थैलियां या 10 प्लास्टिक की बोतल (एक लीटर) देने पर एक जूट का थैला दिया जाएगा। बुधवार से शुरू हुई इस मुहिम के तहत कई मुसाफिरों ने एकल इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक थैले प्राप्त किए। एनएमआरसी अधिकारियों के मुताबिक प्लास्टिक के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए एक और योजना पर काम किया जा रहा है, जहां प्लास्टिक की बोतल या अन्य उत्पाद मशीन में डालने पर एक खरीदारी का कूपन मिलेगा। इस कूपन से चुनिंदा दुकानों या बाजारों में खरीदारी की जा सकेगी। विश्व के कई देशों में यह प्रयोग सफलतापूर्वक चल रहा है।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर डिजिटल प्रदर्शनी की फोटो लेते दर्शक।

हवाई अड्डे पर चार कारतूस के साथ पकड़ा गया युवक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

इंदिरा गांधी दिल्ली हवाईअड्डे पर बुधवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने 68 साल के एक यात्री को अपने सामान में चार कारतूस रखने के आरोप में पकड़ लिया। यात्री की पहचान ध्यान चंद के तौर पर हुई है जो स्पाइस जेट के विमान से बेंगलुरु जाने वाला था।

यात्री को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर सुरक्षाकर्मियों ने पूछताछ के लिए रोका, जिसके बाद सीआइएसएफ के अधिकारियों ने यात्री को पुलिस के हवाले कर दिया और मामले की जांच जारी है।

फर्जी वीजा के साथ दंपति गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

सीआइएसएफ ने ही फर्जी वीजा से यात्रा करने वाले एक दंपति को साथ गिरफ्तार किया है। उनके साथ एक नवजात बच्चा भी था। चीन की एक फ्लाइट से दिल्ली आई सिमरनजीत कौर और सुरेंद्र सिंह को टर्मिनल तीन पर जांचा गया तो वीजा में कुछ संदेह पाया गया।

कचरा उठाते छोटे बच्चों को देख राहगीर भी स्वच्छता मुहिम में हुए शामिल

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 अक्तूबर।

एक्वा लाइन के मेट्रो स्टेशनों पर प्लास्टिक की थैलियां या बोतल देने पर मुसाफिरों को जूट का थैला देने की अनूठी पहल नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने शुरू की है। इसके लिए एक्वा लाइन के पांच मेट्रो स्टेशनों पर विशेष बूथ बनाए गए हैं। एनएमआरसी के सेक्टर-51 स्थित मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को प्लास्टिक कचरा निस्तारण मशीन की भी शुरुआत की गई। यह मशीन प्लास्टिक की थैलियों व बोतलों का निस्तारण करेगी। वहीं, स्वच्छ भारत मिशन के तहत एनएमआरसी को सबसे स्वच्छ संस्थान के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के सचिव डीएस मिश्रा ने यह सम्मान दिया। इस श्रेणी में तमाम अस्पताल, होटल, स्कूल, आरडब्लूए और बाजार एसोसिएशनों ने प्रतिभाग किया था।

प्लास्टिक के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए एनएमआरसी ने बोतल व थैलियों के बदले थैला देने की मुहिम शुरू की है। एक्वा लाइन के सेक्टर-51, 76, 142, नॉलेज पार्क-2 और परी चौक मेट्रो स्टेशनों पर 20 प्लास्टिक की थैलियां या 10 प्लास्टिक की बोतल (एक लीटर) देने पर एक जूट का थैला दिया जाएगा। बुधवार से शुरू हुई इस मुहिम के तहत कई मुसाफिरों ने एकल इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक थैले प्राप्त किए।

एनएमआरसी अधिकारियों के मुताबिक प्लास्टिक के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए एक और योजना पर काम किया जा रहा है, जहां प्लास्टिक की बोतल या अन्य उत्पाद मशीन में डालने पर एक खरीदारी का कूपन मिलेगा। इस कूपन से चुनिंदा दुकानों या बाजारों में खरीदारी की जा सकेगी। विश्व के कई देशों में यह प्रयोग सफलतापूर्वक चल रहा है।

खबरों में शहर

कबाड़ गोदाम में भीषण आग, जानी नुकसान नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

नरेला औद्योगिक इलाके के एक कबाड़ गोदाम में मंगलवार देर रात करीब 12 बजे आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसे बुझाने के लिए दमकल की गाड़िया बुधवार सुबह तक मशक्कत करती रही।

तीन सौ वर्ग मीटर के इस गोदाम में नीचे से ऊपर तक आग फैल गई थी जिससे आसपास के लोगों में हडकंप मच गया। हालांकि दमकल की पांच गाड़ियों ने आग बुझा ली और इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

प्लास्टिक के खिलाफ अभियान

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 अक्तूबर।

नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 के तहत एकल इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक के खिलाफ प्लॉग रन का आयोजन किया, जिसमें 100 स्थानों पर 21308 लोग सड़क पर उतरे। उन्होंने 20 टन प्लास्टिक कचरा एकत्र किया। इसे प्राधिकरण ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट ओखला को सौंप दिया।

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, तीन घायल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

सिविल लाइन इलाके में बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना में तीन कारें आपस में टकरा गईं। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अवैध पटाखे जब्त

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

दिल्ली में प्रतिबंध किए जाने के बाद भी दिवाली से पहले ही पटाखे जमा किए जाने लगे हैं। मंगलवार दोपहर बिंदापुर थाना पुलिस ने 146 किलोग्राम पटाखे जब्त कर एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी दीपक कुमार ने अपने गोदाम में अवैध रूप से पटाखे रखे हुए थे। दीपक कट्टे में पटाखे भरकर ला रहा था तभी पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मिलाप नगर इलाके में मकान नंबर जी-15 के गोदाम में पटाखे जमा कर रखे हैं। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर छापा मार कर 146 किलोग्राम पटाखे जब्त कर लिए।

आज के कार्यक्रम

सभा संगोष्ठी

इंडिया हेबीटाट सेंटर : तकनीकी पर टेरी-हेबिटाट व्याख्यान, काजुरिना सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

स्वस्थ भारत और दिल्ली पत्रकार संघ : स्वास्थ्य पत्रकारिता : दशा और दिशा पर संगोष्ठी, गांधी शांति प्रतिष्ठान, आइटीओ, शाम छह बजे।

विविध

इंडिया हेबीटाट सेंटर : नृत्य, स्टेन सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

बिरला मंदिर : तेजोबिंदु उपनिषद पर व्याख्यान, गीता भवन, बिरला मंदिर, मंदिर मार्ग, सुबह सात बजे से, छह अक्तूबर तक।

जीजा के भाई पर छात्रा से बलात्कार का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

द्वारका इलाके में उत्तर प्रदेश से अपनी बहन के घर आई एक छात्रा के साथ उसके जीजा के भाई ने बलात्कार किया। आरोपी ने किशोरी के कुछ फोटो खींच लिए और किसी को बताने पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता के गर्भवती होने पर परिजनों को जानकारी हुई और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता परिवार के साथ उत्तर प्रदेश में रहती है। पीड़िता दसवीं की छात्रा है। करीब दो महीने पहले किशोरी द्वारका में बहन के घर रहने के लिए आई थी। वहां एक दिन उसके जीजा का भाई उससे मिलने के लिए आया। उस समय पीड़िता की बहन और जीजा घर में नहीं थे। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने किशोरी से बलात्कार किया। इस दौरान उसने किशोरी के फोटो भी खींच लिए। आरोपी ने पीड़िता को घटना के बारे में किसी को बताने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता अपने घर लौट गई। शनिवार रात को पीड़िता की तबीयत खराब हुई तो परिजन उसे अस्पताल ले गए।

डॉक्टर ने बताया कि वह गर्भवती है। परिजनों को पूछताछ के बाद पीड़िता ने आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों ने दिल्ली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। रविवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 अक्तूबर।

थाना सेक्टर-49 पुलिस ने बुधवार को अपनी मुंहबोली बहन से बलात्कार करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बलात्कार करना कबूल किया है।

थाना सेक्टर-49 के एसएचओ धर्मेंद्र शर्मा के मुताबिक रोहित सूद ने एक सप्ताह पहले अपनी मुंह बोली नाबालिग बहन से अपने घर पर बलात्कार किया था। इस मामले में पीड़िता ने थाना में आरोपी के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया था। घटना की जांच कर रही पुलिस ने बुधवार दोपहर को आरोपी रोहित सूद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बलात्कार की बात स्वीकार की है। कुछ समय पूर्व पीड़िता का अपनी मां से विवाद होने के बाद वह घर छोड़कर नोएडा भाग आई थी और अपने मुंह बोले भाई रोहित के घर पर रहने लगी थी। नोएडा आने के दो दिन बाद ही रोहित ने वारदात को अंजाम दिया।

मेट्रो स्टेशन से बिजली का तार चुराने वाले छह गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 2 अक्तूबर।

थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मेट्रो स्टेशन से बिजली के तार चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के छह बदमाशों को मंगलवार देर रात करीब दस लाख रुपए के चोरी के बिजली तार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सेक्टर-71 से परी चौक जाने वाले मेट्रो लाइन से बिजली का तार चोरी करने की फिराक में थे। पुलिस रात करीब 11 बजे क्षेत्र में गश्त लगा रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि मेट्रो स्टेशन से बिजली का तार चोरी करने वाले गिरोह के कुछ बदमाश सेक्टर 71 से परी चौक जाने वाली मेट्रो लाइन पर वारदात करने की फिराक में हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को मेट्रो लाइन के खंबा संख्या 25 और 26 के बीच तार चोरी की कोशिश करते हुए देखा। पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान गाजियाबाद निवासी शहनवाज, हाजी अजीम, दिल्ली के संगम बिहार में रहने वाले मोहम्मद आलम, असलम व जसोला निवासी सुमित और बागपत के जावेद के रुप में हुई। आरोपियों से साढ़े तीन क्विंटल बिजली का केबल, एक बलेनो कार, एक लोहे का कटर, तीन लोहा काटने वाले ब्लेड, एक रस्सा और एक लोहे का हुक बरामद किया है। आरोपियों से बरामद किए बिजली केबल की बाजार कीमत करीब 10 लाख रुपए हैं।

विधानसभा चुनाव लड़ चुके वीरेंद्र मान की हत्या का मिला सीसीटीवी फुटेज

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

नरेला से विधानसभा चुनाव लड़ चुके वीरेंद्र मान की हत्या के मामले में सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में दिख रहा है कि सुबह दस बजे नरेला में वीरेंद्र मान अपनी कार से चौराहे पर आए तभी तीन-चार हमलावर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। वारदात में वीरेंद्र मान को 26 गोलियां लगी थीं। यह वारदात आठ सितंबर की है।

हत्या की इस वारदात में फरार बदमाश जितेंद्र गोगी का नाम सामने आया है। उसके ऊपर पांच लाख का इनाम घोषित है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जितेंद्र गोगी के गुर्गे कपिल को गिरफ्तार कर गोगी की तलाश शुरू कर दी है। कपिल गोगी गिरोह का शार्पशूटर है। उसके ऊपर आठ संगीन मामले पहले से दर्ज हैं। मान भी नरेला इलाके का घोषित बदमाश था जो एक राजनीतिक दल से विधानसभा चुनाव लड़ चुका था।

पुलिस के मुताबिक 2018 में कपिल के चाचा बबलू की हत्या अशोक विहार में की गई थी। हत्या के आरोप में प्रवेश नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में वीरेंद्र ने प्रवेश की काफी मदद की थी और उसे अपनी गाड़ी भी दी थी। इसी बात से कपिल नाराज था। कपिल और वीरेंद्र दोनों ही खेड़ा गांव के रहने वाले हैं।

दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'संतोषजनक'

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बुधवार को 'संतोषजनक' श्रेणी पर रही, लेकिन हवा का रुख शुक्रवार को उत्तर पश्चिम दिशा की ओर होने जा रहा है जिससे हवा की गुणवत्ता गिरकर 'मध्यम' श्रेणी पर आने की आशंका है। पश्चिमी और उत्तर पश्चिमी हवाएं पश्चिमी क्षेत्र से धूल और धुआं लाती हैं जो पड़ोसी राज्य पंजाब, हरियाणा में फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने से निकलता है। केंद्र संचालित 'एअर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च' (सफर) ने कहा कि हवा की दिशा में परिवर्तन हो भी जाए तो भी दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पर कम से कम एक सप्ताह तक कोई खास असर नहीं होगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और सफर ने बुधवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 'संतोषजनक' श्रेणी में क्रमशः 90 और 71 दर्ज किया।

'वायलेट लौ' पुस्तक का विमोचन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

ब्लू रोज पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित एलिजाबेथ क्लेयर प्रॉफैट की पुस्तक 'वायलेट लौ' पुस्तक का विमोचन किया गया। इस मौके पर कई वरिष्ठ गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लेखिका ने बताया कि 'वायलेट लौ' में उन लोगों की प्रेरणादायक कहानियां शामिल हैं जिन्होंने अपने जीवन को बदलने के लिए 'वायलेट लौ' का उपयोग किया। इस पुस्तक से हमारे अंदर सकारात्मक बदलाव आते हैं। लेखिका एलिजाबेथ ने बताया कि इस पुस्तक में दी गई व्यावहारिक तकनीक के द्वारा आप अपने तन के समस्त रोगों का इलाज कर सकते हैं।

किसानों की मांगें पूरी करे सरकार : भाकियू

गाजियाबाद, 2 अक्तूबर (जनसत्ता)।

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) से जुड़े हजारों किसान यूपी गेट पर किसान क्रांति दिवस की वर्षगांठ मनाते हुए दिल्ली की सत्ता को संदेश देकर वापस लौट गए। किसानों की इस महापंचायत में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों की संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में पहुंचे थे।

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि दिल्ली की सत्ता किसानों की जल्द मांग पूरी करे अन्यथा किसान दिल्ली को घेरने का काम करेंगे।

यूपी गेट फ्लाईओवर के नीचे किसानों ने महापंचायत का आगाज करते हुए यूपी गेट से होते हुए दिल्ली में प्रवेश करने के बाद करीब एक किलोमीटर शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च करने के बाद वापस लौट गए।

पर्यावरण संरक्षण के गांधी विश्वगुरु थे : जयराम

कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर्यावरण संरक्षण के विश्वगुरु थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर एफ्को की ओर से यहां आयोजित व्याख्यान माला के अंतर्गत गांधी दर्शन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि विश्व में पर्यावरण के लिए जितने भी आंदोलन हुए हैं या हो रहे हैं, उन सभी आंदोलनों में गांधी के विचार ही परिलक्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी का जीवन पर्यावरण संरक्षण का सर्वोत्तम उदाहरण है। जयराम ने कहा कि गांधी जी ने वैसे तो पर्यावरण के लिए कोई पुस्तक नहीं लिखी है और न ही ऐसा कोई पत्र है। लेकिन उनका जीवन अपने आप में पर्यावरण संरक्षण की एक मिसाल कहा जा सकता है।

राजनेताओं ने दी बापू को श्रद्धांजलि

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सोनिया व राहुल ने पुष्पांजलि अर्पित की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने राजघाट स्थिति उनकी समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश मानवता के प्रति गांधी के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 'हम उनके सपनों को साकार करने और एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए लगातार कड़ा परिश्रम करने का संकल्प लेते हैं।

मोदी ने गांधी पर एक छोटा वीडियो भी ट्वीट किया जिसके जरिए बताया कि बापू का शांति संदेश वैश्विक समुदाय के लिए अब भी प्रासंगिक है। प्रधानमंत्री ने उन सात बुराइयों का जिक्र किया जिनसे गांधी ने बचने को कहा था। इनमें बिना काम किए अर्जित संपत्ति, अंतरात्मा के बिना उपभोग, चरित्र के बिना अर्जित ज्ञान, नैतिकता बिना व्यापार/व्यवसाय, मानवता से रहित विज्ञान, त्याग बिना धर्म और सिद्धांत विहीन राजनीति शामिल हैं। उपराष्ट्रपति ने ट्वीट किया, 'हम महात्मा गांधी को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हैं। आइए हम दैनिक जीवन में गांधीवादी सिद्धांतों को लागू कर जीवन में बदलाव लाने का प्रयास

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी बापू की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने इस मौके पर गांधी संदेश यात्रा की अगुआई की। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से राजघाट तक निकाली गई इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। राजघाट पर पहुंचकर लह पदयात्रा सभा में तब्दील हो गई। करें।

राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते सोनिया- राहुल सहित अन्य नेता

भारत और गांधी एक दूसरे के पर्याय : सोनिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने महात्मा गांधी और भारत को एकदूसरे का पर्याय बताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसको उल्टा करने का प्रयास करते हैं। बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोनिया ने भाजपा और आरएसएस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जो लोग खुद को सर्वेसर्वा मानते हों वो राष्ट्रपिता के आदर्शों को कैसे समझ सकते हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गांधी संदेश यात्रा के समापन के बाद सोनिया ने राजघाट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया गांधी जयंती मना रही है। हम सभी को इस बात पर गर्व है कि भारत आज जहां पहुंचा है वह गांधी के रास्ते पर चलकर पहुंचा है।

भाजपा पर कटाक्ष करते हुए सोनिया ने कहा कि गांधी का नाम लेना आसान है, लेकिन उनके बताए रास्ता पर चलना मुश्किल है। गांधी का नाम लेकर भारत को अपने रास्ते पर ले जाने वाले पहले भी कम नहीं थे। उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद भारत नहीं भटका तो इसकी वजह हमारे देश की बुनियाद में गांधी के आदर्शों की आधारशिला है।

कमलनाथ ने पदयात्रा की अगुआई की

भोपाल, 2 अक्तूबर (भाषा)।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में बुधवार को यहां पदयात्रा निकाल कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर प्रदेश में होने वाले समारोहों की शुरुआत की गई। कांग्रेस को गर्व है कि उसका नेतृत्व महात्मा गांधी जी जैसे महानतम व्यक्ति ने किया है। करीब एक किलोमीटर तक चली इस पदयात्रा में महात्मा गांधी की नित्य प्रार्थना में सम्मिलित 15वीं शताब्दी के अत्यंत लोकप्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' गाया गया।

'कांग्रेस समाज को जोड़ने की बात करती है तो यह देन महात्मा गांधी की है।'

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर भोपाल में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के नेतृत्व में रोशनपुरा चौराहा से सुबह 8.25 बजे पदयात्रा निकाली गई जो मिन्टो हॉल में जाकर संपन्न हुई। पदयात्रा के बाद कमलनाथ ने मिन्टो हॉल परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कमलनाथ पुरानी विधानसभा चौराहे पर स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लालबहादुर शास्त्री जी के प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और उन्होंने शास्त्री जी की प्रतिमा पर माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अनोखे अंदाज में बापू को किया याद रेल मंत्रालय ने

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर रेल मंत्रालय ने अनोखे अंदाज में बापू को याद किया। रेलवे ने बापू के 'मोहन से महात्मा गांधी' बनने तक के सफर की जानकारियां एक ही ट्रेन में उपलब्ध कराई है। बापू की कहानी को सप्त क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन पर लगे पोस्टर की मदद से समझाया गया है। यह ट्रेन बुधवार को मुज्जफरपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुई। हाल ही में मंत्रालय ने इस ट्रेन को एलएचबी रैक में तब्दील किया है।

ट्रेन को विनाइल रैपिंग सुसज्जित कर राष्ट्रपिता की कहानी बताई गई है। इस कहानी को ट्रेन पर लगे विभिन्न फोटो के माध्यम से आसानी से समझा जा सकता है। मुज्जफरपुर में इस ट्रेन को एक विशेष कार्यक्रम के बाद रवाना किया गया। 97 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी राम संजीवन ठाकुर ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद मोतीहारी में ट्रेन का स्वागत केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया। गांधी जंयती के मौके पर ट्रेन के यात्रियों के लिए विशेष तौर पर 'गांधी जी ' से जुड़े साहित्य और जूट के थैले भी दिए गए।

बापू की 150वीं जयंती पर रेल मंत्रालय की पहल

'मोहन से महात्मा गांधी' बनने की दास्तां ट्रेन पर पोस्टर लगा समझाई

बापूधाम मोतीहारी स्टेशन पर रेल परियोजनाओं की प्रदर्शनी भी शुरू की गई है। गांधी जी के स्वच्छता मिशन से हर रेल यात्री को जोड़ने के लिए प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीन भी स्टेशन पर लगाई गई है। इन प्लास्टिक से बनी कुर्सियां भी अब रेलवे स्टेशन पर प्रयोग की जा रही है। मंत्रालय ने चर्च गेट स्टेशन पर ऐसी तीन बड़ी कुर्सियां लगाई हैं। जल्द ही देश के अन्य स्टेशनों पर भी ऐसी प्लास्टिक कुर्सियां नजर आएंगी। मंत्रालय ने प्लास्टिक के दोबारा इस्तेमाल और उनसे बनी चीजों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की है।

गुजरात : गांधी जयंती पर हजारों बच्चों ने भेजी बापू को चिट्ठी

अमदाबाद, 2 अक्तूबर (भाषा)।

गुजरात में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर अमदाबाद के साबरमती आश्रम सहित कई स्थानों पर प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। गांधी का घर कहे जाने वाले साबरमती आश्रम स्थित हृदय कुंज में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर आश्रम ट्रस्ट के सदस्य, विख्यात गांधीवादी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

साबरमती आश्रम ट्रस्ट ने एक पहल के तहत सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के करीब 30,000 विद्यार्थियों ने बापू को पत्र लिखने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद बच्चों को राष्ट्रपिता के जीवन से परिचित होना और प्रेरणा प्राप्त करना है।

जागरूकता मार्च

ठाणे में बुधवार से महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता जागरूकता मार्च निकालते स्कूली बच्चे

सेवाग्राम में मनाई गई गांधी जयंती

वर्धा, 2 अक्तूबर (भाषा)।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर बुधवार को यहां दीप उत्सव और आरोग्य दीप उत्सव समेत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न सामाजिक समूह, स्कूल और कॉलेजों ने महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के साथ मिलकर सभी प्रमुख चौराहों और सड़कों पर दीप प्रज्ज्वलित किए।

कांग्रेस सेवा दल ने पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे से बापू कुटी से हुतात्मा स्मारक तक पदयात्रा की। इस पदयात्रा में सेवा दल और कांग्रेस के करीब पांच हजार कार्यकर्ता शामिल हुए। सेवाग्राम आश्रम प्रतिष्ठान ने गोवा स्थित गांधी संग्रहालय के निदेशक डॉ सुबोध केरकर का गांधी व स्वास्थ्य विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया। उन्होंने कहा कि गांधीजी स्वास्थ्य व फिटनेस को खास महत्त्व देते थे। उन्होंने कहा कि गांधीजी तय सीमा से एक ग्राम भी अधिक भोजन नहीं करते थे। यह स्वास्थ्य को लेकर उनका समर्पण व जागरूकता थी।

सुबोध केरकर ने कहा कि अगर आप एक सत्याग्रही हैं तो आपको शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। गांधीजी प्रतिदिन 15 से 18 किलोमीटर पैदल चलते थे। केरकर ने कहा कि हमें गांधीजी के जीवन के कई आयामों से समझने की जरूरत है और स्वास्थ्य एक अन्य आयाम है, जो हम भूल जाते हैं। सेवाग्राम आश्रम स्थित बापू की कुटी में अखंड सूत यज्ञ का आयोजन किया गया। एक सद्भावना साइकिल यात्रा के तहत 42 युवाओं ने रायगढ़ से वर्धा तक 900 किलोमीटर की यात्रा पूरी की।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने केवीआइसी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रदर्शनी आयोजित की। उन्होंने कहा कि जब गांधीजी ने 1930 में साबरमती आश्रम से डांडी तक नमक सत्याग्रह के लिए पदयात्रा शुरू की तो उन्होंने निर्णय किया था कि वह भारत को स्वतंत्रता मिलने तक साबरमती वापस नहीं लौटेंगे। गांधीजी ने मध्य भारत में एक गांव को अपना मुख्यालय बनाने का निर्णय किया। वह 1934 में जमनालाल बजाज के निमंत्रण पर वर्धा आए और अप्रैल 1936 में गांव शेगांव में अपना आवास बनाया। शेगांव नागपुर से 75 किलोमीटर दूर और वर्धा से आठ किलोमीटर दूर एक गांव था, जिसे उन्होंने बाद में सेवाग्राम नाम दिया।

कांग्रेस सेवा दल ने पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे से बापू कुटी से हुतात्मा स्मारक तक पदयात्रा की। इस पदयात्रा में सेवा दल और कांग्रेस के करीब पांच हजार कार्यकर्ता शामिल हुए।

गांधी ने पूरी दुनिया को सत्याग्रह, अहिंसा का मार्ग दिखाया : मुर्मू

रांची, 2 अक्तूबर (भाषा)।

झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री रघुवर दास ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर बुधवार को कहा कि बापू ने पूरी दुनिया को सत्याग्रह व अहिंसा का मार्ग दिखाया, जिसकी आज सभी को सबसे अधिक आवश्यकता है।

मुर्मू और दास ने इस अवसर पर मोरहाबादी की बापू वाटिका स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके सत्य व अहिंसा के संदेश को याद करते हुए कहा कि पूरे विश्व को गांधी जी ने यह मार्ग दिखाया। राज्यपाल मुर्मू ने लोगों से अपील की कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का सुखद, स्वावलंबी और समृद्ध झारखंड और भारत बनाना है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व को सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने की सर्वाधिक आवश्यकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के माध्यम से अत्याचार के विरोध की अवधारणा की नींव अहिंसा के सिद्धांत पर रखी थी, जिसने भारत को आजादी दिलाकर पूरी दुनिया के सामने लोकतंत्र, नागरिक अधिकारों व स्वतंत्रता के लिए आंदोलन के नए स्वरूप को सामने रखा।

एक सदी पहले महात्मा गांधी ने तमिलनाडु से शुरुआत की थी

गांधी जयंती

उनकी विरासत की गवाह है संस्था

हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए गांधी ने की थी 'हिंदी सभा' की स्थापना

चेन्नई, 2 अक्तूबर (भाषा)।

दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार-प्रसार और समूचे देश के लोगों को एकजुट करने के लिए करीब एक सदी से अधिक समय पहले महात्मा गांधी ने तमिलनाडु में मामूली कक्षा की शुरुआत की थी, जो आज विशाल संस्थान का रूप ले चुकी है। यह संस्था तमाम बाधाओं को पार करते हुए सतत आगे बढ़ने की उनकी विरासत की गवाह है।

वर्ष 1918 में 'दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा' की स्थापना तब मद्रास के नाम से प्रसिद्ध चेन्नई में की गई। आज यह 11 परास्नातक केंद्र, 33 शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, पांच सीबीएसई स्कूल और कई प्रांतीय सभाएं संचालित करती है। गांधी ने कहा था कि सभा अधिक से अधिक लोगों को हिंदी पढ़ने, लिखने और बोलने में सक्षम बनाएगी। हिंदी में प्रकाशित प्रचार सभा अभिलेखागार के अनुसार गांधी ने 1946 में छात्रों के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया था। उन्होंने कहा, 'मुझे संदेह है कि मैं जो कह रहा हूं, वह आप लोग समझ पा रहे हैं। लेकिन मेरे प्रति आपके मन में गहरा प्रेम है और इसलिए आप मुझे बड़े धैर्य से सुन रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन फिर भी अधिक से अधिक लोगों को हिंदुस्तानी सीखनी चाहिए। यह कोई कठिन भाषा नहीं है। दक्षिण भारतीय लोग बुद्धिमान और प्रतिभावान हैं।'

हिंदी भाषा के सर्वाधिक प्रसिद्ध कवियों में से एक सुमित्रानंदन पंत ने भी उस दिन वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रचार सभा ने बड़ी निष्ठा से गांधी की सलाह का अनुसरण किया और हिंदी सीखने के इच्छुक कार्यकर्ताओं की हर संभव मदद के लिए राजनीतिक मुश्किलों का भी सामना किया। हजारों प्रचारक तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में काम करते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि दक्षिणी राज्यों में तमिलनाडु इस क्रम में सबसे ऊपर है जहां 43,000 से अधिक प्रचारक हैं जिसके बाद आंध्र प्रदेश (और तेलंगाना) में 22,835 प्रचारक हैं। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के जनसंपर्क अधिकारी ईश्वर करुण ने बताया कि कुल 83,795 मान्यता प्राप्त महिला व पुरुष प्रचारक दक्षिण भारत में हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। कर्नाटक में 6,527 प्रचारक हैं जबकि केरल में 11,334 प्रचारक हैं। ये प्रचारक कभी सभा संस्थानों में छात्र रहे थे और आवश्यक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के बाद अधिकृत प्रचारक की मान्यता मिल गई। सभा के अनुसार 2018 में विभिन्न हिंदी की परीक्षाओं में बैठने वाले करीब नौ लाख छात्रों में से अधिकतर तमिलनाडु से थे।

तमिलनाडु के राजनीतिक टिप्पणीकार रवींद्रन दुरईसामी ने कहा कि लोगों में हिंदी सीखने की ललक है। उन्होंने कहा, 'लोग जबरन थोपे जाने को स्वीकार नहीं करेंगे लेकिन वे स्वेच्छा से खुशी खुशी हिंदी या कोई और भाषा सीखते हैं। वैश्वीकरण ने भाषाई अवरोध को तोड़ा है।' उन्होंने कहा, 'हिंदी का विरोध गैर मुद्दा है।' दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की नींव मार्च 1918 में इंदौर में हिंदी साहित्य सम्मेलन में उस वक्त पड़ी जब गांधी इस विचार को लेकर आए।

तीन महीने बाद उन्होंने सभा की स्थापना की और 1948 में अपने निधन तक एक संस्थापक अध्यक्ष के तौर पर नेतृत्व किया। एनी बेसेंट ने 17 जून, 1918 को इसका उद्घाटन किया था। प्रचार सभा थेयागाराया नगर में करीब सात एकड़ के परिसर में फैली है। 1927 में सभा को एक सोसायटी के तौर पर पंजीकृत किया गया जिसके अध्यक्ष गांधी थे। गांधी ने दक्षिण भारत से स्वयंसेवकों को चुना और हिंदी प्रचारक के तौर पर उन्हें प्रशिक्षण के लिए वाराणसी भेजा। उन्होंने अपने पुत्र देवदास गांधी को भी प्रथम हिंदी प्रचारक के तौर पर चेन्नई भेजा। उस वक्त हिंदी के प्रसार को समर्पित एक भी संस्थान नहीं था। यहां तक कि मद्रास संस्कृत कालेज की स्थापना भी 1906 में हुई और उसका ध्यान भी हिंदी के प्रचार पर केंद्रित नहीं था।

कुल 83,795 मान्यता प्राप्त महिला व पुरुष प्रचारक दक्षिण भारत में हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। दक्षिणी राज्यों में तमिलनाडु इस क्रम में सबसे ऊपर है जहां 43,000 से अधिक प्रचारक हैं जिसके बाद आंध्र प्रदेश (और तेलंगाना) में 22,835 प्रचारक हैं। कर्नाटक में 6,527 प्रचारक हैं जबकि केरल में 11,334 प्रचारक हैं। ये प्रचारक कभी सभा संस्थानों में छात्र रहे थे और आवश्यक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के बाद अधिकृत प्रचारक की मान्यता मिल गई है।

- दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा

वर्ष 1918 में 'दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा' की स्थापना तब मद्रास के नाम से प्रसिद्ध चेन्नई में की गई। आज यह 11 परास्नातक केंद्र, 33 शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, पांच सीबीएसई स्कूल और कई प्रांतीय सभाएं संचालित करती है। गांधी ने कहा था कि सभा अधिक से अधिक लोगों को हिंदी पढ़ने, लिखने और बोलने में सक्षम बनाएगी। हिंदी में प्रकाशित प्रचार सभा अभिलेखागार के अनुसार गांधी ने 1946 में छात्रों के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया था।

जनसत्ता

पाबंदी के बजाय

इस बात से शायद ही किसी को असहमति होगी कि प्लास्टिक के बढ़ते बेलगाम इस्तेमाल ने आज समूचे पर्यावरण के सामने एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। इससे न केवल जल, वायु और जमीन को दीर्घकालिक नुकसान हो रहा है, बल्कि इससे उपजी मुश्किल को आम लोग रोजमर्रा की जिंदगी में भी महसूस कर रहे हैं। इसके बावजूद न तो लोगों के स्तर पर इसके प्रयोग से बचने की कोशिश होती है, न सरकार की ओर से इस पर कोई ठोस कार्ययोजना अमल में आ पाती है। हाल के वर्षों में प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले व्यापक नुकसान के मद्देनजर इस पर प्रतिबंध लगाने का मुद्दा दुनिया भर में चर्चा का विषय बना है। इसी क्रम में हमारे देश में भी स्वच्छ भारत अभियान के तहत दो अक्तूबर यानी गांधी जयंती के दिन से एक बार इस्तेमाल में आने वाले प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की घोषणा हुई थी। लेकिन इस महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम के पीछे अच्छी मंशा होने के बावजूद यह सच है कि पाबंदी और उससे उपजी स्थितियों का आसानी से सामना करने की तैयारी अभी पूरी नहीं हो पाई थी। इसलिए फिलहाल सरकार ने प्लास्टिक के इस्तेमाल को हतोत्साहित करने के लिए जन-जागरूकता फैलाने का अभियान चलाने पर जोर दिया है।

यह किसी से छिपा नहीं है कि लंबे समय से इसके नुकसान की अनदेखी के नतीजे में रोजमर्रा की आम जिंदगी में प्लास्टिक का उपयोग व्यापक स्तर पर घुल-मिल चुका है और इसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्लास्टिक की वस्तुएं तैयार करने का एक बड़ा बाजार खड़ा हो चुका है। ऐसे में अगर प्लास्टिक पर अचानक ही पाबंदी लगाई जाती है तो आम जनजीवन पर इसका असर पड़ने के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कई दूसरी गंभीर समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। अगर अचानक ही ऐसा प्रतिबंध लगाया जाता है तो प्लास्टिक की वस्तुएं तैयार करने के काम में लगी लगभग दस हजार औद्योगिक इकाइयां बंद हो जाएंगी और पांच लाख से ज्यादा लोग बेरोजगार हो जाएंगे। देश फिलहाल पहले ही आर्थिक मंदी और तेजी से बढ़ती बेरोजगारी की गंभीर समस्या से दो-चार है। ऐसे में पाबंदी के सवाल पर अगर जरूरत से ज्यादा सख्ती बरती जाती तो शायद स्थितियां और विकट हो जातीं। कहा जा सकता है कि मकसद में अच्छा होने के बावजूद एक बार इस्तेमाल में आने वाले प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित करना व्यावहारिक नहीं होगा।

जाहिर है, एक बार इस्तेमाल में आने वाले प्लास्टिक पर आम लोगों से लेकर बाजार तक जिस पैमाने पर निर्भर हो गया है, उसमें इस पर अचानक पाबंदी के बाद जटिल हालात पैदा होंगे। इसके बावजूद यह तथ्य है कि प्लास्टिक से तैयार सामानों और खासतौर पर एक बार प्रयोग में आने वाली प्लास्टिक की वस्तुओं के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान का दायरा काफी बड़ा हो चुका है। शहरों-महानगरों के नालों के जाम होने से लेकर चारों तरफ पसरा कचरा एक पक्ष है तो इससे होने वाले वायु प्रदूषण से लेकर जमीन तक के बंजर होने का सवाल ज्यादा गंभीर है। इसलिए समय रहते कम से कम एक बार इस्तेमाल में आने वाले प्लास्टिक के सामान पर से निर्भरता खत्म करके दूसरे विकल्प नहीं निकाले गए तो इसका गंभीर दुष्परिणाम सबको भुगतना पड़ेगा। अब अगर सरकार ने एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक पर पूरी तरह पाबंदी के बजाय फिलहाल इस मसले पर जन-जागरूकता फैलाने पर जोर देने का निश्चय किया है तो अब इसे महज औपचारिकता का निर्वहन करने वाली गतिविधि तक सीमित नहीं रखना होगा। लोग इसका इस्तेमाल खुद छोड़ें और इस उद्योग में लगे लोगों को रोजगार का विकल्प मिले, इसके लिए एक बड़ी योजना बनाने और उस पर ईमानदारी से अमल की जरूरत है।

संकट का संकेत

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संग्रह में जिस तेजी से गिरावट आ रही है, वह अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर संकट का संकेत है। पिछले कई महीनों से अर्थव्यवस्था मंदी का सामना कर रही है। संकेतक बता रहे हैं कि किसी भी क्षेत्र में हालत अच्छी नहीं है। सरकार ने हर महीने जीएसटी संग्रह का लक्ष्य एक लाख अठारह हजार करोड़ रुपए तय किया हुआ है, लेकिन देखने को यही मिल रहा है कि जीएसटी संग्रह निर्धारित लक्ष्य से काफी दूर रह जा रहा है। इस बार ज्यादा चिंता की बात यह है कि सितंबर में जीएसटी संग्रह पिछले उन्नीस महीनों में सबसे कम इनक्यानवे हजार नौ सौ सोलह करोड़ रुपए ही रहा है। अगर पिछले साल की इसी अवधि से तुलना करें तो यह 2.67 फीसद कम रहा और अगस्त, 2019 के मुकाबले तो इसमें 6.4 फीसद की कमी दर्ज की गई। पिछले दो महीनों से जीएसटी संग्रह एक लाख करोड़ रुपए से कम रहा है। जाहिर है, उद्योग और कारोबारी कर जमा नहीं कर पा रहे हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। लंबे समय से छोटे कारोबारियों से लेकर बड़े उद्योग तक मंदी की मार झेल रहे हैं। लोगों का रोजगार खत्म हो रहा है। बाजार में मांग नहीं है। नगदी संकट भी बड़ा कारण माना जा रहा है, लेकिन सरकार इसे मानने को तैयार नहीं है।

पूरे देश में एक कर प्रणाली लागू करने के मकसद से जीएसटी की व्यवस्था शुरू हुई थी। तब इसे लेकर लंबे-चौड़े दावे किए गए थे और सरकार को उम्मीद थी कि इससे उसका खजाना तेजी से भरेगा और कर चोरी करने वाले किसी भी सूरत में बच नहीं पाएंगे। इसके लिए कड़े प्रावधान भी किए गए। पर आज के हालात बता रहे हैं कि हकीकत इसके उलट है। अगर आज सरकार जीएसटी संग्रह का लक्ष्य पूरा नहीं कर पा रही है तो इसका सीधा-सा मतलब यही है कि छोटे-मझोले कारोबारी हों या बड़े उद्योग, जीएसटी भरने में सबके हाथ-पांव फूल रहे हैं। जीएसटी को जितना आसान बनाने का दावा किया गया, वह छोटे कारोबारियों के लिए उतना ही भारी पड़ा है। हर तरफ से यही सुनने को मिल रहा है कि धंधा ठप है। मांग और उत्पादन का चक्र थम गया है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र की हालत तो इतनी खराब है कि ज्यादातर कंपनियों ने उत्पादन में भारी कटौती कर दी है। ऐसे में कैसे तो माल बने और बिके!

यह तो साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में आज जो सुस्ती दिखाई पड़ रही है, उसका वैश्विक कारण कम, घरेलू कारण ज्यादा हैं। जीएसटी और नोटबंदी जैसे फैसलों ने अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया। सरकार का खजाना करों से ही भरता है। लेकिन जब कर मिलने ही बंद होने लगें तो जाहिर है सरकार की चिंताएं बढ़ेंगी। सरकार को बार-बार जीएसटी संग्रह के लक्ष्य में कटौती करनी पड़ रही है। जब जीएसटी लागू किया गया था तब राज्यों को भरोसा दिया गया था कि पांच साल तक उनके राजस्व में कमी की भरपाई केंद्र करेगा। ऐसे में अगर कर राजस्व निर्धारित लक्ष्य से कम होगा तो सरकार पर उसके नुकसान की भरपाई करने का दबाव बढ़ेगा। हालांकि पिछले एक महीने में सरकार ने अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए कदम तो उठाए हैं, लेकिन इनका असर दिखने में अभी वक्त लगेगा। सरकार को लग रहा है कि त्योहारी मौसम में मांग निकलेगी और रीयल एस्टेट क्षेत्र सहित उपभोक्ता बाजार में मांग बनेगी और जीएसटी संग्रह बढ़ेगा। फिलहाल, आने वाले दिनों के लिए यही एकमात्र उम्मीद है।

कल्पमेधा

महानता अहंकार रहित होती है, तुच्छता अहंकार की सीमा पर पहुंच जाती है।
-तिरुवल्लुवर

क्षेत्रीय विवाद और पश्चिमी रणनीति

संजीव पांडेय

अगर इस्लामिक देशों के बीच आपसी लड़ाई खत्म हो गई तो अमेरिकी और रूसी रक्षा उद्योग को भारी नुकसान होगा। ईरान और सऊदी अरब हथियारों के बड़े खरीदार हैं। अगर ईरान और सऊदी अरब के बीच शांति संधि हो गई तो सऊदी अरब अमेरिकी हथियार नहीं खरीदेगा और ईरान रूसी हथियार नहीं खरीदेगा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के चौहत्तरवें अधिवेशन में दुनिया के तमाम नेता पहुंचे और एशियाई क्षेत्र की समस्याओं सहित कई मसलों पर चर्चा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही नहीं, बल्कि तमाम एशियाई नेताओं ने एशियाई क्षेत्र से संबंधित समस्याओं और विवादों पर चिंता जताई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चिंता में भविष्य में ईरान से आने वाला खतरा स्पष्ट रूप से झलक रहा था। उन्होंने चीन से चल रहे व्यापार युद्ध पर भी चर्चा की और राष्ट्रवाद को अमेरिका की प्राथमिकता बताया। चीन के विदेश मंत्री ने भी अमेरिका से चल रहे व्यापार युद्ध के साथ-साथ म्यांमा की रोहिंग्या समस्या, कश्मीर विवाद और कोरियाई विवाद पर चिंता जताई। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की चिंता भी रोहिंग्या समस्या थी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के भाषण में मुख्य मुद्दा कश्मीर था। भारत के प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के काम और उपलब्धियों का ब्योरा दिया। अहम बात है कि एशिया से संबंधित समस्याओं को आपस में मिल बैठ कर हल करने के बजाय एशियाई देश संयुक्त राष्ट्र के फोरम पर इसकी चर्चा कर रहे थे। जबकि तमाम एशियाई समस्याओं की जड़ में एशियाई संसाधनों और भूगोल पर कब्जे की लड़ाई है। एशियाई संसाधनों और भूगोल पर कब्जे को लेकर एशियाई मुल्क आपस में ही नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि पश्चिमी देशों को हस्तक्षेप करने का मौका भी दे रहे हैं। गौर करें तो यह लड़ाई लंबे समय से चल रही है। दूसरे विश्वयुद्ध की जड़ में भी संसाधन और भौगोलिक रूट थे, जिन पर कई ताकतें कब्जा चाहती थीं।

पश्चिम और मध्य-पूर्व एशिया के इस्लामिक देशों के बीच संघर्ष ऊर्जा संसाधनों को लेकर है। लेकिन ताज्जुब की बात है कि पड़ोसी मुल्क मिल-बैठ कर आपसी विवाद को हल करने के लिए राजी नहीं हैं। म्यांमा की रोहिंग्या समस्या की जड़ में चीनी, दक्षिण कोरियाई और कुछ पश्चिमी देशों की कंपनियां हैं, जिनकी नजर म्यांमा के जंगल, रबर और अन्य संसाधनों पर है। कश्मीर की समस्या भी कहीं न कहीं इसके भौगोलिक महत्त्व को लेकर है। दिलचस्प बात है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में इन क्षेत्रीय विवादों पर बात करने वाले एशियाई नेता आपस में ईमानदारी से बैठ कर समस्या का हल नहीं चाहते। चीन और ईरान को छोड़ दें, तो कई एशियाई नेता अपने आप को अमेरिकी राष्ट्रपति के लेफ्टिनेंट के तौर पर पेश करने में ज्यादा गर्व महसूस करते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में भाग लेने अमेरिका पहुंचे कई एशियाई नेताओं ने ट्रंप को नायक बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। वे अपनी समस्याओं को हल करने के लिए ट्रंप की सहायता मांग रहे। और हकीकत यही है, यही अमेरिका चाहता भी है। अमेरिकी तेल, रक्षा उद्योग के आर्थिक हित भी इससे जुड़े हैं। एशियाई विवादों में मध्यस्थता के बहाने अमेरिका का रक्षा और तेल उद्योग फलता-फूलता रहा है।

इस बार भी संयुक्त राष्ट्र महासभा का मंच आलोचना का मंच नजर आया। आलोचना के बीच ज्यादातर नेता विवादों के समाधान के लिए आशान्वित नजर आए। हालांकि सब जानते हैं कि ईरान और सुन्नी अरब देशों की लड़ाई जल्द खत्म नहीं होने वाली। अगर इस्लामिक देशों के बीच आपसी लड़ाई खत्म हो गई तो अमेरिकी रक्षा उद्योग और रूसी रक्षा उद्योग को भारी नुकसान होगा। ईरान और सऊदी अरब हथियारों के बड़े खरीदार हैं। अगर ईरान और सऊदी अरब के बीच शांति संधि हो गई तो सऊदी अरब अमेरिकी हथियार नहीं खरीदेगा और ईरान रूसी हथियार नहीं खरीदेगा। गौर करने वाली बात है कि 1940 के दशक से ही इस इलाके में तनाव है और इसके पीछे पश्चिमी देशों का दिमाग है। कभी इजराइल और इराक तो कभी ईरान को केंद्र बिंदु बना कर संघर्ष यहां होता रहा है। इसका सबसे ज्यादा लाभ अमेरिकी तेल और रक्षा उद्योग को हुआ है। खाड़ी में जैसे-जैसे तनाव बढ़ता है, तेल के दाम भी बढ़ते हैं और उसका लाभ रूस और अमेरिका की तेल और गैस कंपनियों को होता है। इसलिए इन मुल्कों की कोशिश शांति के बजाए तनाव बनाए रखने की होती है, ताकि वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में मंदी न आए।

हाल में ईरान ने सऊदी अरब के दो तेल केंद्रों पर हमला किया। इसके बाद वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में भारी उछाल आया। अरब क्षेत्र में पिछले अस्सी साल से जैसा तनाव बना हुआ है, उसी तरह से दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान, भारत और चीन के बीच भी तनाव है। भारत और पाकिस्तान चाहें तो ईमानदारी से द्विपक्षीय आधार पर आपसी विवाद को हल कर सकते हैं। लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं चाहता। वह भी अमेरिका की कठपुतली बना हुआ है। अगर भारत और पाकिस्तान के बीच स्थायी शांति हो जाएगी तो इससे दुनिया के कई देशों के आर्थिक हितों का नुकसान होगा।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी की भी मुलाकात हुई। फिलहाल भारत ने ईरान से तेल आयात बंद कर दिया है। यही नहीं, भारत ने अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों के कारण ईरान के चाबहार बंदरगार के विकास की गति भी धीमी कर दी है। जबकि भारत को अमेरिकी दबाव से बाहर निकल कर ईरान से क्षेत्रीय सहयोग तेज करना चाहिए, क्योंकि भारत का अफगानिस्तान में प्रवेश का एकमात्र रास्ता ईरान है। यह सच्चाई है कि अमेरिकी दबाव में भारत ईरान से स्थायी द्विपक्षीय संबंध विकसित करने में विफल रहा है। भारत के लिए जरूरी ईरान-पाकिस्तान-भारत गैस पाइप लाइन के विकास पर बात आगे नहीं बढ़ सकी।

अमेरिकी कूटनीति का खेल देखने वाला है। एक तरफ संयुक्त राष्ट्र महासभा में डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खतरे से दुनिया को अगाह किया। इमरान खान के साथ की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी ट्रंप ने ईरानी आतंक को ज्यादा खतरनाक बताया। लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष भी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में ईरान पर हमला करने वाले ट्रंप ने ईरान से बातचीत का रास्ता भी खोल रखा है। ट्रंप ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान से ईरानी नेतृत्व से बातचीत करने का आग्रह किया है, ताकि ईरान के साथ चल रहे तनाव को कम किया जा सके। इसका खुलासा खुद इमरान खान ने किया। इमरान खान के अनुसार ट्रंप ने उनसे मध्यस्थता का आग्रह किया और उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी से बातचीत की है। खान ने यह भी खुलासा किया कि सऊदी राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान ने भी उनसे ईरानी राष्ट्रपति से बातचीत करने को कहा है ताकि क्षेत्रीय तनाव कम हो। ट्रंप के लिए पाकिस्तान आज भी महत्त्वपूर्ण है। पाकिस्तान भौगोलिक रूप से जहां ईरान और अफगानिस्तान के नजदीक है, वहीं सुन्नी देश होने के कारण वह सऊदी अरब जैसे इस्लामिक देशों के नजदीक है।

अमेरिकी जमीन पर जाकर अपनी समस्याओं को बताने वाले एशियाई नेता गंभीरता से यह विचार करें कि संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद एशियाई मुल्क गरीबी से क्यों जूझ रहे हैं। एशियाई मुल्कों में आखिर क्यों बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा का आभाव है? आखिर क्यों गरीबी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान दोनों देश अच्छी हालत में नहीं हैं? मध्य एशिया और पूर्वी एशिया के देश भी संसाधन संपन्न होने के बावजूद गरीबी और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। दिलचस्प स्थिति यह है कि आपसी विवाद खत्म करने की स्थायी योजना एशियाई मुल्कों ने अभी तक नहीं बनाई है। परस्पर विवादों को सुलझाने के लिए ये आपस में गंभीरता से बातचीत नहीं करते। इनके विवादों की पंचायत पश्चिमी देश करते हैं। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में कई विवादों और समस्याओं पर लंबे समय से चर्चा चल रही है, लेकिन हल आज तक किसी का नहीं निकला है।

इंसानियत के हक में

कमल कुमार

दुनिया के किसी भी हिस्से में जब आस्था या धर्म के नाम पर तनाव पैदा होने लगता है तो लोगों का जीवन मुश्किल में पड़ता है। जहां तक भारत का सवाल है कि तो यह एक धर्मप्राण देश है। मानव धर्म इसके मूल में है। इसलिए धर्म का एक व्यापक अर्थ है जो जीवन की क्रियाओं को समग्र रूप से संबोधित करता है। लेकिन वास्तविक स्थिति बिल्कुल अलग है। धर्म के नाम पर बहुत सारे साधु-संत और आश्रम के संचालक महात्मा कहे जाने वाले लोग आमजन को बेवकूफ बना रहे हैं। पिछले कुछ सालों के दौरान आश्रमों और बाबाओं के किस्से हम सबने पढ़े हैं। हर व्यक्ति के जीवन में दुख और निराशा किसी न किसी कारण से होती है। इस हताशा में लोग धार्मिक बाबाओं के दुश्चक्र में फंस जाते हैं।

इसके अलावा, लोगों के अपने-अपने भगवान होते हैं। वे अपनी भक्ति और सामर्थ्य से दान भी देते हैं। जल, फल-फूल या नारियल आदि अर्पित किए जाते हैं। पैसे मंदिरों की 'गुल्लक' में या यों ही भगवान के सामने रख दिए जाते हैं। कई मंदिरों की आमदनी लाखों में होती है जो आखिरकार पुजारी या पंडितों के पास जाती है। उनसे पूछने वाला कोई नहीं कि कितना पैसा आया और उसका क्या हुआ! कई प्रतिष्ठित मंदिरों में तो जमा धनराशि करोड़ों रुपए है। लेकिन इन पर न कोई सामाजिक-धार्मिक दबाव है और न ही शायद कोई कानून लागू होता है। जबकि इस पैसे का सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों, स्वास्थ्य, शैक्षिक संस्थाओं पर और आम जन के सहायतार्थ उपयोग किया जाना चाहिए।

यह किसी से छिपा नहीं है कि मंदिरों के बाहर भूखे लोगों की कतारें होती हैं। जैसे-तैसे उनके खाने की व्यवस्था हो जाती है, पर कोई यह नहीं सोचता कि उन्हें सक्षम कैसे बनाया जाए। वे मनुष्य की तरह जी सकें। उनके बच्चों को अक्षर ज्ञान मिले। प्रशिक्षण देकर उन लोगों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई और हाथ से किए जाने वाले छोटे रोजगार दिए जा सकें, ताकि वे भी सम्मान से जी सकें। लेकिन होता यह है कि धर्म के नाम पर उनके आगे खाने का सामान या कुछ सिक्के फेंक दिए जाते हैं, वे वहीं पड़े रहते हैं। दूसरी ओर, मंदिर बड़े और भव्य बनते जाते हैं। उनमें मौजूद मूर्तियों को पहनाए जाने वाले वस्त्रों और आभूषणों की कीमत बढ़ती जाती है। मंदिर के बाहर सड़कों के किनारे फटेहाल या कंबल लपेटे लोग कड़ाके की सर्दी में ठिठुरते पड़े रहते हैं। स्कूल और अस्पताल है या नहीं या फिर किस हालत में है, इस सबकी किसी को फिक्र नहीं होती।

दुनिया मेरे आगे

संत के रूप में प्रचारित बाबाओं के आश्रम हैं। आम जन भटक कर शांति की तलाश में इन आश्रमों में आ जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय के दौरान संत कहे जाने वाले लोगों के जैसे आचरण सामने आए हैं, वह अपने आप में बहुत कुछ कह जाता है। कई बाबा तो जेल की सजा काट रहे हैं। ऐसे आश्रमों में जाने वाले कई लोग कुछ समय बाद अपना पैसा गंवा कर, आत्मविश्वास खोकर और हताश होकर आश्रमों से बाहर आते हैं। उन्हें जीने का कोई मार्ग नजर नहीं आता। इस तरह के आश्रमों में भक्ति का वितंडावाद मनुष्य को अंधेरे में धकेलता है, क्योंकि ऐसी आस्था तार्किक शक्ति को विच्छिन्न कर देती है। अलग-अलग धर्मों के दायरे में अभी भी ऐसे आश्रम हैं, जहां अंधविश्वास का राज है, भूत-प्रेत उतारे जाते हैं। इस प्रक्रिया में कोड़ों से मारा जाता है, गर्म सलाखों से दागा जाता है और यहां तक कि पशुओं की बलि तक दी जाती है। लेकिन इस पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होती।

दूसरी ओर, कहीं धर्म के ठेकेदार तालिबान की फौज तैयार कर रहे होते हैं, जो हत्याओं और आतंक में ही अपने धर्म का प्रतिफलन देखते हैं। उन्हें पूरा यकीन होता है कि आत्मघाती हमला करने के बाद मिली मौत के बाद उन्हें स्वर्ग मिलेगा। इसी तरह, हाल ही में केरल में एक नन से पादरी ने जिस तरह बलात्कार किया, वह भी अकेला मामला नहीं है। मुश्किल यह है कि पहले तो इन धर्म के ठेकेदारों की पोल नहीं खुलती। खुल भी जाए तो बहुत मुश्किल से इनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई होती है। बल्कि आज हालत यह है कि भीड़ बन कर हत्या तक कर देने के आरोपी जेल से निकल कर आते हैं तो उनका स्वागत होता है। फिर सब वैसा ही चलता रहता है। अंतर आता है तो उन पीड़ितों के जीवन में, जो इनके विरोध में आवाज उठाते है। उनके लिए जिंदगी की राह बहुत कठिन हो जाती है। हालत यह है कि धार्मिक भावनाओं, आस्था और विश्वास का ठेस पहुंचने की दलील पर न्यायालय के फैसले तक पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सबरीमाला में रजस्वला उम्र की स्त्रियों के प्रवेश निषेध पर अदालत का फैसला और उसका विरोध इसका ज्वलंत उदाहरण है। राजनीतिक पार्टियां भी भीड़ को अपना वोट बैंक मान कर राजनीति कर रही हैं। जबकि दुनिया के किसी भी समाज में मनुष्य और मनुष्यता प्राथमिक होने चाहिए। जहां आस्था के नाम पर अंधविश्वास हावी होगा, वहां मनुष्यता खंडित होगी।

भाषा की जगह

कुछ दिन पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री के 'एक देश-एक भाषा' की वकालत करने से बेवजह का विवाद पैदा करने की कोशिश गई। गृहमंत्री ने कहा था कि हिंदी ही देश को एकता की डोर में बांधने और विश्व में भारत की पहचान बनाने का काम कर सकती है। उनके इस बयान पर दक्षिण के राज्यों से तीखी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। विपक्षी दलों कांग्रेस और भाकपा ने भी इस बयान की आलोचना की। भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषा का मुद्दा बेहद संवेदनशील रहा है। संविधान निर्माताओं को इसका एहसास था, इसलिए उन्होंने हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा दिया लेकिन अंग्रेजी के उपयोग का भी प्रावधान रखा। अनुच्छेद 346 और 347 में कहा गया है कि राज्य के विधानमंडल द्वारा राज्य में प्रयोग की जाने वाली किसी भी एक या अधिक भाषाओं या हिंदी को राज्य में किसी भी या सभी राजकीय उद्देश्यों से उपयोग के लिए अपना सकता है।

भारत में हिंदी की तरह अनेक भाषाए हैं जो हिंदी जैसी ही समृद्ध हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में भी बाईस भाषाओं को मान्यता दी गई है। कई भाषाओं जैसे भोजपुरी और राजस्थानी के लोग भी लगातार प्रयासरत हैं कि उनकी मातृभाषा को मान्यता मिले और उसमें भी रोजी रोजगार हो। पिछले कुछ वर्षों में अंग्रेजी को लोगों ने बढ़-चढ़ कर अपनाया है क्योंकि यह रोजगार और नई तकनीक की भाषा है। रही बात हिंदी की, तो यह लगातार संपर्क भाषा के रूप में बढ़ रही है। कोई भी राज्य अपनी मातृभाषा कभी नहीं छोड़ेगा, इससे देश का विकास भी रुकने वाला नहीं है। एक भाषा की बात करने वाले देश की तमाम प्रमुख परीक्षाओं जैसे-यूपीएससी, जेईई, नीट सबमें अंग्रेजी को ज्यादा तरजीह देते हैं। क्या यह सच में हिंदी भाषा की परवाह है? बेहतर होगा कि सियासी दल भाषा जैसे संवेदनशील मामलों से दूर रहें और इस मामले में लोगों को फैसला करने दें।

● *प्रिंस अभिषेक, छपरा, बिहार*

रोजगार का सवाल

देश में बेरोजगारी इन दिनों 45 वर्षों के चरम पर है। इसकी तुलना में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों की पड़ताल के लिए एक विभाग का ही उदाहरण लिया जाए तो सारे देश की स्थिति का अंदाजा लग जाएगा। अकेली उच्च शिक्षा की बात करें तो 2017-18 के ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 40 केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं। इनमें प्राध्यापकों के 2476 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 1301 खाली पड़े हैं। यानी करीब 54 प्रतिशत प्राध्यापकों की कमी है। दिल्ली विश्वविद्यालय में 59 और जेएनयू में शिक्षकों के 50 फीसद पद रिक्त हैं। यहां 199 प्राध्यापकों का काम 100 शिक्षकों से चलाया जा रहा है। अलीगढ़ मुसलिम विश्वविद्यालय में 200 के बजाय 137, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में 253 के बजाय 171 प्राध्यापकों से ही काम चलाया जा रहा है।

मार्च 2018 की रिपोर्ट के मुताबिक 23 आईआईटी में 2806 पद खाली पड़े हैं। सबसे ज्यादा 552 पद आईआईटी खडगपुर में खाली हैं। देश के आईआईटी में शिक्षकों की कमी पर सिलसिलेवार नजर डालें तो आईआईटी गोवा में 62, आईआईटी धारवाड में 47, आईआईटी खडगपुर में 46,आईआईटी कानपुर में 37, आईआईटी दिल्ली में 29 तथा आईआईटी मुंबई में 27 प्रतिशत शिक्षकों की कमी है। अगर सरकार देश के विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने का अभियान चलाए तो न सिर्फ बेरोजगारों की संख्या में आएगी बल्कि यह भी साबित हो जाएगा कि कमी युवाओं के कौशल में नहीं बल्कि उन्हें उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयासों में है।

● *देवेंद्र जोशी, उज्जैन*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

सिद्धांत के बिना

गांधीजी ने सात सामाजिक पाप गिनाए हैं। बिना सिद्धांत के राजनीति करना, नैतिकता के बिना वाणिज्य-व्यापार करना, मानवता के बिना विज्ञान का उपयोग करना, त्याग के बिना धर्म का पालन करना, चरित्र के बिना ज्ञान बघारना, अंतःकरण की शुद्धि के बिना सुख की कल्पना करना और परिश्रम किए बिना भोजन व धनार्जन करना। इन सात बातों में से आज सबसे कम पालन किसी का हो रहा है तो वह है सिद्धांत के बिना राजनीति। पंचायत स्तर से लेकर संसद तक, अधिकारी से लेकर वैधानिक कार्यों तक। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विकास, सुरक्षा, पर्यावरण आदि सभी क्षेत्रों में ज्यादातर नेता अपने स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। झूठ को सच में बदल कर लोगों को गुमराह करना इनकी फितरत में है। गांधीजी की 150वीं जयंती पर भारत को प्लास्टिक मुक्त करने की बातें तो खूब की गईं मगर एक भी प्लास्टिक कंपनी का नाम सामने नहीं आया जिसे बंद करने की बात कही गई हो। सिर्फ लोगों से कहा जा रहा है कि आप प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करें। हमारा मानना है कि प्लास्टिक बनाने वाली कंपनियों को बंद करा दीजिए। जिस तरह अपराध रोकने के लिए कानून बनाया गया है उसी तरह जल, जमीन, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी कानून बना कर प्लास्टिक निर्माण पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। लेकिन यह काम करेगा कौन?

● *जय तिवारी, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश*

शरणार्थी बनाम घुसपैठिए

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण (एनआरसी) पर सरकार के संकल्प को दोहराते हुए मंगलवार को कोलकाता के एक कार्यक्रम में कहा कि 'देश से किसी शरणार्थी को जाने नहीं देंगे और घुसपैठिए रहने नहीं देंगे।' दरअसल, शरणार्थी और घुसपैठिए में बहुत अंतर होता है। जो शरणार्थी भारत में बाहर से आए हैं उनसे देश की संप्रभुता और एकता को कोई खतरा नहीं होता, जबकि अवैध घुसपैठियों के कारण देश की शांति भंग होती है। इनके कारण अपराधों में वृद्धि हुई है, भूमि व संसाधनों पर अवैध कब्जे हुए हैं, जिसे रोका जाना चाहिए।

असम व पश्चिम बंगाल दोनों ही प्रदेशों में अवैध घुसपैठियों के कारण स्थायी निवासियों को बहुत-सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भूमि, नौकरी, व्यवसाय के साथ-साथ धार्मिक मामलों में भी घुसपैठियों के हस्तक्षेप के कारण आएदिन तनाव की स्थिति बनती है। कई बार तो नौबत मारपीट और दंगे तक पहुंच जाती है। स्थानीय चुनावों में भी इन अवैध घुसपैठियों की हिंसा फैलाने में संदिग्ध भूमिका थी। केंद्र सरकार को इसे देखते हुए एनआरसी का काम बहुत सावधानी से करने की आवश्यकता है।

● *मंगलेश सोनी, मनावर, धार, मध्यप्रदेश*

खेल कायेक्रम

भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका टी-20 (महिला)	4 अक्तूबर
एआइबीए महिला मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप	*3 अक्तूबर*
शंघाई मास्टर्स (टेनिस)	6 अक्तूबर
आयरनमैन विश्व चैंपियनशिप (ट्राइथलॉन)	12 अक्तूबर
जपानी ग्रांप्री (फॉर्मूला वन)	13 अक्तूबर

जन्मदिन

जहीर खान	*7 अक्तूबर*
बलबीर सिंह सीनियर	10 अक्तूबर
हार्दिक पंड्या	11 अक्तूबर
गौतम गंभीर	14 अक्तूबर
दीपक मंडल	12 अक्तूबर

वापसी के साथ धारदार नजर आ रहे ईशांत

संदीप भूषण

बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी के लिए मशहूर भारतीय क्रिकेट टीम ने पिछले एक दशक में अपनी तेज गेंदबाजी पूल को काफी मजबूत किया है। टीम के पास हर कला के माहिर तेज गेंदबाज मौजूद हैं। बात जसप्रीत बुमराह की हो या भुवनेश्वर कुमार की या फिर मोहम्मद शमी की, सभी ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। इसी कड़ी में एक नाम और है, जिसने हर बार टीम में वापसी के साथ खुद को मजबूत किया और गेंदबाजी में नयेपन से विरोधियों को ध्वस्त किया। यह नाम है दिल्ली के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा का। अपने करिअर की दमदार शुरुआत करने वाले इस खिलाड़ी को बीच के दिनों में काफी मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा। कभी चोट तो कभी खराब फॉर्म ने ईशांत को परेशान किया। लेकिन वे एक बार फिर भारतीय टीम का हिस्सा बनने में कामयाब हुए और इस बार तो उनकी गेंदबाजी विपक्षी बल्लेबाजों पर कहर बरपा रही है।

ईशांत को महज 18 साल की उम्र में राष्ट्रीय टीम (दक्षिण अफ्रीका का दौरा - 2006-07) का हिस्सा बनने के लिए बुलाया गया लेकिन कुछ कारणों से वे इस दौरे पर नहीं जा सके थे। 25 मई 2007 को उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टैस्ट पदार्पण किया। उन्हें मुनाफ पटेल की जगह टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने यहां दूसरे टैस्ट में तीन ओवर फेंके जिसमें पांच रन देकर उन्होंने एक विकेट भी झटका। ईशांत ने करिअर के शुरुआती दिनों में घरेलू मैदान के अलावा विदेशों में भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। उन्होंने अपने पहले 11 टैस्ट में 34 विकेट चटकाए और वो भी 31.17 के औसत और 57.3 के स्ट्राइक रेट से। 2011 में वे तेजी से 100 टैस्ट विकेट लेने के मामले में पांचवें सबसे युवा भारतीय गेंजबाज बने। इसके अलावा 2013 में वे सबसे तेज 100 एक दिवसीय विकेट लेने वाले पांचवें भारतीय गेंजबाज बने। हालांकि इसके बाद धीरे-धीरे उनके करिअर का ग्राफ गिरता गया। आलम यह हो गया कि अब भारतीय टीम में वे एक बोझ की तरह देखे जाने लगे।

आंकड़ों को देखें तो 2010 से 2017 बीच ईशांत ने 60 टैस्ट मैच खेले। इसमें उन्होंने 37.22 के औसत 172 विकेट अपनी झोली में डाले। करिअर का आगाज लगभग 31 के औसत से करने वाले इस छह फीट पांच इंच के गेंदबाज के औसत में सात अंकों का फर्क आ गया था। यह माना जाने लगा था कि ईशांत अब उतने प्रभावी नहीं रह गए। लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत से 2018 के मध्य तक औसत को 35 के करीब पहुंचाया। इस दौरान वे 250 टैस्ट विकेट लेने वाले दूसरे सबसे धीमे गेंदबाज बने। उन्होंने इस आंकड़े को छूने के लिए 86 टैस्ट खेले। लगभग आठ साल के दरम्यान वे भारतीय टीम में आते-जाते रहे लेकिन कभी भी कप्तान की पहली पसंद नहीं बन सके। तब तक भारत को जसप्रीत बुमराह के रूप में एक और धारदार और कारगर तेज गेंजबाज मिल चुका था। घरेलू पिच ही नहीं विदेशी पिच पर भी उसका बोलबाला था। बुमराह की गेंजबाजी किसी भी बल्लेबाज के लिए पहली थी।

इसी बीच ईशांत के भाग्य ने उनका साथ दिया। 2018 में भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई। यहां पहले टैस्ट में ईशांत की जगह बुमराह को तवज्जो दी गई। दूसरे टैस्ट में उन्हें मौका मिला और घरेलू क्रिकेट में 'लंब्बू' के नाम से मशहूर इस खिलाड़ी ने अपना जलाव बिखेरा। सेंचुरियन में खेले गए इस टैस्ट के पहले दिन ही उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खतरनाक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और फाफ डुप्लेसिस को पवेलियन भेजा। इसके बाद ईशांत ने पीछे नहीं देखा। अगले 13 टैस्ट में उन्होंने 19.78 के औसत से कुल 52 विकेट झटके। उनका यह प्रदर्शन विश्व स्तरीय पटल पर सराहनीय था। इस दौरान विदेशी टीमों में शानदार प्रदर्शन कर रहे कागिसो रबादा, जेम्स एंडरसन, ट्रेन बोल्ट और स्टूअर्ट ब्रॉड जैसे गेंदबाजों से भी उनका औसत बेहतर रहा।

लाइन और लेंथ ने बनाया कामयाब

किसी भी गेंदबाज के लिए सटीक लाइन और लेंथ ही उसका सबसे बड़ा हथियार होता है। ईशांत ने इस कथनी को खुद के भीतर उतार लिया। 2015 से 2017 के बीच उन्होंने जहां 14 फीसद फुल लेंथ, 50 फीसद गुड लेंथ, 24 फीसद शॉट गुड लेंथ और 12 फीसद शॉट गेंद डाली वहीं 2018 के बाद उन्होंने 15 फीसद फुल लेंथ, 54 फीसद गुड लेंथ, 26 फीसद शॉट गुड लेंथ और महज 4 फीसद शॉट गेंद डाली। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि ईशांत ने अपनी गेंदबाजी में कितना सुधार किया।

आकलन

कोहली और धोनी की कप्तानी में ईशांत

कप्तान	मैच	ओवर	विकेट	औसत	श्रेष्ठ
एमएस धोनी	47	1649.51	52	36.56	7-74
विराट कोहली	31	867.1	88	27.21	5-43

विदेशी पिच पर ईशांत का प्रदर्शन

समय	मैच	ओवर	विकेट	औसत	श्रेष्ठ
2014 तक	39	1391.21	25	39.2	7-74
2014 के बाद	20	553.4	69	22.71	5-43

जद्दोजहद

चैंपियंस लीग ग्रुप ए मैच के दौरान गेंद को गोल में पहुंचाने की कोशिश में लगे रीयाल मैड्रिड (सफेद जर्सी में) के खिलाड़ी।

संकोची और शांत खिलाड़ी के विश्व विजेता बनने की कहानी

मनीष कुमार जोशी

एक लंबी सी लड़की जिसने पीले और काले रंग का लिबास पहन रखा था, बैडमिंटन कोर्ट के ठीक मध्य में खड़ी थी। उसके हाथ में एक रैकट था जिसके सहारे वह कोर्ट के हर कोनों तक पहुंचने में सक्षम थी। सामने नेट के दूसरी तरफ कद-काठी में कम लेकिन चालाकी और जवाबी हमले में महिर उसकी प्रतिद्वंद्वी थी। मैच के परिणाम में कुछ ही क्षण बचे थे। उसने शटल को विरोधी के कोर्ट में बायीं ओर मारा। दूसरी खिलाड़ी ने भी उसका सटीक जवाब दिया लेकिन वापसी के शॉट को इसने कोर्ट की दायीं ओर मारा। प्रतिद्वंद्वी की पहुंच से यह शॉट बाहर था। वह दोबारा उस पर प्रहार नहीं कर पाई और इसने मुट्ठियां भींच कर उपने दोनों हाथ ऊपर कर बता दिया कि वह अब विश्व विजेता बन चुकी है। यह कोई और नहीं भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू थी।

वे विश्व बैडमिंटन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बन गई थीं। भारतीय बैडमिंटन के आईकॉन प्रकाश पादुकोन ने भी यह खिताब नहीं जीता था। यह जीत पूरे भारत का प्रतिनिधित्व करती और युवाओं को एक संदेश देने वाली है। इस खिताब को हासिल करना उतना आसान नहीं था जितना हमने देखा। इसे मात्र नारी शक्ति की या महिलाओं की जीत बताने से यह जीत सीमित हो जाएगी। उनकी इस जीत ने सबके सामने एक उदाहरण पेश किया। हालांकि प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ने वाली सिंधू कभी संकोची स्वभाव की शांत लड़की हुआ करती थीं। उनके कोच ने उनके भीतर आक्रमकता भरी और वे आज दुनिया की सबसे बेहतरीन शटलरों में से एक हैं।

कही-अनकही

सिंधू छोटी-छोटी गलतियों के कारण एक बार नहीं तीन बार बड़े खिताब के करीब पहुंचकर हार गईं। ओलंपिक के फाइनल में वे स्वर्ण से चूक गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एक के बाद एक तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं में वे स्वर्ण पदक से चूक गईं। वे समझ नहीं पाई कि शटल पर पूरा नियंत्रण होने के बाद भी क्या कारण है कि फाइनल में पराजित हो जाती हैं। उनके आलोचक भी मानने लगे थे कि सिंधू फाइनल के तनाव को झेल नहीं पाती। हालांकि उन्होंने सबको गलत साबित किया। उन्होंने बताया कि हार से सीखकर ही जीत तक पहुंचा जा सकता है।

सिंधू शर्मीले और संकोची स्वभाव की हैं। शायद इसी स्वभाव के कारण वह अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल नहीं कर पा रही थीं। अभ्यास सत्र में जहां दूसरी खिलाड़ी चिल्ला-चिल्ला कर पूरे हॉल को गुंजा देतीं वहीं सिंधू शांत स्वभाव से खेलतीं। कोर्ट में कोई गलती हो जाती तो वे सिर झुकाए कुछ सोचते हुए चहलकदमी करने लगतीं लेकिन कभी गुस्से का इजहार नहीं करतीं। कोच गोपीचंद उनमें गुस्सा देखना चाहते थे। लेकिन सिंधू के लिए यह कर पाना काफी मुश्किल था। एक दिन कोच ने उनके आते ही उनके हाथ से रैकट ले लिया और उन्हें कोर्ट के बीच में खड़ा कर दिया। इसके बाद उन्होंने सिंधू को जोर से चिल्लाने को कहा। सिंधू चुप खड़ी रहीं। फिर कोच ने कहा जोर से चिल्लाओ। वे अब भी चुप खड़ी रहीं। कोच को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा कि जोर से चिल्लाओ नहीं तो मैं तुम्हे कभी रैकेट को हाथ नहीं लगाने दूंगा। संकोची स्वभाव की पीवी सिंधू से यह हो न सका और वे कोर्ट पर ही रो पड़ीं। कोच जानते थे कि आक्रमकता के लिए गुस्सा जरूरी है। सिंधू हिम्मत करके चिल्लाईं और चिल्लाती रहीं। यहीं से इस खिलाड़ी के भीतर आक्रामक होने की शुरुआत हुई।

क्यू खेलों के बेताज बादशाह पंकज

आत्माराम भाटी

क्यू खेलों के बेताज बादशाह पंकज आडवाणी ने पिछले तीन सप्ताह में म्यांमार में आयोजित विश्व बिलियर्ड्स व स्नूकर प्रतियोगिताओं में दो स्वर्ण व एक कांस्य पदक अपने नाम कर अपना दबदबा बरकरार रखा। उन्होंने मेजबान देश के ही नेथवे-ओ को हराकर अपने खेल जीवन का 22वां विश्व खिताब जीत ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इसके बाद इस सफर को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने आइबीएसएफ विश्व टीम 6 रेड स्नूकर खिताब अपने साथी आदित्य मेहता के साथ जीतकर विश्व खिताबों की संख्या 23 कर ली। इस उपलब्धि को हासिल कर उन्होंने भारतीय खेल जगत ही नहीं पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

उपलब्धि

पंकज ने उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया : पंकज ने अपने 23वें खिताब को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले उनके 22 खिताबों में केवल विश्व टीम स्नूकर के खिताब की ही कमी थी। इस खिताब को जीतते ही उन्होंने कहा कि मैं इसे पाकर सातवें आसमान पर महसूस कर रहा हूं। यह मेरे लिए सबसे खास खिताब है। विश्व टीम स्नूकर के नौ फ्रेमों के खिताबी मुकाबले में पंकज और आदित्य ने थाइलैंड की जोड़ी सी पोंगसाकोर्न व डी पोरामिन को दूसरे व चौथे फ्रेम में मिली हार के अलावा पांच फ्रेम में जीत दर्ज कर 5-2 से खिताब अपने नाम किया। जहां पंकज 23वां खिताब जीतकर खुश थे तो आदित्य मेहता अपने पहले खिताब को चूमकर आनंदित हो गए। पंकज ने म्यांमार में खिताबी जीत के साथ लगातार चौथा विश्व खिताब जीता।

बिलियर्ड्स में दबदबा : पंकज के अब तक के आंकड़ों पर नजर डालेंगे तो यह सामने आता है कि उनकी स्नूकर में उतनी पकड़ नहीं है जितनी बिलियर्ड्स में। उन्होंने जो 23 विश्व खिताब जीते हैं उनमें 16 खिताब बिलियर्ड्स में हैं। जबकि स्नूकर में मात्र सात खिताब हैं। ऐसे में बिलियर्ड्स में इनकी उपलब्धियां काबिले तारिफ है। इसे लेकर उनकी तारीफ की जानी चाहिए।

24 जुलाई, 1985 को पुणे में जन्मे पंकज ने स्नूकर में 2003 में आइबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप के रूप में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। इनके नाम बिलियर्डर्स में नौ विश्व खिताब 2005, 2007, 2008, 2009, 2012, 2014, 2015, 2018 व 2019 समय प्रारूप में तथा छह खिताब 2005, 2008, 2014, 2016, 2017 व 2018 अंक प्रारूप में हैं। एक बिलियर्ड्स खिताब 2014 में विश्व बिलियर्ड्स टीम चैंपियनशिप का है। वहीं सात विश्व खिताब स्नूकर में है जिसमें छह व्यक्तिगत और एक टीम स्पर्धा में है।

माइकल परेरा और गीत सेठी के नक्शे-कदम पर चलने वाले पंकज आडवाणी 2006 दोहा एशियाई खेल और 2010 ग्वाग्झू एशियाई खेलों में एकल स्पर्धा के स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं। पंकज पांच बार 2005, 2008, 2009, 2010 व 2012 एशियन बिलियर्ड्स चैंपियनशिप खिताब और 2005 में एशियन स्नूकर का खिताब भी अपने नाम कर चुके हैं। 2008 में आस्ट्रेलियन बिलियर्ड्स खिताब भी जीत चुके हैं।

24 जुलाई, 1985 को पुणे में जन्मे पंकज ने स्नूकर में 2003 में आइबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप के रूप में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। इनके नाम बिलियर्डर्स में नौ विश्व खिताब 2005, 2007, 2008, 2009, 2012, 2014, 2015, 2018 व 2019 समय प्रारूप में तथा छह खिताब 2005, 2008, 2014, 2016, 2017 व 2018 अंक प्रारूप में हैं।

पंकज ने 2000 में इंडियन जूनियर बिलियर्ड्स खिताब जीता और लगातार 2006 तक चैंपियन बने। इसी तरह इंडियन जूनियर स्नूकर 1997, 1998, 2003, 2005 में जीतने में कामयाब रहे। 2005 का साल पंकज के खेल जीवन का यादगार साल रहा जब उन्होंने एक ही साल में एशियन स्नूकर चैंपियनशिप जीती और माल्टा में हुई विश्व चैंपियनशिप में दोहरे बिलियर्ड्स खिताब पर कब्जा जमाया। इससे वे ग्रैंड डबल पूरा कर दोनों खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। यही नहीं एक ही साल में पांच बिलियर्ड्स खिताब जीतने का करिश्मा करने वाले पहले भारतीय होने का गर्व भी पंकज को है।

भाई की प्रेरणा और कोच का मार्गदर्शन : बिलियर्ड्स खेल के महानायक बन चुके पंकज के इस खेल में आने की कहानी दिलचस्प है। वे मात्र छह साल के थे तब अपने बड़े भाई श्री के साथ एक स्नूकर क्लब गए थे। वहां जब उन्होंने अपने भाई से बिलियर्ड्स की क्यू पकड़ने की जिद की तो वहां खड़े सभी लोग हंसने लगे। लेकिन लोगों से हंसी के रूप में मिले उस ताने को पंकज ने सहजता से लिया और भाई के साथ क्लब में आते रहे और इस खेल के गुर सीखते रहे। इनका खेल के प्रति लगाव और प्रतिभा को देखकर कर्नाटक स्नूकर एसोसिएशन ने उन्हें सदस्यता दे दी। इससे केवल 250 रुपए में वे जितना चाहे अभ्यास कर सकते थे।

पंकज 10 साल के हुए तब उनकी प्रतिभा को देखकर जाने माने कोच अरविंद सवूर ने उन्हें तराशने का जिम्मा लिया। गुरु-शिष्य के बीच ऐसा गहरा रिश्ता बनता गया कि दोनों 10 घंटे खेल में बिताने लगे। इससे पंकज की खेल में पकड़ मजबूत बनती गई। 1987 में 12 साल की उम्र में पंकज ने अपने जीवन का पहला खिताब बीएस संपत मेमोरियल टूर्नामेंट के रूप में जीता। खास बात यह रही कि पहले खिताब के खिताबी मुकाबले में इन्होंने अपने बड़े भाई श्री को ही हराया था। बस, यहीं से पंकज के खेल जीवन का सुनहरा दौर शुरू हो गया।

सुरक्षा चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर बैटरी से चलने वाले चेरियट स्कूटर से गश्त लगाते आरपीएफ के जवान।

भाजपा की दूसरी सूची में खड़से, महाराष्ट्र के दो मंत्रियों के नाम नहीं

मुंबई, 2 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा बुधवार रात जारी 14 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में भी वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से, राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री विनोद तावड़े और ऊर्जा मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के नाम नहीं हैं। हालांकि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार द्वारा केज सीट से अपनी पार्टी की उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद भाजपा में शामिल हुईं नमिता मूंदड़ा का नाम भाजपा की दूसरी सूची में है।

इसी तरह लोकसभा चुनाव में सांगली से वंचित बहुजन अगाड़ी के टिकट पर चुनाव लड़े और हार चुके गोपीचंद पाडलकर का नाम भी भाजपा की इस सूची में है। वह बारामती से किस्मत आजमाएंगे। हाल ही में भाजपा में आए वरिष्ठ कांग्रेसी विधायक गोपालदास अग्रवाल गोंदिया से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में होंगे। इससे पहले भाजपा ने मंगलवार को 125 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी।

राकांपा ने 77 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की

मुंबई, 2 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने बुधवार को 77 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की। इसमें वरिष्ठ नेता अजीत पवार, जयंत पाटिल और छगन भुजबल के नाम शामिल हैं। पार्टी प्रमुख शरद पवार के पौत्र रोहित पवार अहमदनगर जिले के करजत जामखेड़ से पहली बार चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनका मुकाबला भाजपा के विधायक एवं मंत्री राम शिंदे से होगा।

वरिष्ठ नेता अजीत पवार, जयंत पाटिल और छगन भुजबल के नाम शामिल हैं। पार्टी प्रमुख शरद पवार के पौत्र रोहित पवार अहमदनगर जिले के करजत जामखेड़ से पहली बार चुनाव मैदान में उतरेंगे।

अजीत पवार बारामती से चुनावी किस्मत आजमाएंगे। राज्य राकांपा प्रमुख जयंत पाटिल इस्लामपुर से और भुजबल येवला से चुनाव लडेंगे। विधान परिषद में विपक्ष के नेता धनंजय मुंडे पर्ली से और मुंबई राकांपा अध्यक्ष नवाब मलिक मुंबई के अणुशक्तिगनर से चुनाव लड़ेंगे। केज सीट से पार्टी ने पृथ्वीराज साठे को चुनाव में उतारा है। इससे पहले पार्टी ने इस सीट से नमिता मूंदड़ा के नाम की घोषणा की थी लेकिन वह पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गई और उन्हें भाजपा ने इसी सीट से प्रत्याशी घोषित किया है।

'भारत की सीमा से परे जाने की महत्त्वाकांक्षा नहीं'

पेज 1 का बाकी

माले में रणनीतिक विशेषज्ञों एवं रक्षा कर्मियों को संबोधित करते हुए रावत ने कहा कि ऊर्जा संपन्न पश्चिम एशिया की अस्थिरता से वैश्विक तनाव और अशांति बढ़ेगी और अमेरिका तथा ईरान के बीच तनाव 'चिंताजनक' है। पांच दिन के मालदीव दौरे पर गए सेना प्रमुख रावत ने द्विपक्षीय सैन्य सहयोग पर वहां के शीर्ष रक्षा अधिकारी से विस्तृत चर्चा की और बुधवार को उन्होंने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से मुलाकात की।

उन्होंने कहा, 'मैं आश्वस्त हूं कि अगर हम मित्रों के साथ मिलकर काम करें तो क्षेत्रीय शांति को खतरा उत्पन्न करने वालों को निष्क्रिय कर सकते हैं।' रावत ने कहा, 'इस अस्थिर सुरक्षा माहौल, आर्थिक अंतरनिर्भरता, समान संसाधनों की खोज और वैश्विक संबंधों की गहराई रणनीतिक रिश्तों को निर्धारित करती है। संरक्षणवाद बढ़ने के बावजूद जटिल वैश्विक अंतरनिर्भरता कायम रहेगी।'

समुद्र में चुनौती पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र के व्यापारिक मार्ग में किसी भी तरह की बाधा भारत और मालदीव दोनों के लिए चुनौती उत्पन्न करेगी। रावत ने कहा, 'संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणतंत्र रहने की दृष्टि हमारे संविधान के प्रस्तावना में है। हमने हमेशा अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाई।' उन्होंने कहा, 'भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास के लिए आंतरिक और बाहरी स्तर पर अनुकूल माहौल बनाना है ताकि हम सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें और उभरती हुई विश्व व्यवस्था में अनुकूल स्थान पा सके।'

विश्व स्तर पर सकारात्मक बदलावों में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी : मोदी

अमदाबाद, 2 अक्तूबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि विश्व स्तर पर हो रहे कई सकारात्मक बदलावों में भारत सबसे आगे है और इससे भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसकी एक झलक ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में देखने को मिली।

अमदाबाद हवाईअड्डे पर भाजपा की प्रदेश इकाई द्वारा प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा व संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रभावी भाषण को लेकर आयोजित अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'विश्व स्तर पर हो रहे कई सकारात्मक बदलावों में भारत सबसे आगे है और इससे भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और विश्व अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिए भारत से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद करता है।'

उन्होंने कहा कि हाउडी मोदी में रिपब्लिकन भी बोले, डेमोक्रेट भी बोले। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति बेहद खास थी।

उन्होंने कहा कि यह वास्तविकता है कि भारत ने हमेशा सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास किया है।

उन्होने कहा कि भारत की प्रतिष्ठा सभी जगह बढ़ रही है और कोई भी इस बदलाव को देख सकता है। इस कार्यक्रम में मंच पर मोदी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा पोस्टर लगा था।

मोदी ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति वहां भारतीय समारोह में आए और इतने लंबे समय तक रहे, यह बड़ी बात है। भाषणों के बाद जब मैंने उनसे आग्रह किया तब वे सुरक्षा प्रोटोकाल की चिंता किए बिना स्टेडियम का चक्कर लगाने आए। मैं इस कार्यक्रम का आयोजन करने वालों को धन्यवाद देता हूं।'

मोदी ने कहा, 'दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है और विश्व अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान के लिये भारत से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद करता है।' उन्होंने कहा कि आज भारत के पासपोर्ट की ताकत बढ़ गई है। इसके पास भारत का पासपोर्ट होता है दुनिया उसे इज्जत के साथ देखती है।

बापू के आदर्शों को घर-घर पहुंचाएगी भाजपा : शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 2 अक्तूबर।

बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को घर-घर तक पहुंचाएगी। अमित शाह दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में 'गांधी संकल्प यात्रा' की शुरुआत करने के लिए पहुंचे थे। 31 अक्तूबर तक भाजपा बापू के मूल्य व आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मुहिम चलाएगी। मुहिम में स्वदेश, स्वधर्म, स्वभाषा और खादी अपनाने का भी संदेश जनता को दिया जाएगा। संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद अमित शाह खुद पदयात्रा में शामिल हुए।

अमित शाह ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने दर्शन से पूरी दुनिया में व्याप्त समस्याओं के समाधान का रास्ता दिखाया है। लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ों को मजबूत करने का काम किया है। गांधी जी ने लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़े पाताल जितनी नीचे तक पहुंचाई है और ग्राम जीवन को पुनर्जीवित किया है। भाजपा महात्मा गांधी की 152वीं जयंती तक उनके विचारों को गांव- गांव तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि वे अपने आदर्श व सिद्धांतों के साथ हम सब के बीच हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब देश को एक बार प्रयोग होने वाले प्लास्टिक के इस्तेमाल से रोकने के लिए निकले हैं। इसे भी जन आंदोलन बनाना भाजपा व जनता की जिम्मेदारी है। एक बार प्रयोग की जाने वाली प्लास्टिक देश, दुनिया व धरती के लिए खतरा है। इस वजह से जल स्तर नहीं बढ़ पा रहा है और कई प्रकार की बीमारियां इस कारण पैदा हो रही है। अमित शाह ने जनता से अपील की कि वे एक बार प्रयोग होने वाली प्लास्टिक के इस्तेमाल को बंद करें और इसकी जगह पर जूट, कपड़े और अन्य थैलों का प्रयोग करें।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाया है। घर-घर तक शौचालय पहुंचाया है और जल संरक्षण के अभियान को भी मजबूती दी है।

भाजपा प्रत्याशी लोढ़ा ने 441 करोड़ की संपत्ति घोषित की

मुंबई, 2 अक्तूबर (भाषा)।

मुंबई भाजपा के अध्यक्ष मंगल प्रभात लोढ़ा ने अपने चुनाव हलफनामे में 441 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति घोषित की है। वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मालाबार हिल सीट से उम्मीदवार हैं।

दक्षिण मुंबई के पॉश मालाबार हिल विधानसभा सीट से पांच बार के विधायक लोढ़ा लगातार छठी बार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने मंगलवार को यहां नामांकन दाखिल किया। लोढ़ा द्वारा दायर हलफनामे के मुताबिक वह और उनकी पत्नी के पास 252 करोड़ रुपए से अधिक की चल संपत्ति और करीब 189 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। विधायक के पास 14 लाख रुपए की एक जगुआर कार और बांड एवं शेयर में अन्य निवेश हैं। लोढ़ा का परिवार रियल इस्टेट के व्यवसाय में है और दक्षिण मुंबई में उनके पांच फ्लैट हैं। उनका राजस्थान में एक प्लॉट भी है। लोढ़ा और उनकी पत्नी के पास मालाबार हिल इलाके में भी एक मकान है। इसके अलावा उनकी पत्नी के पास एक अन्य फ्लैट तथा दक्षिण मुंबई में एक व्यावसायिक संपत्ति भी है। हलफनामे के मुताबिक लोढ़ा पर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। महाराष्ट्र में 21 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और वोटों की गिनती 24 अक्तूबर को होगी।

हरियाणा कांग्रेस में टिकटों को लेकर घमासान

पेज 1 का बाकी

खोल दिया है। तंवर समर्थकों द्वारा जहां दिल्ली में सोनिया गांधी के आवास के बाहर प्रदर्शन किया गया वहीं सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद भी अशोक तंवर शांत नहीं हुए और उन्होंने अपने स्तर पर राजनीतिक आपातकाल घोषित कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तंवर ने आरोप लगाया कि सोहना विधानसभा का टिकट पांच करोड़ रुपए में बेच दिया गया है।

दोपहर के समय अशोक तंवर का एक ऑडियो वायरल हुआ जिसमें उन्होंने अपने समर्थकों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि कुछ लोग कांग्रेस का नाश करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आकर कांग्रेस को व खुद को बचा लो। यह संदेश वायरल होते ही तंवर समर्थकों ने हुड्डा व गुलाम नबी आजाद के विरूद्ध नारेबाजी भी की।

टिकटों की प्रस्तावित सूची को लेकर कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र समिति की अध्यक्ष किरण चौधरी और चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव भी नाराज हैं। चौधरी ने टिकट आबंटन प्रक्रिया सही नहीं होने के कारण सोनिया गांधी से मुलाकात करके अपनी बात रखी है।

चौधरी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से कहा है कि यदि भिवानी संसदीय क्षेत्र में उनकी मर्जी से टिकट नहीं बांटे गए तो वह खुद चुनाव मैदान से हट जाएंगी। वहीं दक्षिण हरियाणा के नेता व पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने एक ट्वीट करके कहा कि पांच साल मेहनत करने वालों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने लिखा कि मधुसूदन मिस्त्री की अध्यक्षता वाली हरियाणा की चयन समिति ने उन लोगों की घोर उपेक्षा की है जिन्होंने पूरे पांच साल पार्टी के लिए जमकर काम किया और उन लोगों को तवज्जो दी है जो कांग्रेसी नहीं हैं। समझा जा रहा है कि टिकट वितरण में प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा और पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा का ही दबदबा है और इसी वजह से सूबे के बाकी दिग्गज कांग्रेसी नाराज हैं।

तंवर ने कहा कि अभी पार्टी के टिकटों का भले ही एलान नहीं हुआ है लेकिन उन्हें मालूम है कि किस प्रकार की धांधली की जा रही है। सोनिया के निवास के बाहर नारेबाजी कर रहे अपने समर्थकों से तंवर ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने हमेशा न्याय किया है। इसीलिए वे न्याय मांगने के लिए यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि बीते पांच सालों में जिन्होंने पार्टी के लिए काम किया उन्हें टिकट बंटवारे के दौरान अनदेखा किया जा रहा है। जो पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने की तैयारी कर रहे थे उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने तवज्जो दी है।

तंवर ने कहा कि भाजपा ने मुझे 3 महीने में 6 बार पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया, लेकिन मैं नहीं गया और न कभी जाऊंगा। मैंने बार-बार कहा कि स्थानीय निकायों के चुनाव पार्टी के चुनाव निशान पर लड़ा जाए लेकिन ऐसा नहीं करने दिया गया। पांच-पांच नगर निगमों के महापौर के चुनाव होने थे। खुद तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने जानकारी हासिल की। 85 फीसद लोग चुनाव निशान पर लड़ने के पक्ष में थे लेकिन उस समय भी कुछ लोग अड़ गए। परिणाम यह हुआ कि हम हार गए। इतना ही नहीं, जींद के उपचुनाव में अपने ही प्रत्याशी रणदीप सुरजेवाला को हरवाने का काम किया गया।

बताया जा रहा है कि तंवर ने 15 टिकटों की मांग रखी थी लेकिन उन्हें बहुत कम टिकटें मिल रही हैं। इसीलिए उनको सड़क पर उतरना पड़ा है। तंवर समर्थकों ने हुड्डा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दूसरी ओर हुड्डा समर्थकों का दावा है कि तंवर की वजह से हरियाणा में कांग्रेस की स्थिति खराब हुई और वह पद से हटाए जाने की नाराजगी के चलते पूर्व मुख्यमंत्री पर आरोप लगा रहे हैं।

जादू टोने के शक में छह बुजुर्ग को मानव मलमूत्र खाने को मजबूर किया

बेहरामपुर, 2 अक्तूबर (भाषा)।

ओडिशा के गंजम जिले में कुछ लोगों ने जादू टोना करने के शक में छह बुजुर्ग व्यक्तियों के दांत तोड़ दिए और उन्हें मानव मलमूत्र खाने के लिए मजबूर किया।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि गोपुर गांव के कुछ लोगों को शक था कि छह बुजुर्ग व्यक्ति जादू टोना कर रहे हैं, जिसके चलते उनके इलाके में कम से कम छह महिलाओं की मौत हो गई और सात अन्य बीमार हो गईं। पुलिस के मुताबिक उन्होंने मंगलवार को इन छह व्यक्तियों को जबरदस्ती घर से बाहर निकाला और उन्हें मानव मलमूत्र खाने के लिए मजबूर किया, बाद में उनके दांत उखाड़ दिए। इन छह व्यक्तियों ने मदद की गुहार लगाई लेकिन गांव में कोई भी उनके लिए आगे नहीं आया। हालांकि, यह खबर जिला मुख्यालय पहुंची और पुलिस अधीक्षक ब्रजेश राय पुलिस दल के साथ गांव पहुंचे और घायल व्यक्तियों को बचाया। पुलिस ने इस मामले में 29 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 22 महिलाएं हैं।

भारत खुले में शौच से मुक्त : प्रधानमंत्री

पेज 1 का बाकी

कहा, 'आज ग्रामीण भारत और ग्रामवासियों ने खुद को खुले में शौच से मुक्त किया है।' मोदी ने कहा, '60 महीने में 60 करोड़ से अधिक लोगों को शौचालय मुहैया कराने और 11 करोड़ से अधिक शौचालय बनाने के लिए पूरी दुनिया हमारी प्रशंसा कर रही है और हमें सम्मानित कर रही है। दुनिया इससे अभिभूत है।' स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व पशु गांधीजी को प्रिय थे। प्लास्टिक इन सभी के लिए खतरा है, इसलिए हमें 2022 तक एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक को समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल करना होगा।

महाभियोग से छिड़ जाएगा गृहयुद्ध

पेज 1 का बाकी

किया है। बुधवार को उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भी समर्थन मिला, जिन्होंने कहा कि उन्हें इस बातचीत में कुछ भी गलत नहीं लगा। ट्रंप ने मंगलवार को ट्वीट में कहा था, 'यह महाभियोग नहीं है, बल्कि तख्तापलट है। इसके पीछे जनता की शक्ति, उनके मत और उनकी स्वतंत्रता छीनने की मंशा है।' ट्रंप ने इस बातचीत का खुलासा करने वाले को जासूस करार देते हुए उसकी पहचान सार्वजनिक करने की धमकी दी है जबकि अमेरिका में लोकहित में जानकारी सार्वजनिक करने वालों की सुरक्षा के लिए कानून है। उन्होंने कहा कि महाभियोग जांच का नेतृत्व कर रहे जांचकर्ता और सदन की खुफिया मामलों की समिति के अध्यक्ष एडम शिफ को राजद्रोह के लिए गिरफ्तार किया जाना चाहिए। ट्रंप ने चेतावनी को रीट्वीट किया, 'उनको सत्ता से बाहर करने पर देश में गृहयुद्ध छिड़ सकता है लेकिन शिफ और निम्न सदन के डेमोक्रेट्स आक्रमक तरीके से इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ रहे हैं और अगले हफ्ते बंद कमरे में इसकी सुनवाई शुरू करेगी।' इस बीच, मीडिया की रपट है कि यूक्रेन में अमेरिका के पूर्व विशेष दूत कुर्त वोल्कर गुरुवार को महाभियोग जांच समिति के समक्ष पेश होंगे। कीव में पूर्व अमेरिकी राजदूत मारी योवानोविच को तलब किया गया है। उन्हें 11 अक्टूबर को तलब किया गया है।

मोदी की 'आइंस्टीन चुनौती' की पेशकश

पेज 1 का बाकी

शिक्षक' और 'प्रेरणा का स्रोत' बताया, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अब भी साहस दे रहे हैं और मानवता में भरोसा करने वालों को एकजुट कर रहे हैं। राष्ट्रपिता की जयंती पर समाचार पत्र 'न्यूयार्क टाइम्स' में प्रकाशित आलेख में प्रधानमंत्री ने लिखा, 'महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि के तौर पर, मैं एक पेशकश करता हूं जिसे मैंने आइंस्टीन चुनौती नाम दिया है। हम महात्मा गांधी के बारे में आइंस्टीन की उस प्रसिद्ध टिप्पणी को जानते हैं : आने वाली पीढ़ियों को शायद ही विश्वास होगा कि हाड़-मांस का ऐसा कोई व्यक्ति इस धरती पर कभी पैदा हुआ था।' उन्होंने कहा, 'हम कैसे सुनिश्चित करें कि भावी पीढ़ियां गांधी के आदर्शों को याद रखें। मैं विचारकों, उद्यमियों और तकनीकी हस्तियों को नवाचार के माध्यम से गांधी के विचारों को फैलाने में आगे आने के लिए आमंत्रित करता हूं।'

'भारत और विश्व को क्यों है गांधी की जरूरत' शीर्षक वाले इस आलेख के अंत में प्रधानमंत्री ने नफरत, हिंसा और पीड़ा को समाप्त करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का दुनिया से आह्वान किया। उन्होंने लिखा कि तब हम महात्मा गांधी के सपने को पूरा करेंगे। इस क्रम में उन्होंने महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन 'वैष्णव जन तो' का भी जिक्र किया। इसका अर्थ है कि सच्चा मानव वह है जो दूसरों के दर्द को महसूस करता है, दुख को दूर करता है और कभी अभिमानी नहीं होता।

प्रधानमंत्री लिखते हैं कि महात्मा गांधी के लिए आजादी बाहरी शासन से मुक्ति ही नहीं थी बल्कि राजनीतिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत सशक्तीकरण के बीच गहरी कड़ी थी। मोदी ने कहा, 'उन्होंने एक ऐसी दुनिया की परिकल्पना की जहां हर नागरिक की गरिमा और समृद्धि हो। गांधी ने हमें ट्रस्टीशिप का सिद्धांत दिया, जिसने गरीबों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण पर जोर दिया। इससे प्रेरित होकर, हमें स्वामित्व की भावना के बारे में सोचना चाहिए। पृथ्वी के उत्तराधिकारी के रूप में हम इसके कल्याण के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें वनस्पति और जीव भी शामिल हैं।' मोदी ने लिखा, 'मार्गदर्शन करने के लिए हमारे पास महात्मा गांधी के रूप में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं। मानवता में विश्वास रखने वालों को एकजुट करने से लेकर स्थायी विकास को आगे बढ़ाने और आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए गांधी हर समस्या का समाधान पेश करते हैं।' उन्होंने शांति के दूत द्वारा पेश आदर्शों की भी चर्चा की जिन्होंने मार्टिन लूथर किंग जूनियर और नेल्सन मंडेला जैसे दिग्गज नेताओं को प्रेरित किया। मोदी ने आलेख में लिखा कि महान आत्मा मोहनदास करमचंद गांधी की प्रेरणा से डॉ. किंग भारत आए। बुधवार को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाई गई। गांधी जी या बापू दुनिया भर में लाखों लोगों को अब भी साहस दे रहे हैं। इस आलेख में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रवाद के बारे में गांधी के दृष्टिकोण का विस्तार से जिक्र किया है। उन्होंने लिखा कि महात्मा गांधी ने ऐसे भारतीय राष्ट्रवाद की परिकल्पना की थी जो संकीर्ण नहीं था बल्कि मानवता की सेवा के लिए काम करने वाला था। मोदी ने कहा कि मानव समाज के कुछ सबसे बड़े विरोधाभासों के बीच कड़ी बनने की महात्मा गांधी के पास 'अद्वितीय क्षमता' थी और वह समाज के सभी वर्गों के बीच विश्वास के प्रतीक थे। मोदी ने चरखा और खादी जैसी सामान्य वस्तुओं को लोक राजनीति के साथ जोड़ने के लिए भी महात्मा गांधी की सराहना की और कहा कि उन्हें कभी भी सत्ता का मोह नहीं था। उन्होंने कहा, 'किसी राष्ट्र के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण के प्रतीक के रूप में चरखा, खादी और भारतीय कपड़े का इस्तेमाल कोई अन्य कर सकता था?' मोदी ने लिखा, 'एक चुटकी नमक के माध्यम से उनके अलावा कौन एक बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकता था! साल 1930 में दांडी मार्च के माध्यम से, महात्मा गांधी ने नमक कानूनों को चुनौती दी।

निजाम के धन को लेकर भारत के पक्ष में फैसला

पेज 1 का बाकी

भाई मुफ्फखम जाह ने भारत सरकार के साथ हाथ मिला लिया था। लंदन की रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में दिए गए फैसले में जस्टिस मार्कस स्मिथ ने फैसला सुनाया 'सातवें निजाम को धन के अधिकार मिले थे और सातवें निजाम के उत्तराधिकारी होने का दावा करने वाले जाह भाइयों व भारत को धन का अधिकार है।' फैसले में कहा गया कि किसी दूसरे देश से जुड़ी गतिविधि के सिद्धांत और गैरकानूनी होने के आधार पर प्रभावी नहीं होने के तर्क के आधार पर इस मामले के अदालत में विचारणीय नहीं होने की पाकिस्तान की दलीलें विफल हो जाती हैं। विवाद 1948 में हैदराबाद के तत्कालीन निजाम से करीब 10,07,940 पाउंड और नौ शिलिंग का ब्रिटेन में नवनियुक्त पाकिस्तान के उच्चायुक्त को हस्तांतरण से जुड़ा है। यह राशि बढ़कर 3.5 करोड़ पाउंड हो गई है। भारत के समर्थन के साथ निजाम के वंशज दावा करते हैं कि यह धन उनका है, वहीं पाकिस्तान का दावा है कि इस पर उसका अधिकार है। इस व्यवस्था पर इस्लामाबाद में पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि फैसले का विस्तार से अध्ययन करने के बाद वह आगे की कार्रवाई करेगा

महात्मा गांधी संघ की शाखा में आए थे : मोहन भागवत

पेज 1 का बाकी

थी। महात्मा गांधी जी से हुई उनकी बातचीत और प्रश्नोत्तर अब प्रकाशित हैं।

भागवत ने देश के लिए महात्मा गांधी की स्वदेशी दृष्टि पर जोर दिया और गांधी जी का यह प्रयास स्वत्व के आधार पर जीवन के सभी पहलुओं में एक नया विचार देने का सफल प्रयोग था। लेकिन गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने पश्चिम से आई बातों को ही प्रमाण मान लिया।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी दर्शन की वकालत की क्योंकि पाश्चात्य जगत सत्ता के बल पर शिक्षा को विकृत करते हुए व आर्थिक दृष्टि से सबको अपना आश्रित बनाने की कोशिश कर रहा था।

भागवत ने कहा, 'किंतु गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने बिना इसे समझे पश्चिम से आई बातों को ही स्वीकार कर लिया और अपने पूर्वज, गौरव व संस्कारों को हीन मानकर अंधानुकरण व चाटुकारिता में लग गए थे। उसका बहुत बड़ा प्रभाव आज भी भारत की दिशा और दशा पर दिखायी देता है।'

जम्मू में विपक्षी नेताओं पर से पाबंदियां हटीं

पेज 1 का बाकी

कि इन नेताओं को कभी भी हिरासत में नहीं लिया गया और वे राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए स्वतंत्र थे। वहीं जम्मू क्षेत्र के आइजी मुकेश सिंह ने कहा कि इन नेताओं के घर के बाहर कुछ पुलिसकर्मी लगाए जरूर गए थे लेकिन उसकी वजह इन नेताओं को मिल रही धमकियां थी। इन वजहों से इनकी राजनीतिक गतिविधियों पर कुछ पाबंदियां लगाई गई थी।

खबर कोना

वाइट हाउस में फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली नीनीस्तो के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

गांधी जयंती पर फिलस्तीन ने जारी किया डाक टिकट

रामल्ला (पश्चिमी तट), 2 अक्तूबर (भाषा)।

फिलस्तीन ने महात्मा गांधी के विरासत और मूल्यों को सम्मानित करने के उद्देश्य से उनकी 150वीं जयंती पर यादगारी डाक टिकट जारी किया। फिलस्तीन प्राधिकरण (पीए) के दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री इशाक सदर ने मंगलवार को पीए में भारत के प्रतिनिधि सुनील कुमार की मौजूदगी में टिकट जारी किया।

महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए सदर ने कहा, 'फलस्तीन द्वारा स्मारक टिकट जारी करना गांधी की याद, विरासत और मूल्यों के सम्मान में है। जिन्होंने मानवता का मार्गदर्शन किया और भविष्य में भी करते रहेंगे।' कुमार ने कहा कि भारत के राष्ट्रपिता के सम्मान में टिकट जारी करना दोनों देशों के बीच मजबूत ऐतिहासिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। उन्होंने मानवता के विकास में गांधी के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला और कहा कि शांति, स्वतंत्रता, सम्मान और सहिष्णुता की शिक्षा पर उनके उपदेश आज भी पूरी दुनिया में सम्मान पाते हैं।

डोभाल ने सऊदी अरब की यात्रा पर बताए जम्मू-कश्मीर के हालात

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा कर वली अहद (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लेने के बाद वहां के हालात से अवगत कराया। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक सऊदी अरब ने डोभाल से कहा कि वह कश्मीर पर लंबे समय से चले आ रहे नई दिल्ली के रुख से वाकिफ है। सऊदी अरब ने भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की जरूरत पर जोर दिया। डोभाल मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचे थे। डोभाल और सलमान ने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की जिसमें पिछले महीने सऊदी अरब के तेल प्रतिष्ठानों पर हुए मिसाइल, ड्रोन हमलों और आतंकवाद रोधी सहयोग को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे शामिल हैं। सऊदी अरब भारत की ऊर्जा सुरक्षा का प्रमुख स्तंभ है, जो कच्चे तेल का 17 फीसद या उससे अधिक का स्रोत है और भारत की एलपीजी जरूरतों के 32 फीसद की आपूर्ति करता है।

सूत्रों के मुताबिक सऊदी अरब ने भारत व पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की जरूरत पर जोर दिया। डोभाल मंगलवार को सऊदी अरब पहुंचे थे।

प्रदर्शन बगदाद में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और खराब जन सेवाओं के प्रदर्शन के दौरान तैनात सुरक्षा बल

दुनियाभर में मनाई गई महात्मा गांधी की 150वीं जयंती

बेजिंग/कोलंबो, 2 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर फ्रांस और श्रीलंका समेत कई देशों में उनके जीवन और विरासत को याद किया गया। कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और स्मारक डाक टिकट जारी किए गए। दुनियाभर में भारतीय मिशन ने गांधी की याद में कार्यक्रमों का आयोजन किया जहां नेताओं और सिविल सोसायटी के सदस्यों ने गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी ने सफलतापूर्वक अहिंसक आंदोलनों का नेतृत्व किया जिसने इतिहास बदल दिया। गुतारेस ने ट्वीट किया, 'उनके जन्म के 150 साल बाद भी गांधी का दर्शन संयुक्त राष्ट्र में हमारे कार्यों के मूल में हैं। उनका साहस और दृढ़ विश्वास हमें बुधवार को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस और हर दिन प्रेरित करता रहे।' महात्मा गांधी की याद में 2007 से इस दिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने आधिकारिक आवास 'टैंपल ट्रीज़' में गांधी की कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया। श्रीलंका ने भी गांधी जयंती पर दो स्मारक टिकटें जारी किए। नेपाल की राजधानी काठमांडो में भारतीय दूतावास में गांधी की पहली प्रतिमा का अनावरण किया गया। काठमांडो के इंडिया हाउस में भारत और नेपाल के खादी और हथकरघा वस्त्र का फैशन शो आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने काठमांडो में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि विश्व नेता के विचार आज भी समान रूप से प्रासंगिक हैं। बांग्लादेश के शिक्षा मंत्री दीपू मोनी गांधी जयंती को लेकर भातीय उच्चायोग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। भारतीय दूत रीवा गांगुली दास ने इस अवसर पर बात की और रवींद्र संगीत गायक और आइसीसीआर की पूर्व छात्र रिजवाना चौधरी बन्या को 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' पुस्तक भी सौंपी।

फिलिस्तीन ने गांधी पर एक स्मारक डाक टिकट जारी करते हुए विश्व नेता की 150वीं जयंती के मौके पर उनकी विरासत और मूल्यों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। पेरिस में भारतीय दूतावास ने फ्रांस के ला पोस्टे के साथ गांधी की छवि के साथ डाक टिकट जारी किया। ब्रिटेन में जगह-जगह लोग एकत्रित हुए और गांधीजी के पसंदीदा भजन गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सिंगापुर में महात्मा गांधी मार्कर क्लिफोर्ड पियर में गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जहां 1948 में उनकी अस्थियों का एक हिस्सा विसर्जित किया गया था।

जापान में भारतीय मिशन ने भी इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए और गांधी के जीवन पर जापानी कॉमिक्स 'मांगा' जारी की गई। रूस के ड्यूमा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां भारतीय दूत के साथ-साथ ड्यूमा के उपाध्यक्ष सर्गेई नेवरोव और सभी राजनीतिक समूहों के नेताओं ने गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा दुबई, मॉरीशस, सऊदी अरब, लेबनान, म्यांमा, स्विटरजलैंड और अन्य देशों में भी गांधी की याद में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी ने सफलतापूर्वक अहिंसक आंदोलनों का नेतृत्व किया जिसने इतिहास बदल दिया।

बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण किया उत्तर कोरिया ने

सोल, 2 अक्तूबर (एएफपी)।

अमेरिका और उत्तर कोरिया द्वारा इस हफ्ते के अंत में परमाणु वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा के एक दिन बाद बुधवार को उत्तर कोरिया ने दो मिसाइलों का प्रक्षेपण किया। जापान ने कहा कि उनमें से एक मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरी। हालांकि मिसाइल किस प्रकार की थी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन इससे पहले जिन मिसाइलों का परीक्षण किया गया था वह कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल थी।

दक्षिण कोरिया के ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि ये मिसाइलें पूर्वी सागर (जापान सागर) में वानसन से दागी गई। उन्होंने एक बयान में कहा कि हमारी सेना हालात पर नजर रख रही है और पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं और प्रक्षेपण तो नहीं किए जाने हैं। वह इससे निपटने के लिए तैयार है।

जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने कहा कि तोक्यो राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित करेगा ताकि यह तय किया जा सके कि इसका जवाब कैसे दिया जाए।आबे ने संवाददाताओं से कहा, 'बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है और हम इसका कड़ा विरोध करते हैं और इसकी कड़ी निंदा करते हैं।' यह प्रक्षेपण ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर कोरिया के उप विदेश मंत्री चोई सन हुई ने कहा कि प्योंगयांग इस सप्ताह के अंत में वाशिंगटन के साथ कार्य-स्तरीय वार्ता करने पर सहमत है।

आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजंसी के मुताबिक, चोई ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को 'प्रारंभिक संपर्क' होगा और अगले दिन बातचीत होगी। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता मॉर्गन ऑर्टागस ने बाद में वार्ता की पुष्टि की।

प्रदर्शनकारी की मौत के बाद हांगकांग में रैलियां

हांगकांग, 2 अक्तूबर (एएफपी)।

हांगकांग में हिंसक अशांति के नाटकीय रूप से बढ़ने के मद्देनजर पुलिस की गोलीबारी में एक किशोर प्रदर्शनकारी की मौत से भड़के प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में बुधवार को अचानक हर जगह रैलियां कीं। हांगकांग में पिछले कई महीनों से प्रदर्शन जारी है।

कार्यालय के कर्मचारियों समेत हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी एक उद्यान में जमा हुए और शहर के व्यावसायिक इलाके से होते हुए मार्च की शुरुआत की तथा पुलिस एवं सरकार विरोधी नारे लगाए। इस रैली के लिए प्रशासन से मंजूरी नहीं ली गई थी।

पुलिस की गोलीबारी में एक किशोर प्रदर्शनकारी की मौत हो गई जिसके बाद वहां रैलियां हुईं।

इससे कुछ देर पहले सैकड़ों छात्रों ने पुलिस की गोली का शिकार हुए 18 वर्षीय सांग ची-किन के स्कूल में धरना दिया। सांग पर आरोप है कि उसने और नकाबपोश प्रदर्शनकारियों के समूह ने अधिकारियों पर छातों और डंडों से हमला किया था। करीब चार महीने से जारी प्रदर्शन में बढ़ते लोकतंत्र समर्थक हिंसक प्रदर्शनों में यह पहला मौका है जब प्रदर्शनकारियों को गोलियों का सामना करना पड़ा। गोलीबारी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पुलिस का कहना है कि राष्ट्रीय दिवस पर हुए संघर्ष में 25 अधिकारी घायल हो गए। इनमें से कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा फेंके गये तरल रासायनिक पदार्थ के कारण झुलस गए हैं। इससे कुछ पत्रकार भी घायल हो गए।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को 70 से अधिक लोगों को भर्ती कराया गया।

पुलिस ने दिन भर में 160 लोगों को गिरफ्तार किया।

रविवार को हुए संघर्ष के मामले में बुधवार को 96 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को 70 से अधिक लोगों को भर्ती कराया गया। पुलिस ने दिन भर में 160 लोगों को गिरफ्तार किया। बीते रविवार को पुलिस के साथ हुए संघर्ष के मामले में बुधवार को 96 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया, जिन पर अदालत के दस्तावेजों के मुताबिक दंगे का आरोप लगाया गया है। इनकी उम्र 14 साल से लेकर 39 साल के बीच है।

हांगकांग ने मंगलवार को साल के सबसे भीषण राजनीतिक संघर्ष का सामना किया, जब चीन कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के 70 साल पूरा होने का जश्न मना रहा था। इसके उपलक्ष्य में बेजिंग में विशाल सैन्य परेड का आयोजन हुआ था।

अपराधियों को चीन प्रत्यर्पित किए जाने की अनुमति संबंधी योजना के कारण हांगकांग में प्रदर्शन हो रहे थे, हालांकि इस योजना को अब खत्म कर दिया गया है।

31 अक्तूबर को यूरोपीय यूनियन छोड़ देगा ब्रिटेन : जॉनसन

मैनचेस्टर, 2 अक्तूबर (एएफपी)।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने नई ब्रेक्जिट योजना लाने से पहले बुधवार को यूरोपीय संघ से समझौते की अपील की। साथ ही कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए ब्रिटेन 31 अक्तूबर तक बिना समझौते के यूरोपीय यूनियन छोड़ देगा।

जॉनसन ने कहा कि दोनों पक्षों के लिए समझौते का विकल्प (जिसमें उत्तरी आयरलैंड सीमा पर या उसके निकट सीमाशुल्क जांच की अनुमति नहीं शामिल है) बिना समझौते के ब्रिटेन के यूरोपीय संघ छोड़ने के लिए है। उन्होंने कहा कि हम इसके परिणामों के लिए तैयार हैं।

बेजिंग में गांधी जयंती का कार्यक्रम भारतीय दूतावास में करना पड़ा स्थानांतरित

बेजिंग, 2 अक्तूबर (भाषा)।

बेजिंग स्थित सार्वजनिक पार्क में 2005 के बाद से प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले महात्मा गांधी जयंती समारोह को बुधवार को आखिरी समय में तब भारतीय दूतावास परिसर में स्थानांतरित करना पड़ा जब चीन की सरकार ने कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। यह जानकारी यहां स्थित भारतीय दूतावास अधिकारियों ने दी।

चीनी प्राधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया कि कार्यक्रम के लिए अनुमति क्यों नहीं दी गई है। साल 2005 में चीन के प्रसिद्ध मूर्तिकार युआन शिकुन द्वारा निर्मित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति बेजिंग के चाओयांग पार्क में लगाए जाने के बाद पिछले 14 वर्षों से गांधी जयंती कार्यक्रम वहां पर आयोजित हो रहे हैं। इस पार्क में गांधी की प्रतिमा चीन में उनकी एकमात्र मूर्ति है। प्रत्येक वर्ष भारतीय दूतावास युआन के साथ मिलकर दो अक्तूबर को कार्यक्रम आयोजित करता है जिसमें चीनी स्कूल के छात्र महात्मा गांधी के प्रसिद्ध विचार उद्धृत करते हैं और भारतीय समुदाय के सदस्य गांधी के भजन गाते हैं। युआन पार्क में ही स्थित जिन ताय कला संग्रहालय के क्यूरेटर भी हैं।

दूतावास के अधिकारियों ने कहा कि आश्चर्यजनक रूप से इस वर्ष अनुमति प्राप्त नहीं हुई जबकि आवेदन काफी समय पहले किया गया था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को तब दूतावास के प्रेक्षागृह में स्थानांतरित कर दिया गया जब संग्रहालय ने यह सूचित किया कि अनुमति के बिना कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सकता। दूतावास अधिकारी इजाजत नहीं मिलने से हैरान थे और उन्हें कार्यक्रम को दूतावास परिसर में स्थानांतरित करने के लिए हड़बड़ी में वैकल्पिक इंतजाम करना पड़ा।

चीन की सरकार ने कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। यह जानकारी यहां स्थित भारतीय दूतावास अधिकारियों ने दी।

परंपरा में यह बदलाव ऐसे समय आया है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अनौपचारिक शिखर बैठक के लिए इस महीने बाद में भारत की यात्रा पर आने की उम्मीद है। हालांकि भारत या चीन किसी ने भी शिखर बैठक, उसकी तिथि या आयोजन स्थल की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस बीच चीन में भारत के राजदूत विक्रम मिसरी ने गांधी की 150वीं जयंती पर भारतीय दूतावास में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। बाद में शाम में मिसरी ने चाइना आर्टिस्ट एसोसिएशन के 13 चीनी कलाकारों को सम्मानित किया जिन्होंने गांधी के चित्रों को बनाया था। उन चित्रों का विमोचन राजनयिक ने कार्यक्रम के दौरान किया।

नई स्वच्छ ऊर्जा की पहल करेंगे भारत और अमेरिका

वाशिंगटन, 2 अक्तूबर (भाषा)।

भारत और अमेरिका रणनीतिक रूप से अहम भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा के लिए नई पहल शुरू करेंगे। पहल का उद्देश्य इस क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देना है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे के मद्देनजर अमेरिका इस क्षेत्र में भारत की व्यापक भूमिका चाहता है।

एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया कि अमेरिका के ऊर्जा संसाधन विभाग के सहायक सचिव फ्रांसिस आर फेनन 30 सितंबर से छह अक्तूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। इस दौरान, दोनों देश अमेरिका-भारत स्वच्छ ऊर्जा कोष कार्यबल के तहत फ्लेक्सिबल रिसोर्स इनिशिएटिव (एफआरआइ) की शुरुआत करेंगे।

इस संबंध में फेनन, ऊर्जा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, यह पहल भारत-प्रशांत क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि को स्वच्छ ऊर्जा के जरिए बढ़ावा देने के अमेरिका और भारत के साझा विचार को अमल में लाएगी। यह पहल अमेरिका की अगुआई वाली एशिया एडज (ऊर्जा के माध्यम से वृद्धि और विकास को बढ़ाना) पहल का हिस्सा है।

FORM G
INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST
(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

RELEVANT PARTICULARS

1	Name of the corporate debtor	Lanco Solar Energy Private Limited
2	Date of incorporation of corporate debtor	16/06/2009
3	Authority under which corporate debtor is incorporated / registered	RoC- Hyderabad
4	Corporate identity number / limited liability identification number of corporate debtor	U40109TG2009PTC064018
5	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	Registered Office: Plot 4, Software Units Layout, HITEC City, Madhapur, Hyderabad Telangana-500081. Principal Office: 397, Udyog Vihar, Phase-3, Gurgaon-122016.
6	Insolvency commencement date of the corporate debtor	14/06/2019
7	Date of invitation of expression of interest	03/10/2019
8	Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at:	insolvencyandbankruptcy.in (This is the website of IPE of Resolution Professional) www.lancogroup.com
9	Norms of ineligibility applicable under section 29A are available at:	insolvencyandbankruptcy.in www.lancogroup.com (This is the website of IPE of RP)
10	Last date for receipt of expression of interest	12/10/2019
11	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	15/10/2019
12	Last date for submission of objections to provisional list	20/10/2019
13	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	22/10/2019
14	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	16/10/2019
15	Manner of obtaining request for resolution plan, evaluation matrix, information memorandum and further information	The Resolution professional will share the Request for Resolution Plan/ Evaluation Matrix/ Information Memorandum in electronic form after verification of KYC, capacity to invest, capability to manage and eligibility under Section 29A of IBC, 2016 and pre-qualification criteria, if any approved by COC.
16	Last date for submission of resolution plans	31/10/2019
17	Manner of submitting resolution plans to resolution professional	In electronic form to the email Id mentioned against serial No.21.
18	Estimated date for submission of resolution plan to the Adjudicating Authority for approval	As soon as approved by members of Committee of Creditors (COC)
19	Name and registration number of the resolution professional	Parveen Bansal IP Registration No.IBBI/IPA-001/IP-P00175/2017-18/10344
20	Name, Address and e-email of the resolution professional, as registered with the Board	Parveen Bansal J-347, Block J, Sarita Vihar, New Delhi. E-mail Id: pkbansal00@gmail.com
21	Address and email to be used for correspondence with the resolution professional	Mr. Parveen Bansal Address: E-10A, Kailash Colony, Greater Kailash-1, New Delhi-110048 lanco.solar@aaainsolvency.com parveenbansal@aaainsolvency.com
22	Further Details are available at or with	www.insolvencyandbankruptcy.in (This is the website of IPE of RP) www.lancogroup.com
23	Date of publication of Form G	03/10/2019

Parveen Bansal
Resolution Professional
In the matter of Lanco Solar EnergyPvt. Ltd.
IBBI/IPA-001/IP-P00175/2017-18/10344
Email Id: pkbansal00@gmail.com

शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस क.लि.
कॉर्पोरेट कार्यालय: 425, उद्योग विहार फेज-IV, गुड़गाँव-122015 (हरियाणा)
फोन: 0124-4212530/ 31/ 32, ई-मेल: customercare@shubham.co, वेबसाईट: www.shubham.co

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 (यहाँ के बाद "अधिनियम" विदित) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस कम्पनी लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय डी-305, भू तल, सर्वोदय एन्क्लेव, नई दिल्ली-110017 में है (यहां के बाद 'एसएसडीएफसी' वर्णित) के द्वारा आपकी ऋण खाता को एनपीए घोषित कर दिया गया है तथा आप एसएचडीएफसी को अपकी खाता में बकाया सम्पूर्ण राशि का भुगतान करने के लिये उत्तरदायी हैं। साथ ही आप अनुषांगिक खर्चे, चार्जेज आदि के साथ उपरोक्त राशि पर अनुबंधित दर पर आगे के ब्याज का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी हैं। अतः हम आपसे आग्रह करते हैं कि इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर एसएचडीएफसी को देय अपनी सम्पूर्ण देयताओं को निष्पादित करें अन्यथा एचएचडीएफसी अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिए अधिकृत होगा। ऋणधारकों तथा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	ऋणधारक का नाम	पता	सूचना राशि	प्रतिभूत परिसम्पत्ति
1.	मुजम्मिल राना मेहनाज	787, नाली पाड़ा मोहल्ला, मसूरी गाजियाबाद, डासना, आर.एस. यू.पी. नोएडा, उत्तर प्रदेश-201302	रु. 25,35,108/-	फ्लैट नं. 12, प्रथम तल, खसरा नं. 735 डी, 128/6, ग्राम किलोकरी दिल्ली दक्षिण-110014
2.	विम्पी लूथरा, अयेतुला एसएम	229 ए, दूसरा तल, फ्लैट नं. ई-32, ग्राम नेब सराय, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली-110062	रु. 1074878/-	मकान सं. 229, खसरा नं. 332, फ्लैट नं. ई-32, दूसरा तल, नेब सराय नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली-110062
3.	मोह. शमीम, रहीमा खान	एच.नं.-612, पुष्प विहार, सेक्टर-7, शनि मंदिर के निकट, नई दिल्ली-110017	रु. 8,17,551/-	सम्पत्ति सं. 171, भू तल, (रिअर पोर्शन), खसरा नं.-78, ग्राम खिरकी नई दिल्ली-110017
4.	सुमित कुमार, अतरकाली	बी-2/194, पंचवटी-4, लोनी, गाजियाबाद, उ.प्र.-201101	रु. 8,07,142/-	खसरा नं. 1085/2121, पंचवटी कॉलोनी, ग्राम-बेहटा हाजीपुर लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201102

स्थान: गुड़गाँव
तिथि: 01.10.2019

प्राधिकृत अधिकारी
शुभम हाउसिंग डेवलपमेन्ट फाइनांस कम्पनी लि

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की मांग सूचना 13(2)

शाखा कार्यालय: सी-3, पहला तल, मैन मार्केट, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017

यह मांग सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत एतदद्वारा कर्जदारों/गारंटरों को उनकी गारंटी में दी गई ऋण सुविधा की बकाया राशि का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए जारी की गई है। यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस सूचना के संदर्भ में नीचे वर्णित राशि और उस पर आगे ब्याज और प्रासंगिक व्यय, लागत आदि का भुगतान करने में असफल रहते हैं तो बैंक कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और अन्य लागू प्रावधान के अंतर्गत उसे प्राप्त सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचना दी जाती है कि आप बिना बैंक की लिखित अनुमति लिये इस सूचना में नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टे पर देने या अन्य लेनदेन नही कर सकते है। **बकाया राशि के साथ खाता और प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:**

अचल सम्पत्ति की अनुसूची एवं अन्य विवरण

कर्जदार/गारंटर का नाम	प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण	13(2) सूचना की तिथि एवं राशि
कर्जदार: **(1) मैसर्स प्योर वाटर हाउस,** **मालिक-श्रीमती निधि जैन** **पत्नी श्री सुनील कुमार जैन** सी-21, फ्लैट नं.102, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017 **(2) श्रीमती निधि जैन, पत्नी श्री सुनील कुमार जैन,** सी-22, टीएफ ब्लॉक-सी, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017 **गारंटर: श्री सुनील कुमार जैन** **पुत्र श्री जगजोत सिंह जैन** सी-22, टीएफ ब्लॉक-सी, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017	सी-21, फ्लैट नं.102 पहले मंजिल पर, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017 में स्थित है।	22.08.2019 को एनपीए 27.08.2019 को बकाया रु.20,78,242/- (जो इस सूचना की तिथि को बकाया मूलधन प्लस ब्याज को दर्शाता है)

आपका ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 27.08.2019

प्राधिकृत अधिकारी,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, मालवीय नगर, नई दिल्ली

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा

[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]

पीयूष कॉलोनाइजर्स लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण

1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	पीयूष कॉलोनाइजर्स लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	14.7.2004
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/ पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार, दिल्ली
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/ कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U40105DL2004PLC127584
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत पता: ए 16/बी 1, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल इस्टेट, मैन मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044 अन्य पता: "पीयूष गोयल-1", 1ला तल, प्लॉट नं.-5, वाईएमसीए चौक, एनएच-2, मैन मथुरा रोड, फरीदाबाद-121005, हरि.
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	30.9.2019
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	28.3.2020
8.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के रूप में कार्यरत है	उमेश गर्ग, पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-P00135/2017-2018/10277
9.	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का पता एवं ईमेलः	पता: 2रा तल, 3-सिंधिया हाउस, जनपथ, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 ई-मेलः umeshg60@gmail.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	उमेश गर्ग, एल्मॉड्ज इन्सॉल्वेन्सी रिजॉल्यूशन्स सर्विसेस प्रा.लि., एफ-33/3, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020 ई-मेलः cirppiyush@gmail.com
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	14.10.2019
12.	क्रेडीटर का वर्ग यदि कोई हो, धारा 21 की उप धारा (6ए) के उपबंध (बी) के अंतर्गत, अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल द्वारा सुनिश्चित किया गया	वर्ग (गों) का नाम होम बायर्स
13.	किसी वर्ग में क्रेडीटर्स के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये पहचान किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफेशनल का नाम (प्रत्येक वर्ग से तीन नाम)	1. संदीप खन्ना 2. श्री श्याम अरोड़ा 3. श्री विरेन्द्र जीत सिंह
14.	क) संबंधित प्रपत्र तथा (ख) प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है	क) वेबलिंकः https://www.ibbi.gov.in/ ख) भौतिक पताः एफ-33/3, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, ने 30.9.2019 को पीयूष कॉलोनाइजर्स लिमिटेड के संदर्भ में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। एतद्द्वारा पीयूष कॉलोनाइजर्स लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि प्रविष्टि सं. 10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के पास 14.10.2019 को या उससे पूर्व प्रमाणों के साथ अपने दावे जमा करें।

फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही प्रमाणों के साथ अपने दावे जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से प्रमाणों के साथ अपने दावे जमा कर सकते हैं।

प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष यथा सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय क्रेडीटर प्रपत्र सीए में होम बायर्स के वर्ग के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफेशनलों में से प्राधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद को दर्शाएं- लागू नहीं

दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाणों को जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

तिथि: 3.10.2019 — **उमेश गर्ग**

स्थान: नई दिल्ली — **अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल**

The Indian EXPRESS
Classifieds
FROM ANYTHING TO EVERYTHING.

CLASSIFIED AD DEPOT (CAD)

Book classified ads at your nearest Express Group's authorised Classified Ad Depots

EAST

PATPARGANJ : CHAVI ADVERTISERS, Ph.: 9899701024, 22090987, 22235837, **PREET VIHAR :** AD BRIDGE COMMUNICATION, Ph.: 9810029747, 42421234, 22017210, **SHAKARPUR :** PARICHAY ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9350309890, 22519890, 22549890

WEST

JANAKPURI : TRIMURTI ADVERTISERS, Ph.: 9810234206, 25530307, **KAROL BAGH (REGHARPURA) :** K R ADVERTISERS, Ph.: 9810316618, 9310316618, 41547697, **KARAMPURA :** GMJ ADVERTISING & MARKETING PVT. LTD., Ph.: 9310333777, 9211333777, 9810883377, **NEW MOTI NAGAR :** MITTAL ADVERTISING, Ph.: 25178183, 9810538183, 9555945923, **MOTI NAGAR :** UMA ADVERTISERS, Ph.: 9312272149, 8800276797, **RAMESH NAGAR :** POSITIVE ADS, Ph.: 9891195327, 9310006777, 65418908, **TILAK NAGAR :** SHIVA ADVERTISERS, Ph.: 9891461543, 25980670, 20518836, **VIKAS PURI :** AAKAR ADVT. MEDIA Ph.: 9810401352, 9015907873, 9268796133

CENTRAL

CHANDNI CHOWK : RAMNIWAS ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9810145272, 23912577, 23928577, **CONNAUGHT PLACE :** HARI OM ADVERTISING COMPANY Ph.: 9811555181, 43751196

NORTH

TIS HAZARI COURT : SAI ADVERTISING, Ph.: 9811117748 **KINGWAY CAMP :** SHAGUN ADVERTISING, Ph.: 9818505505, 27458589, **PATEL CHEST (OPP. MORRIS NAGAR POLICE STATION) :** MAHAN ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9350304609, 7042590693, **PITAMPURA (PRASHANT VIHAR) :** PAAVAN ADVERTISER Ph.: 9311564460, 9311288839, 47057929

SOUTH

CHATTARPUR : A & M MEDIA ADVERTISING, Ph.: 9811602901, 65181100, 26301008, **KALKAJI :** ADWIN ADVERTISING, Ph.: 9811111825, 41605556, 26462690, **MALVIYA NAGAR :** POOJA ADVERTISING & MARKETING SERVICE, Ph.: 9891081700, 24331091, 46568866, **YUSUF SARAI :** TANEJA ADVERTISEMENT & MARKETING Ph.: 9810843218, 26561814, 26510090

NCR

FARIDABAD (NEELAM FLYOVER) : AID TIME (INDIA) ADVERTISING, Ph.: 9811195834, 0129-2412798, 2434654, **FARIDABAD (NIT, KALYAN SINGH CHOWK) :** PULSE ADVERTISING, Ph.: 9818078183, 9811502088, 0129-4166498, **FARIDABAD :** SURAJ ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9810680954, 9953526681, **GURGAON :** SAMBODHI MEDIA PVT. LTD., Ph.: 0124-4065447, 9711277174, 9910633399, **GURGAON :** AD MEDIA ADVERTISING & PR, Ph.: 9873804580, **NOIDA (SEC. 29) :** RDX ADVERTISING, Ph.: 9899268321, 0120-4315917, **NOIDA (SEC. 65) :** SRI SAI MEDIA, Ph.: 0120-4216117, **NOIDA (SEC. 58) :** JAI LAKSHMI ADVERTISERS, Ph.: 9873807457, 9911911719 **GHAZIABAD (HAPUR ROAD TIRAHA, NR GURUDWARA) :** TIRUPATI BALAJI ADVERTISING & MARKETING, Ph.: 9818373200, 8130640000, 0120-4561000

EDUCATION (IAS & PMT ACADEMIES)

FRIENDS PUBLICITY SERVICE 23287653, 23276901, 9212008155

For CAD enquiries please contact :
ROHIT JOSHI 9818505947, **ABHINAV GUPTA** 9910035901
For booking classified ads, please contact 011-23702148, 0120-6651215, E-mail : delhi.classifieds@expressindia.com

बर्खास्त एमडी ने गड़बड़ी के लिए 'सतही ऑडिट' को ठहराया जिम्मेदार

मुंबई, 2अक्तूबर (भाषा)।

पंजाब एंड महाराष्ट्र को - ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक के बर्खास्त प्रबंध निदेशक (एमडी) जॉय थॉमस ने बैंक में गड़बड़ी के लिए ऑडिटरों को दोषी ठहराते हुए आरोप लगाया है कि समय की कमी से उन्होंने बैंक के बही खातों का 'सतही ऑडिट' किया।

भारतीय रिजर्व बैंक को 21 सितंबर को लिखे पांच पन्ने के पत्र में थॉमस ने बैंक के वास्तविक एनपीए और एचडीआईएल के कर्ज के बारे में वास्तविक जानकारी छिपाने में शीर्ष प्रबंधन समेत निदेशक मंडल के कुछ सदस्यों की भूमिका को कबूल किया है। हालांकि, थॉमस ने आरबीआई को भेजे पत्र में किसी ऑडिटर के नाम का जिक्र नहीं किया है। बैंक की 2018-19 ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक , 2010-11 से बैंक के तीन ऑडिटर - लकड़वाल एंड कंपनी , अशोक जयेश एंड एसोसिएट्स और डीबी केतकर एंड कंपनी - थे।

इन ऑडिटरों की ओर से भेजे गए ई - मेल का 24 घंटे बाद भी जवाब नहीं दिया है। थॉमस ने पत्र में दावा किया है कि वैधानिक ऑडिटरों ने पीएमसी बैंक के बही खातों का सतही तौर पर ऑडिट किया गया था क्योंकि बैंक बढ़ रहा था। थॉमस ने दावा किया- चूंकि बैंक के व्यवसाय में वृद्धि हो रही थी, ऑडिटरों ने समय के कमी के कारण सभी खातों के पूरे परिचालन की जांच - पड़ताल के बजाए सिर्फ बढ़े हुए कर्ज और उधार की जांच - पड़ताल की। इस बैंक ने अपने कुल कर्ज का का बहुत बड़ा हिस्सा केवल एक कंपनी समूह एचडीआईएल को दे रखा है। इस साल सितंबर के अंत में इस समूह पर कारीब 6500 करोड़ रुपए का बकाया था।

थामस ने कहा है कि प्रतिष्ठा गिरने के डर से बैंक ने अपने बड़े खातों के बारे में रिजर्व बैंक को 2008 से कोई जानकारी नहीं दी थी। उन्होंने लिखा है- संचालक मंउल, आडिटरों और विनियामकों को बड़े खातों की जानकारी इस नहीं दी गई क्योंकि इससे प्रतिष्ठा गिरने का डर था। 2015 से पहले कुछ बड़े कर्जदारों की ज्यादातर सूचना शाखा स्तर पर ही रखी जाती थीं और उनके खातों का ब्योरा सामने नहीं आता था। स्थिति तब बदली जब रिजर्व बैंक ने 2017 में बैंक द्वारा दिए जाने वाली उधार/कर्ज की राशियों का ब्योरा मांगना शुरू किया।

ललित मोदी और पत्नी के स्विस बैंक खातों का ब्योरा मांगा भारत ने

नई दिल्ली/बर्न, 2 अक्तूबर (भाषा)।

भारत ने कर संबंधी मामलों में सहयोग की द्विपक्षीय संधि के तहत ऐसे मामलों में स्विट्जरलैंड से सहयोग का अनुरोध किया है।

क्रिकेट टूर्नामेंट आइपीएल के पूर्व कमिश्नर ललिल मोदी और उनकी पत्नी के स्विस बैंक खातों की जानकारी के बारे में भारतीय अधिकारियों के अनुरोध पर स्विट्जरलैंड ने दोनों के नाम सार्वजनिक सूचना जारी की है। भारत ने विदेशों में जमा कालेधन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर रखी है।

भारत ने कर संबंधी मामलों में सहयोग की द्विपक्षीय संधि के तहत ऐसे मामलों में स्विट्जरलैंड से सहयोग का अनुरोध किया है। स्विट्जरलैंड के संघीय कर विभाग ने ललित मोदी और उनकी पत्नी मिनाल मोदी (उर्फ मिनालिनी मोदी) के अलावा कुछ अन्य इकाइयों के बारे में मांगी गई जानकारी देने से पहले अपने देश के नियमों के तहत संघीय राजपत्र में उनके नाम के नोटिस जारी किए हैं। सूचना साझा करने से पहले इन इकाइयों को नोटिस जारी कर अपनी बात या आपत्ति रखने का अवसर दिया जाता है।

मोदी के बारे में बताया जाता है कि वह 2010 में भारत से लंदन चले गए थे। उन पर मनी लांड्रिंग का एक मामला चल रहा है। लेकिन उनका कहना है कि उन्होंने कोई गड़बड़ी नहीं की है। गौर करने लायक एक बात यह है कि मोदी दंपत्ति के खिलाफ 2016 में भी ऐसे ही नोटिस जारी किए गए थे। पर यह नहीं पता चल सका है कि उसके बाद इन दोनों के खातों के बारे में भारत को जानकारी उपलब्ध कराई गई थी या नहीं। हाल के महीनों में भारत के अनुरोध पर कई इकाइयों के बारे में स्विट्जरलैंड के राजपत्र में इस तरह के नोटिस जारी किए गए थे और कानून के तहत उनके बारे में भारत को सूचनाएं उपलब्ध कराई गई हैं। भारत का आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय सहित केंद्रीय एजंसियां उन मामलों में अभियोजन की कार्रवाई कर रही हैं।

आरसीईपी के व्यापार मंत्रियों की बैठक बैंकाक में 10-12 को

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) पर बातचीत कर रहे भारत और जापान समेत 16 देशों के व्यापार मंत्रियों की अगले सप्ताह बैंकाक में अहम बैठक होगी। आरसीईपी पर बातचीत अंतिम दौर में है। एक अधिकारी ने यह बात कही।

क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी की यह आठवीं मंत्री स्तरीय बैठक 10 से 12 अक्टूबर को होगी और वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इसमें हिस्सा लेंगे। अधिकारी ने कहा कि संभवत यह आखिरी मंत्री स्तरीय बैठक होगी क्योंकि उत्पाद के उद्गम संबंधी नियमों जैसे कुछ ही मुद्दों को अंतिम रूप देना बाकी रह गया है।

आरसीईपी समझौते पर 10 आसियान सदस्य देश (ब्रुनेइ, कंबोडिया, इंडोनिशया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलिपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) और आस्ट्रेलिया, चीन भारत, जापान, कोरिया के साथ न्यूजीलैंड के बीच बातचीत हो रही है।

ओटीटी नियमों को अंतिम रूप देने में और समय लेगा ट्राई

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) इंटरनेट के सहारे विविध सेवाएं देने वाली कंपनियों (ओटीटी) के लिए नियमों को अंतिम रूप देने में अतिरिक्त समय लेगा। नियमों में मुख्य तौर पर सुरक्षा और वैध रूप से दखल देने पर जोर दिया जा रहा है।

ओटीटी से आशय 'ओवर द टॉप' सेवाओं से होता है। इसमें ऐसी कंपनियां आती हैं जो दूरसंचार नेटवर्क कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले इंटरनेट के सहारे अपनी सेवाएं देती हैं। इनमें स्काइप, वाइबर, व्हाट्सएप, हाइक, स्नैपचैट जैसी संदेश और इंटरनेट फोन सेवाएं देने वाली विभिन्न कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा ऑनलाइन मनोरंजन प्रदान करने वाली नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम, हॉटस्टार, जी5 और आल्ट बालाजी भी ओटीटी का हिस्सा हैं। ओटीटी के लिए नियमों को अंतिम रूप देने में ट्राई को एक महीने का अतिरिक्त समय लग सकता है। ट्राई इस संबंध में ओटीटी पर अंतरराष्ट्रीय नियम-विनियम को देख रहा है। उसका विशेष ध्यान सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर है।

ट्राई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ओटीटी पर नियम बनाने को लेकर नियामक 'व्यावहारिक धारणा' अपनाने के पक्ष में है। हालांकि ओटीटी के उपयोग से दूरसंचार सेवाप्रदाताओं को भी लाभ हुआ है क्योंकि लोगों का इंटरनेट उपभोग बढ़ा है। ऐसे में दूरसंचार कंपनियों का इनके मुफ्त सेवाएं देने का तर्क बहुत ज्यादा मान्य नहीं रह गया है। अधिकारी ने कहा कि ऐसे में ओटीटी नियमों के बारे में आर्थिक पक्ष उतना महत्व पूर्ण नहीं रह गया है।

अधिकारी ने कहा- अब ओटीटी नियमों में सुरक्षा बड़ा मुद्दा बन गया है। बड़ा सवाल अब यह है कि सुरक्षा चिंताओं का समाधान कैसे किया जाना है, अन्य देश सुरक्षा संबंधी चिंताओं से कैसे निपट रहे हैं, नियमों से जुड़ी समस्या अब सीमित हो चुकी है और अब यह उतनी जटिल और बड़ी नहीं है जितनी पहले थी। ट्राई ने पिछले साल ओटीटी कंपनियों को नियामकीय ढांचे के दायरे में लाने के लिए एक परिचर्चा पत्र पेश किया था। बाद में इनमें से कई मंच सरकार की निगरानी के दायरे में आ गए और सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी कानूनों में भी बदलाव का प्रस्ताव है ताकि इन कंपनियों के लिए बेहतर जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

ढाई सौ जिलों में आज लोन मेला लगाएंगे बैंक

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

बैंक देशभर के 250 जिलों में गुरुवार से 'लोन मेले' के प्रथम चरण की शुरुआत करेंगे। खुदरा ग्राहकों और लघु व मध्यम उद्योगों को तेजी से ऋण उपलब्ध कराने के लिए मेले के दौरान बैंक विशेष अभियान चलाएंगे ताकि त्यौहारी मौसम की मांग को पूरा किया जा सके। ऋण मेले का पहला चरण तीन अक्तूबर से शुरु होकर चार दिन तक चलेगा। इसमें खुदरा, कृषि, वाहन, आवास, लघु व मध्यम उद्योग, शिक्षा और निजी श्रेणी के ऋणों को वास्तविक समय में ही उपलब्ध करा दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक, ऑफ बड़ौदा और कॉरपोरेशन बैंक समेत सभी बैंकों ने इस त्योहारी मांग का लाभ उठाने के लिए खुद को तैयार कर लिया है। पहले चरण में शामिल 250 जिलों में से 48 जिलों में भारतीय स्टेट बैंक और 17 में बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य बैंक है।

पिछले महीने की शुरुआत में सरकारी बैंकों ने अपने वार्षिक प्रदर्शन का आकलन करने के बाद 400 जिलों में ऋण मेला आयोजित करने का निर्णय किया है। बाद में निजी क्षेत्र के बैंकों ने भी इस पहल में शामिल होने की इच्छा जताई है।

भारत-22 ईटीएफ की चौथी पेशकश आज

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

सरकार गुरुवार (तीन अक्तूबर) को भारत -22 ईटीएफ की चौथी खेप पेश करेगी। इससे निवेशकों से 8,000 करोड़ रुपए तक जुटाए जाने की उम्मीद है। आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की ओर से दायर सूचना के मुताबिक, यह एंकर निवेशकों के लिए तीन अक्तूबर को खुलेगा। अन्य संस्थागत व खुदरा निवेशकों के लिए यह चार अक्तूबर को खुलेगा। यह कंपनी भारत -22 ईटीएफ का प्रबंधन कर रही है। निवेशकों को निर्गम मूल्य पर तीन फीसद की छूट मिलेगी।

मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा- इस पेशकश का मूल निर्गम आकार दो हजार करोड़ रुपए होने का अनुमान है जिसके साथ अतिरिक्त छह हजार करोड़ रुपए बढ़ाने का विकल्प होगा। सरकार अब तक भारत -22 ईटीएफ से करीब 35,900 करोड़ रुपए जुटा चुकी है। नवंबर में 2017 में 14,500 करोड़ रुपए , जून 2018 में 8,400 करोड़ रुपए और फरवरी 2019 में 13 हजार करोड़ रुपए जुटाए गए। ईटीएफ से प्राप्त धन से सरकार को चालू वित्त वर्ष के लिए 1.05 लाख करोड़ रुपए के विनिवेश लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी।

सड़कों पर लगीं एक करोड़ एलईडी लाइट से 6.71 अरब यूनिट बिजली की बचत

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

देश की सड़कों पर अब तक एक करोड़ एलईडी बल्ब लागए जा चुके हैं। बिजली मंत्री आरके सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य मार्च 2020 तक इनकी संख्या 1.34 करोड़ पहुंचाने का है। सिंह ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर एक करोड़वें एलईडी स्ट्रीट लाइट को देश को सर्मिपत किया।

'स्ट्रीट लाइट नेशनल प्रोग्राम' (एसएलएनपी) के तहत अब तक देश के विभिन्न भागों में एक करोड़ एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं। इससे 6.71 अरब यूनिट बिजली की बचत और व्यस्त समय में बढ़ने वाली बिजली की मांग में 1,119.40 मेगावाट की कमी आएगी। साथ ही 46.3 लाख टन सालाना कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। बिजली मंत्रालय के अधीन आने वाली एनर्जी इफीशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन कर रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों पर लगी एलईडी लाइट से 2.7 लाख किलोमीटर सड़क रोशन हुई। इस कार्यक्रम के तहत मार्च 2020 तक 1.34 करोड़ परंपरागत स्ट्रीट लाइट की जगह स्मार्ट एलईडी लाइट लगाने का लक्ष्य है। ईईएसएल की अगले 4-5 साल में 2024 तक इस क्षेत्र में 8,000 करोड़ रुपये निवेश लाने की योजना है। इसके तहत देशभर में 3 करोड़ से अधिक एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी।

बिजली मंत्री सिंह ने कहा- सतत भविष्य की परिकल्पना को साकार करने के प्रयासों में ऊर्जा दक्षता और संरक्षण महत्त्वपूर्ण है। आज हम अत्यंत गर्व के साथ एक करोड़ स्मार्ट और ऊर्जा दक्ष एलईडी स्ट्रीट लाइट भारत के लोगों को सर्मिपत कर रहे हैं। यह देश के ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। एसएलएनपी को लागू करने वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश 28.9 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइट के साथ सबसे आगे चल रहा है। इसके बाद 10.3 लाख एलईडी लाइट के साथ राजस्थान दूसरे और 9.3 लाख के साथ उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहा है। अब तक देश भर में 1,502 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) ने इस कार्यक्रम के तहत पंजीकरण किया है। इन निकायों में से 900 में काम पूरा किया जा चुका है। बिजली मंत्रालय के अनुसार बड़े स्तर पर बदलाव के लिये ईईएसएल ने बचत के जरिए भुगतान करने के 'पे एज यू सेव' (पेज) मॉडल को अपनाया है।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)

शाखा कार्यालयः रोड नं.7, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली

कब्जा सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), अधिनियम 2002 के नियम 8(1) के तहत

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के एक्ट नं. 54) के अंतर्गत यूको बैंक, रोड नं. 7, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 20.6.2019 जारी कर ऋणधारकः 1) निशि ट्रेडेक्स प्रा.लि., जिसका पंजीकृत कार्यालय एस-24, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली में है तथा फैक्ट्री प्लॉट नं. 307, फेज-6, सेक्टर-37, गुड़गाँव में स्थित है, 2) ध्रुवज्योति हजारिका (निदेशक एवं गारन्टर), निवासी एच. 77, 2रा तल, रेजीडेन्सी ग्रीन, ग्रीनवुड सिटी, झसरा, गुड़गाँव तथा साथ हीः 35-बी, भूतल, भवानी कुंज, नई दिल्ली, 3) आशुतोष कुमार श्रीवास्तव (निदेशक एवं गारन्टर) मकान सं. 502, सद्भावना अपार्टमेन्ट, सेक्टर-22, द्वारका, नई दिल्ली, साथ हीः चोमू, हरहुवा, वाराणसी, 4) पंकज तिवारी (निदेशक) निवासीः 466/11, गेट नं. 4, रत्तन गार्डन गुड़गाँव, 5) नीरज तिवारी (गारन्टर), निवासीः 1384, सेक्टर-10ए, गुड़गाँव तथा साथ हीः 139, छोटा अखाड़ा, ब्रह्मपुरी, जयपुर, 6) विन्ध्य बिल्डकॉन प्रा.लि. (गारन्टर) पंजी. कार्यालयः 282, सत्य निकेतन, नई दिल्ली 7) नितिन ओबराय (गारन्टर कम्पनी के निदेशक) निवासीः एफ-162, सेक्टर-56, सुशांत लोक-3, गुड़गाँव एवं 8) अमित कुमार (गारन्टर कम्पनी के निदेशक) निवासीः श्याम प्लाजा, शॉप नं. 20, सिविल हॉस्पीटल के निकट, सिविल लाइन्स, गुड़गाँव को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 2,91,54,615.45 (रुपये दो करोड़ इक्यानवे लाख चौवन हजार छः सौ पन्द्रह एवं पैंतालिस मात्र) 31.05.2019 तक ब्याज सहित तथा 1.6.2019 से उस पर आगे का ब्याज तथा अन्य अनुषांगिक चार्जेज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक, इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/गारन्टर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 26 सितम्बर, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 2,91,54,615.45 (रुपये दो करोड़ इक्यानवे लाख चौवन हजार छः सौ पन्द्रह एवं पैंतालिस मात्र) 31.05.2019 तक ब्याज सहित तथा 1.6.2019 से उस पर आगे का ब्याज तथा अन्य अनुषांगिक चार्जेज, वसूली यदि कोई हो, को घटाकर, यूको बैंक, रोड नं. 7, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली शाखा के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक/गारन्टर का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

सम्पत्ति सं.: बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 1, पेज नं. 9 तथा जिसकी एक प्रति अतिरिक्त बुक नं. 1, वॉल्यूम 37, पेज नं. 16 से 18 में सब रजिस्ट्रार, फरीदाबाद के पास पंजीकृत टाइटल डीड नं. 15938 तिथि 17.2.2014 के माध्यम से विन्ध्य बिल्डकॉन प्रा. लि. के स्वामित्व में शाप नं. एसएफ-03, 2रा तल, क्राउन इन्टेरियर्ज, ग्राम सराय ख्वाजा, फरीदाबाद में शॉप माप 2835 वर्ग फीट। चौहद्दी इस प्रकार हैः पूर्वः यूनिट नं. 2, उत्तरः पैसेज, पश्चिमः यूनिट नं. 4, दक्षिणः प्रवेश सम्पत्ति सं. 2: सब रजिस्ट्रार, गुड़गाँव के पास बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 18, पेज नं. 148 तथा उसकी एक प्रति अतिरिक्त बुक नं. 1, वॉल्यूम नं. 287 पर पेज नं. 41 से 42 में चस्पा की गई है, में पंजीकृत टाइटल डीड नं. 14255 तिथि 14.2.2003 के माध्यम से ध्रुवज्योति हजारिका, पुत्र धरम कांता हजारिका के स्वामित्व में 77, ब्लॉक-एच, 2रा तल, रेजीडेन्सी ग्रीन, निकट ग्रीनवुड्स सिटी, झसरा, गुड़गाँव में स्थित आवासीय सम्पत्ति माप 1514 वर्ग फीट।
चौहद्दी इस प्रकार हैः उत्तर पूर्वः प्लॉट नं. एच 78, उत्तर पश्चिमः रोड, दक्षिण पूर्वः बाउण्ड्री, दक्षिण पश्चिमः प्लॉट नं. एच 76

तिथिः 26.09.2019 — **प्राधिकृत अधिकारी**

स्थानः नई दिल्ली — **यूको बैंक, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India (1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911)

प्रतिभूतिकरण अधिनियम, 2002 की मांग सूचना 13(2)

शाखा कार्यालयः भगीरथ पैलेस, दिल्ली-110006

यह मांग सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत एतद्द्वारा कर्जदारों/गारंटरों को उनकी गारंटी में दी गई ऋण सुविधा की बकाया राशि का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए जारी की गई है। यदि आप अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत इस सूचना के संदर्भ में नीचे वर्णित राशि और उस पर आगे ब्याज और प्रासंगिक व्यय, लागत आदि का भुगतान करने में असफल रहते हैं तो बैंक कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) और अन्य लागू प्रावधान के अंतर्गत उसे प्राप्त सभी या किसी अधिकार का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचना दी जाती है कि आप बिना बैंक की लिखित अनुमति लिये इस सूचना में नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टे पर देने या अन्य लेनदेन नहीं कर सकते है। **बकाया राशि के साथ खाता और प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:**

अचल सम्पत्ति की अनुसूची एवं अन्य विवरण

कर्जदार/गारंटर का नाम	प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण	13(2) सूचना की तिथि एवं राशि
श्री नवीन गुप्ता (कर्जदार) एवं श्रीमती शालिनी गुप्ता (सह-कर्जदार) ई-216, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065	मालिकः श्रीमती शालिनी गुप्ता तीसरा तल, भूखण्ड सं. ई-216, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065 <u>जो घिरा है:</u> पूर्वः 80 फीट चौड़ी रोड पश्चिमः 15 फीट चौड़ी सर्विस लेन उत्तरः प्लॉट नं.217 दक्षिणः प्लॉट नं.218	11.08.2019 को एनपीए रु.4,19,72,649/- (आगे ब्याज लागू) (जो 26.08.2019 को बकाया मूलधन प्लस ब्याज को दर्शाता है)

आपका ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थानः नई दिल्ली — **प्राधिकृत अधिकारी,**

दिनांकः 26.08.2019 — **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भगीरथ पैलेस, दिल्ली**

बिहार में बाढ़

पटना के राजेंद्र नगर इलाके में बुधवार को राहत सामग्री लेकर जातीं महिलाएं।

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पशु चारे का घोर अभाव

भागलपुर, 2 अक्तूबर (जनसत्ता)।

राहत शिविरों में शरण लिए बाढ़ पीड़ितों को भोजन तो किसी तरह मिल रहा है। मगर पशु चारे का घोर अभाव है। चारों ओर बाढ़ से घिरे पानी की वजह से प्रशासन भी लाचार-सा नजर आ रहा है। हालांकि, भागलपुर के जिलाधीश प्रणब कुमार ने राहत शिविरों का जायजा लिया है। एसएसपी आशीष भारती और सिटी एसपी सुशांत कुमार सरोज ने खुद नाथनगर के शिविर में राहत सामग्री का वितरण किया है। मगर हालात अभी भी ठीक नहीं हैं। खासकर पशु चारे की। आठ लोगों की मौतें दीवार गिरने से हो चुकी हैं। दो पीड़ित की ट्रेन की चपेट में आने से जान चली गई।

टीएनबी कॉलेजिएट स्कूल मैदान में करीब दो सौ बाढ़ पीड़ित खुले मैदान में रह रहे हैं। परशुराम मंडल कहते हैं कि प्लास्टिक और बांस-बल्ले खुद जुगाड़ कर छत तैयार की है। यहां करीब पांच सौ पशुओं के लिए चारे का प्रशासनिक तौर पर अब तक इंतजाम नहीं हुआ है। पीड़ित सुखदेव महतो कहते हैं कि पशुओं के चारे की घोर दिक्कत है।

पशु पालन महकमा के रीजनल डायरेक्टर डॉ अश्विनी कुमार ने भी कबूला कि चारे का अभी तक वितरण नहीं हो पाया है। वे कहते हैं कि चारे का इंतजाम किया जा रहा है। चारे के कुछ बोरे यहां जुगाड़ गाड़ी से भेजे गए हैं। मगर ये नाकाफी है। पर्याप्त मात्रा में इंतजाम होने के बाद ही वितरित किया जाएगा।

इस शिविर में चवन्निया (शंकरपुर) दियारा के बाढ़ पीड़ित शरण लिए हुए हैं। नाथनगर, हवाई अड्डा, सबौर, टिल्लाकोठी वगैरह शिविरों का भी कमोवेश यही हाल है। इन शिविरों में करीबन दस हजार से ज्यादा मवेशी हैं। लेकिन प्रभावित मवेशियों की संख्या करीब पचास हजार बताई जा रही है। इन शिविरों में न तो तरीके से महिलाओं के लिए शौच, स्नान की अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। स्वास्थ्य और स्वच्छता का तो नामोनिशान नहीं है। सरकारी भोजन के अलावा कुछ सामाजिक संस्थाओं के खाने के पैकेट इन्हें मिल रहे हैं। फिर भी नाकाफी है।

भागलपुर के पंद्रह प्रखंडों के 265 गांवों की ढाई लाख आबादी बाढ़ से बुरी तरह तबाह है। गंगानदी का जलस्तर खतरे के निशान से 77 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। सहायक नदियां भी उफान मार रही हैं। ये लोग बेघर हो जहां-तहां शरण लिए है। सुल्तानगंज से अकबर नगर के बीच लोग रेल पटरियों पर शरण लिए हैं।

बेटी से बलात्कार के दोषी को उम्रकैद

कोटा, 2 अक्तूबर (भाषा)।

पॉक्सो अदालत ने बेटी से बलात्कार के दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

न्यायाधीश जगेंद्र कुमार अग्रवाल ने दोषी पर 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पॉक्सो की अदालत में विशेष लोक अभियोजक ललित शर्मा ने बताया कि 15 साल की बेटी का बार-बार बलात्कार करने के दोषी व्यक्ति को अदालत ने मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि अदालत का यह मानना था कि अगर व्यक्ति को छोड़ दिया गया तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। लड़की और उसकी मां ने 10 सितंबर, 2017 को कोटा के अनंतपुरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी।

पटना कलेक्ट्रेट को गांधी सर्किट से जोड़ने की मांग

पटना, 2 अक्तूबर (भाषा)।

सदियों पुराने पटना कलेक्टरेट इमारत को गिराने पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है जिससे इसके संरक्षण की मांग कर रहे लोगों को 'उम्मीद की एक किरण' दिखाई दी है। अब महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर लोगों ने प्रशासन से इस इमारत को गांधी पर्यटन सर्किट से जोड़े जाने की मांग की है।

रिचर्ड एटनबरो की ऑस्कर पुरस्कार विजेता फिल्म 'गांधी' के कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों को इसी इमारत में फिल्माया गया था। इस इमारत के डच युगीन रेकॉर्ड रूम को फिल्म में मोतिहारी जेल और ब्रिटिश काल में निर्मित जिला कलेक्टरेट को एक अदालत के रूप में दिखाया गया था।

शहर के निवासी अंजुम अब्दीन बताते हैं, 'लोग बिहार सरकार से कलेक्टरेट को बचाने की अपील करते आ रहे हैं और इसका इस्तेमाल सांस्कृतिक स्थल के रूप में किया जाता रहा है लेकिन सरकार इस इमारत को गिराने की योजना को आगे बढ़ाने पर अड़ी है। पटना हाई कोर्ट ने इस पर रोक का जो आदेश दिया, उससे ऐतिहासिक इमारतों के प्रशंसकों ने राहत की सांस ली है।' अमेरिका निवासी तथा पटना से ताल्लुक रखने वाली त्विशा चंद्रा लंदन स्थित गांधी फाउंडेशन की कार्यकारी समिति की सदस्य हैं। वह हाल ही में अपने गृह प्रदेश आई थीं और उनका कहना है कि इस इमारत को गिराने के बजाय इसे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गांधी सर्किट से जोड़ा जाना चाहिए।

पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन में विश्व भारती विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास के प्रोफेसर अनिल कुमार भी कलेक्टरेट को गांधी सर्किट से जोड़े जाने के विचार का समर्थन करते हैं। पटना के ऐतिहासिक 'किला हाउस' के बाशिंदे और प्राचीन विरासत के प्रशंसक आदित्य जालान कहते हैं, 'पटना को अपने ऑस्कर संबंध का प्रचार करना चाहिए। पर्यटक उन देशों और स्थलों की यात्रा पर जाते हैं जहां 'हैरी पॉटर' और 'गेम आफ थ्रोन्स' जैसे सीरियलों का फिल्मांकन हुआ। पटना ऐसा क्यों नहीं कर सकता?'

गांधी मैदान के समीप स्थित कलेक्टरेट में हिस्से का निर्माण 16वीं सदी में पुर्तगालियों द्वारा बनाया गया था। इसमें जिला बोर्ड पटना इमारत भी शामिल है जिसका निर्माण 1938 में ब्रिटिश शासकों ने कराया था। जालान कहते हैं, 'बिहार सरकार गांधी मैदान में एक विशाल 'खादी मॉल' का निर्माण करा रही है। इसके बजाय सरकार इमारत के पुर्तगाली हिस्से को खादी मॉल में परिवर्तित कर सकती थी। गांधी की 150वीं जयंती इससे कितना बढ़िया संदेश जाता।'

पान मसाला व खुशबूदार सुपारी पर राजस्थान में प्रतिबंध

जयपुर, 2 अक्तूबर (भाषा)।

राजस्थान सरकार ने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर राज्य में मैग्निशियम कार्बोनेट, निकोटिन, तंबाकू या मिनरल ऑयल युक्त पान मसाला और फ्लेवर्ड सुपारी के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

एक सरकारी बयान के अनुसार महाराष्ट्र, बिहार के बाद राजस्थान देश का ऐसा तीसरा राज्य बन गया है जहां इन उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि युवाओं में नशे की लत को रोकने के लिए यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इन पदार्थों की पुष्टि स्टेट सेंट्रल पब्लिक हैल्थ लैबोरेट्री राजस्थान द्वारा कराई जाएगी।

शर्मा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत ऐसे सभी उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी घटिया सामग्री की बिक्री को नियंत्रित कर, चोरी के माल की बिक्री पर सख्ती बरतते हुए इन पर पूरी तरह से रोक लगाने की कार्य योजना बनाई जा रही है। इससे पूर्व सरकार ने ई-सिगरेट और हुक्का बारों पर भी प्रतिबंध लगाया था।

ओड़ीशा में सात खनिज ब्लॉकों की नीलामी करेगी सरकार

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

सरकार 22 अक्तूबर से एक नवंबर तक ओड़ीशा में सात खनिज ब्लॉकों की नीलामी करेगी। इन ब्लॉक में 14.80 करोड़ टन का खनिज भंडार है।

खान मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक सात खानों की नीलामी की जा रही है। इनमें चार चूना पत्थर ब्लॉक, दो क्रोमाइट अयस्क खान और एक ग्रेफाइट ब्लॉक है। खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले महीने कहा था कि सरकार खदानों को पट्टे पर देने के लिए 'पहले आओ, पहले पाओ' की व्यवस्था की तरफ वापस नहीं लौटेगी क्योंकि देश में प्राकृतिक संसाधनों का आबंटन नीलामी प्रक्रिया के जरिए करने का कानून है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन मिनरल इंडस्ट्रीज (फिमी) के पुरानी प्रणाली को लागू करने की वकालत करने के बाद यह बयान आया। खान सचिव अनिल मुकीम ने भी इसी तरह का रुख जताते हुए कहा था कि नीलामी एक पारदर्शी प्रक्रिया है और राज्य सरकारें इसे आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 65 से ज्यादा खानों की नीलामी की जा चुकी है और नौ खानों का परिचालन शुरू हो गया है।

हम जीतेंगे

प्लास्टिक पर पाबंदी लगाने के समर्थन में बुधवार को भोपल में आयोजित कार रैली में शामिल युवतियां। प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

हैदराबाद में मृत पाए गए एनआरएससी के वैज्ञानिक

हैदराबाद, 2 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) के 56 साल के वैज्ञानिक सुरेश कुमार यहां अपने आवास पर रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। एनआरएससी इसरो का एक विभाग है और कुमार इस केंद्र के फोटो विभाग में कार्यरत थे।

पुलिस के अनुसार जब कुमार की मौत हुई, तब वह अपने अपार्टमेंट में अकेले थे। कुमार की पत्नी चेन्नई में रहती हैं और उन्होंने कई बार अपने पति को फोन किया था। कुमार का कोई जवाब नहीं मिलने पर उनकी पत्नी ने उनके मित्रों को इसकी सूचना दी। कुमार के मित्र उनके फ्लैट पर पहुंचे तो दरवाजा बाहर से बंद पाया जिसके बाद उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। भीतर जाने पर कुमार मृत मिले। उनके सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्टया यह मामला हत्या का लगता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने कहा, महासभा में इमरान खान का भाषण झूठ का पुलिंदा

श्रीनगर, 2 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को कहा कि पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कश्मीर के हालात के बारे में जो कुछ भी कहा, वह 'झूठ का पुलिंदा' है। राज्य सरकार ने जोर देकर कहा कि अगस्त में संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद से अब घाटी में जनजीवन लगभग सामान्य हो गया है।

राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने यहां वक्तव्य में कहा, 'यूएनजीए में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का संबोधन झूठ का पुलिंदा था। अर्द्धसत्य और जानबूझकर बोले गए झूठ के जरिए पाकिस्तान अपने खुद के आतंकी रिकॉर्ड, खासकर जम्मू-कश्मीर में आतंकियों को खुलेआम समर्थन से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहा था।' अधिकारी ने कहा कि कश्मीर में कर्फ्यू और पाबंदियों के बारे में खान का दावा सच्चाई से कोसों दूर है और स्थानीय प्रशासन ने असामाजिक तत्त्वों को किसी भी प्रकार की परेशानी खड़ी करने से रोकने के लिए कुछ हिस्सों में आवाजाही को कुछ हद तक प्रतिबंधित किया है। इसमें भी हफ्तेभर में ढील दे दी गई है। ढील को धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है और इस हद तक बढ़ाया गया है कि अब लगभग पूरा राज्य पाबंदियों से मुक्त है।

उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर में आने-जाने पर कोई पाबंदी नहीं है। नागरिक, बाहरी लोग, पत्रकार और अन्य सभी यहां आ जा सकते हैं। यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में वस्तुतः पाबंदियां हैं। लेकिन सच्चाई के आगे कुछ नहीं टिकता। यह सड़कों पर यातायात से साबित किया जा सकता है। यातायात जाम, हवाई यातायात में यात्रियों की संख्या, अस्पतालों के सामान्य कामकाज, आवश्यक नागरिक आपूर्ति की उपलब्धता और पत्रकारों की निर्बाध आवाजाही से इसे देखा जा सकता है।' उन्होंने कहा, 'यह तथ्य है कि सभी राजमार्ग खुले हैं, हवाई परिचालन सामान्य है और यातायात सामान्य चल रहा है, जो यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि पाबंदियों का सिद्धांत एक पड़ोसी की कल्पना का हिस्सा है जो यह देखकर निराश है कि जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य बने हुए हैं और एक गोली भी नहीं चलाई गई है।'जम्मू को श्रीनगर से जोड़ने वाला और आगे करगिल व लेह तक जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग सामान्य रूप से चल रहा है। उन्होंने कहा कि बीबीसी, वॉशिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, फॉरेन पॉलिसी, एपी, एएफपी, रॉयटर्स, डडब्ल्यू, अल जजीरा आदि, जिनमें से कई सरकार के आलोचक भी हैं, समेत कई प्रमुख राष्ट्रीय प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के 200 से अधिक पत्रकार यहां सुगमता से रिपोर्टिंग कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि मानवाधिकार उल्लंघनों और सैनिकों की तैनाती के बारे में जानबूझ कर झूठ फैलाए जा रहे हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों से जुड़े वास्तविक मुद्दे मसलन सामान्य जीवन जीने के इच्छुक नागरिकों को आतंकियों की तरफ से जो खतरा है, उनकी उपेक्षा हो रही है।

नितेश भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगेः राणे

मुंबई, 2 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे ने बुधवार को कहा कि उनके पुत्र नितेश राणे आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर कंकावली सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने दावा किया कि उनके पुत्र का नाम भाजपा की दूसरी सूची में होगा।

नितेश राणे ने 2014 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सिंधुदुर्ग जिले की कंकावली सीट से तत्कालीन भाजपा विधायक प्रमोद जठार को हरा कर चुनाव जीता था। सत्तारूढ़ भाजपा ने मंगलवार को 21 अक्तूबर को होने वाले राज्य चुनावों के लिए 125 उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की, जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और राज्य इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल के नाम शामिल हैं, लेकिन एकनाथ खडसे और विनोद तावड़े का नाम गायब हैं। नारायण राणे ने कहा, 'नितेश का नाम दूसरी सूची में होगा और वह कंकावली से चुनाव लड़ेगा।' राणे ने उनकी 'महाराष्ट्र स्वाभिमान पार्टी' को भाजपा में विलय करने की अटकलों पर, कहा, 'इसके एक सप्ताह में होने की संभावना है।' राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पहले शिवसेना में थे, जिसे उन्होंने 2005 में छोड़ दिया था और कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वे 2017 तक कांग्रेस के साथ बने रहे जिसके बाद उन्होंने अपना राजनीतिक संगठन बनाया और सत्तारूढ़ भाजपा के सहयोगी बन गए। वे वर्तमान में भाजपा के टिकट पर राज्यसभा सदस्य हैं।

कर्ण सिंह ने विश्व शांति के लिए अंतरधार्मिक आंदोलन की वकालत की

पुणे, 2 अक्तूबर (भाषा)।

पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह ने बुधवार को यहां कहा कि विश्व शांति के लिए अंतरधार्मिक आंदोलन की जरूरत है। वह महात्मा गांधी की जयंती पर एमआइटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 'विज्ञान, धर्म और दर्शन की विश्व संसद' के मौके पर बोल रहे थे।

सिंह ने कहा कि आज हमें 'विश्व शांति के लिए अंतरधार्मिक आंदोलन' की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मानवता को 'विज्ञान, धर्म और दर्शन' के समागम की जरूरत है। सिंह ने कहा कि एक सफल अंतरधार्मिक आंदोलन के कुछ प्रमुख तत्त्वों में दिव्यता की ओर ले जाने वाले अनेक रास्तों, लैंगिक समानता, पर्यावरण संरक्षण की स्वीकार्यता शामिल हैं।

इस मौके पर गांधीवादी विचारक डॉ. रामजी सिंह और मद्रास विश्वविद्यालय के डॉ राधाकृष्णन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडी इन फिलॉस्फी के पूर्व निदेशक डॉ. टीएस देवदॉस को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी शांति पुरस्कार प्रदान किया गया।

पहले 'टॉयलेट कॉलेज' से प्रशिक्षित होकर निकले 3,200 स्वच्छताकर्मी

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

पिछले एक साल में करीब 3,200 स्वच्छताकर्मियों को देश के पहले 'टॉयलेट कॉलेज' कहे जाने वाले संस्थान में प्रशिक्षित किया गया है। उन्हें प्रशिक्षण के बाद निजी क्षेत्र की पहल पर रोजगार भी मिला है।

महाराष्ट्र में औरंगाबाद स्थित 'हार्पिक वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज' स्वच्छताकर्मियों को उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने और उन्हें कार्य संबंधी खतरों के प्रति जागरूक बनाने में सहायता कर रहा है। अगस्त 2018 में स्थापित यह कॉलेज ब्रिटिश कंपनी रेकिट बेनकाइजर द्वारा संचालित है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि अब तक कॉलेज ने 3,200 स्वच्छता कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है और उन सभी को रोजगार पाने में मदद दी है। प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के संगठनों और कंपनियों में रोजगार मिला है। हार्पिक वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज में 25-30 कर्मियों की संख्या वाले हर बैच की रोज तीन घंटे कक्षा लगती है। कंपनी ने बताया कि महिलाओं के लिए दोपहर 1-4 बजे तक और पुरुषों के लिए सायंकाल 4-7 बजे तक कक्षा लगती है। कंपनी ने यह भी बताया कि प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मचारी अपने क्षेत्र में बेहतर ज्ञान और कौशल से युक्त हैं और वे अपने समुदाय में जाकर हजारों अन्य स्वच्छताकर्मियों और उनके परिवारों को भी प्रशिक्षित कर सकेंगे।

जो गांधी के बारे में नहीं जानते वे एनआरसी की बात करते हैं : कांग्रेस

कोलकाता, 2 अक्तूबर (भाषा)।

पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष सोमेन मित्र ने बुधवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार को लेकर कहा कि जो लोग महात्मा गांधी के सिद्धांतों को नहीं समझते, वे एनआरसी की बात करते हैं और मुसलिमों को देश से बाहर भगा रहे हैं। मित्र के बयान पर भाजपा ने कहा कि राष्ट्रपिता कांग्रेस की निजी संपत्ति नहीं हैं।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर सुबोध मलिक चौराहे से मायो रोड स्थित गांधी प्रतिमा तक मार्च में भाग लेने वाले मित्र ने कहा कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस की सरकार और केंद्र की भाजपा नीत सरकार महात्मा गांधी के सिद्धांतों को नहीं समझतीं।

मित्र ने संवाददाताओं से कहा, 'उन्हें गांधीजी और उनके संघर्ष का सम्मान करने का बहाना बंद कर देना चाहिए। जो लोग गांधीजी को नहीं समझते वे राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की बात करते हैं, मुसलिमों को बाहर भगा रहे हैं और देश में सांप्रदायिक विभाजन कर रहे हैं।' पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी पूरी जिंदगी सांप्रदायिक सौहार्द के लिए लड़ते रहे लेकिन जो लोग केंद्र और राज्य में सत्ता में हैं, वे अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सौहार्द को नष्ट करने पर तुले हुए हैं।

मित्र के बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव राहुल सिन्हा ने कहा, 'महात्मा गांधी राष्ट्रपिता हैं। कांग्रेस को इस तरह का व्यवहार नहीं करना चाहिए कि गांधीजी और पार्टी एक-दूसरे के पर्याय हैं। यह सच नहीं है।' उन्होंने कहा, 'हमें गांधी जी पर कांग्रेस से सबक सीखने की जरूरत नहीं है।'

ओड़ीशा : मंदिर में महात्मा गांधी की पूजा की गई

संबलपुर (ओड़ीशा), 2 अक्तूबर (भाषा)।

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को संबलपुर जिले में भटरा स्थित गांधी मंदिर में आंगुतकों का जमावड़ा लगा रहा। उन्होंने राष्ट्रपिता की कांस्य प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाए और उनके सामने भजन गाए। कई सामाजिक संगठनों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व विधायक अभिमन्यु कुमार ने 1974 में इस मंदिर की स्थापना की थी। भटरा निवासी रोज सुबह-शाम यहां आते हैं और पुजारी के साथ गीता का पाठ होता है और 'राम धुन' गाई जाती है।

खबर कोना

दोहा में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 400 मीटर हर्डल हीट में भाग लेतीं नॉर्वे की एम्ले।

एलिसा हीली ने महिला टी-20 में बनाया नया विश्व रेकार्ड

सिडनी, 2 अक्तूबर (भाषा)।

आस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को नाबाद 148 रन बनाकर महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक पारी में सर्वोच्च स्कोर का नया विश्व रेकार्ड बनाया। विकेटकीपर बल्लेबाज हीली ने अपनी पारी में केवल 61 गेंदें खेली तथा 19 चौके और सात छक्के लगाए। हीली ने हमवतन मेग लैनिंग का रेकार्ड तोड़ा जिन्होंने इसी साल जुलाई में चेम्सफोर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 133 रन बनाए थे।

आस्ट्रेलिया ने यह मैच 132 रन से जीतकर तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप भी किया। आस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हीली की तूफानी पारी और राचेल हेन्स के 41 रन की मदद से दो विकेट पर 226 रन बनाए और अपने पिछले सर्वोच्च स्कोर की बराबरी की। इसके जवाब में श्रीलंका की टीम सात विकेट पर 94 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से चमारी अटापट्टू ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। आस्ट्रेलिया के लिए निकोला कैरी ने 15 रन देकर तीन विकेट लिए।

मैरी कॉम और युवा मुक्केबाजों से पदक की उम्मीद

उलान उदे (रूस), 2 अक्तूबर (भाषा)।

छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम अपने अनुभव की बदौलत गुरुवार से शुरू हो रही विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में एक बार फिर पदक की दावेदार होंगी। भारत को युवा खिलाड़ियों से भी पदक की उम्मीद होगी। मणिपुर की 36 साल की मैरी कॉम का करिअर शानदार रहा है लेकिन वह 51 किग्रा वर्ग में विश्व खिताब नहीं जीत पाई हैं और रूस के शहर में वह इस खिताब को भी अपनी झोली में डालना चाहेंगी। मैरी कॉम ने 51 किग्रा वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद ओलंपिक कांस्य पदक और एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता है। पूर्व चैंपियन एल सरिता देवी (60 किग्रा) पर भी सभी की निगाहें होंगी। उन्होंने ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछली बार की कांस्य पदक विजेता और अपने से कहीं अधिक युवा सिमरनजीत कौर को हराया। इंडिया ओपन की स्वर्ण पदक विजेता नीरज (57 किग्रा) और जमुना बोरो (54 किग्रा) उन पांच मुक्केबाजों में शामिल हैं जो इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेंगी और उलटफेर करने में सक्षम हैं। इसके अलावा 75 किग्रा वर्ग में पूर्व एशियाई चैंपियन स्वीटी बूरा पर नजरें रहेंगी। उन्होंने 2014 में इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था।

राष्ट्रीय कोच मोहम्मद अली कमार ने बताया कि टीम में अच्छा मिश्रण है। पिछली बार हमने चार पदक जीते थे, देखते हैं पदार्पण करने वाली मुक्केबाज इस बार चुनौती को लेकर कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।

रोहित के शतक से भारत का दमदार आगाज

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टैस्ट में बिना विकेट खोए 202 रन बनाए

विशाखापत्तनम, 2 अक्तूबर (भाषा)।

टैस्ट क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज की भूमिका का शानदार आगाज करते हुए रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टैस्ट में शतक जड़ा। इससे भारत ने वर्षा प्रभावित पहले दिन बुधवार को बिना विकेट खोए 202 रन बनाकर बेहतरीन शुरुआत की। चाय के विश्राम के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई जिसके बाद तीसरे सत्र में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। अंपायरों ने तीन बजकर 30 मिनट पर दिन का आगे का खेल रद्द करने का फैसला किया।

पहले सत्र में कुछ मौकों पर दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने में सफल रहे। लेकिन एक बार लय में लाने के बाद रोहित (174 गेंद में नाबाद 115) और मयंक अग्रवाल (183 गेंद में नाबाद 84) ने तेजी से रन बटोरे। यह शतक संभवतः रोहित शर्मा के टैस्ट करिअर को नई दिशा दे सकता है क्योंकि शुरुआत से ही उन्हें खेल के लंबे प्रारूप में मध्यक्रम में जगह बनाने के लिए जूझना पड़ा है।

लंच से पहले अर्धशतक पूरा करने वाले रोहित ने स्पिनरों को विशेष रूप से निशाना बनाया। वह अपनी पारी में अब तक पांच छक्के और 12 चौके जड़ चुके हैं। अग्रवाल ने अब तक अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे हैं। रोहित ने ऑफ स्पिनर डेन पीट पर लगातार दो छक्कों के साथ अपना स्कोर 90 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने पदार्पण कर रहे स्पिनर सेनुरान मुथुस्वामी पर एक रन के साथ 154 गेंद में अपना चौथा टैस्ट शतक पूरा किया। अग्रवाल भी अपने पहले टैस्ट शतक की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने दूसरे सत्र में स्पिनर केशव महाराज पर एक्स्ट्रा कवर पर छक्के के साथ अर्धशतक पूरा किया।

दूसरे सत्र के अंतिम लम्हों में हालांकि आसमान में बादल छाने से खराब रोशनी के कारण चाय का विश्राम निर्धारित समय से आठ मिनट पहले लेना पड़ा। इससे पहले भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों का सतर्कता से सामना करने के बाद रोहित और अग्रवाल सुबह के सत्र में 30 ओवर के खेल के दौरान क्रीज पर सहज दिखे।

दक्षिण अफ्रीका ने पिच से टर्न मिलने की उम्मीद के साथ महाराज, डेन पीट और पदार्पण कर रहे मुथुस्वामी के रूप में टीम में तीन स्पिनरों को जगह दी। मुथुस्वामी बल्लेबाजी ऑलराउंडर हैं। सभी की निगाहें रोहित पर थी जिन्हें टीम प्रबंधन ने टैस्ट क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारने का फैसला किया। रोहित ने तेज गेंदबाज कागिसो रबादा की अपनी दूसरी ही गेंद को बैकवर्ड प्वाइंट पर चार रन के लिए भेजा लेकिन उनका यह शॉट विश्वसनीय नहीं था। रोहित ने इसके बाद वर्नन फिलेंडर पर भी चौका मारा।

पिच से पहले दो घंटे में तेज गेंदबाजों और स्पिनरों को अधिक मदद नहीं मिली जिसका रोहित और अग्रवाल ने पूरा फायदा उठाया। फिलेंडर ने कुछ मौकों पर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन अधिक गति से गेंदबाजी करने वाले रबादा ने निराश किया। पहले घंटे में रोहित और फिलेंडर के बीच संघर्ष दर्शनीय रहा।

अभ्यास मैच में रोहित को दूसरी ही गेंद पर आउट करने वाले फिलेंडर ने चार ओवर के शुरुआती स्पैल में गेंद को दोनों ओर मूव कराके इस सलामी बल्लेबाज को चुनौती दी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टैस्ट के दौरान विकेटों के बीच दौड़ लगाते रोहित शर्मा और मयंक अग्रवाल।

115 रन नाबाद बनाए रोहित शर्मा ने

84 रन बनाकर खेल रहे हैं मयंक

पिच से पहले दो घंटे गेंदबाजों को अधिक मदद नहीं मिली जिसका रोहित और अग्रवाल ने पूरा फायदा उठाया।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : मयंक अग्रवाल खेल रहे हैं 84, रोहित शर्मा खेल रहे हैं 115, कुल: 59.1 ओवर में बिना विकेट खोए : 202 रन, गेंदबाजी : फिलेंडर 11.1-2-34-0, रबादा 13-5-35-0, महाराज 23-4-66-0, पीट 7-1-43-0, मुथुस्वामी 5-0-23-0

लोढ़ा समिति की सिफारिशों को निष्प्रभावी किया जा रहा : आप्टे

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) के पूर्व अध्यक्ष अभय आप्टे का मानना है कि अयोग्य हुए पदाधिकारियों के परिवार के सदस्यों द्वारा अधिकांश राज्य संघों पर नियंत्रण बनाने से न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा समिति की संवैधानिक सिफारिशों के मुख्य सिद्धांत निष्प्रभावी हो रहे हैं। बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन ने अपनी बेटी रूपा के जरिए तमिलनाडु क्रिकेट संघ पर नियंत्रण बरकार रखा है। निरंजन शाह के बेटे जयदेव सौराष्ट्र इकाई के सचिव हैं जबकि अनुराग ठाकुर के भाई अरुण ठाकुर एचपीसीए अध्यक्ष पद पर काबिज हैं। दागी और जेल की सजा काट रहे आशीर्वाद बेहड़ा के बेटे संजय ओड़ीशा क्रिकेट संघ के नए सचिव हैं।

इसके अलावा बड़ौदा क्रिकेट संघ में चिरायु अमीन के बेटे प्रणव अध्यक्ष बने हैं और राजस्थान में अशोक गहलोत के बेटे केशव जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। बीसीसीआइ की विधि समिति के अहम सदस्य रहे आप्टे ने कहा कि हां, हम अंततः समझ गए हैं कि न्यायमूर्ति लोढ़ा समिति ने जिन सुधारवादी कदमों का सुझाव दिया था वह असल में क्या थे। पेशे से वकील आप्टे ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि वह अब 'समझ' गए हैं कि लोढ़ा समिति के मूल सिद्धांत 'अधिकारों का संकेंद्रण नहीं होने और कई कार्यकाल नहीं होने' का मतलब क्या था।

आप्टे ने कहा कि अधिकारों का संकेंद्रण नहीं होना और कई कार्यकाल नहीं होना। हां, हम अब इसे समझ गए हैं। इसका मतलब है कि परिवार का एक ही सदस्य हमेशा संघ का नियंत्रण अपने हाथों में नहीं रख सकता। किसी भी तरह नहीं। उसे अपने परिवार के अन्य सदस्य को यह देना होगा। शायद अपने बेटे, बेटी, भाई आदि को।

हितों का टकराव हमेशा से वैधानिक से अधिक धारणा से जुड़ा मामला है जैसा कि राज्य इकाइयों के चुनाव या चयन से संकेत मिलते हैं। आप्टे ने कहा कि और यह बिलकुल ठीक और वैधानिक है। सभी खुश हैं।

सीओए ने जारी किया आम सभा का नोटिस

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

प्रशासकों की समिति (सीओए) ने बुधवार को बीसीसीआइ की आम सभा की बैठक 23 अक्तूबर को कराने की आधिकारिक घोषणा की। साथ ही साफ किया कि केवल संशोधित संविधान का 'अनुपालन' करने वाले सदस्यों को ही इसमें भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। सीओए ने सभी सदस्यों के लिए नोटिस जारी किया। बैठक से 21 दिन पहले ऐसा करना जरूरी था। चुनाव की तिथि पहले ही घोषित की जा चुकी है। सीओए ने साथ ही एजंडा भी भेजा है जिसमें बीसीसीआइ के पांच पदाधिकारियों और एक काउंसलर का चुनाव शामिल है। 2016-17, 2017-18 के लिए लेखा परीक्षण किए गए खातों को अनुमोदित करना और वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए सांविधिक अंकेक्षकों की नियुक्ति का अनुमोदन करना भी एजंडा का हिस्सा है। नोटिस में हालांकि चेतावनी भी दी गई है।

इसमें कहा गया है कि कृपया ध्यान दें कि सुप्रीम कोर्ट के नौ अगस्त 2018 और 20 सितंबर 2019 के फैसले के अनुसार सीओए द्वारा निर्धारित किए गए बीसीसीआइ के केवल अनुपालन करने वाले सदस्यों को ही आम सभा की बैठक में भाग लेने की अनुमति होगी। यह तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) के लिए स्पष्ट संदेश है जिसने हाल में चुनाव करवाए लेकिन सीओए ने पाया कि राज्य संघ बीसीसीआइ के संशोधित संविधान का अनुपालन नहीं करता है।

कपिल ने सीएसी से त्यागपत्र दिया, गायकवाड़ भी पद छोड़ने को तैयार

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

कपिल देव ने आचरण अधिकारी डीके जैन द्वारा हितों के टकराव का नोटिस मिलने के बाद तीन सदस्यीय क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) से त्यागपत्र दे दिया। वैसे इस पूर्व भारतीय कप्तान को 'अस्तित्वहीन समिति' के लिए लिखित में इस्तीफा देने की जरूरत नहीं थी। प्रशासकों की समिति (सीओए) के प्रमुख विनोद राय ने स्पष्ट किया कि उनके हिसाब से सीएसी हितों के टकराव के दायरे में नहीं आते हैं और उन्हें केवल मुख्य कोच के चयन के लिए नियुक्त किया था।

इस समिति में कपिल देव, महिला टीम की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी और अंशुमन गायकवाड़ शामिल हैं। जैन ने मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ के आजीवन सदस्य संजीव गुप्ता की शिकायत पर इन तीनों को नोटिस जारी किए हैं। रंगास्वामी पहले ही समिति से इस्तीफा दे चुकी हैं और तीसरे सदस्य गायकवाड़ ने कहा कि अगर समिति अस्तित्व में है तो वह भी त्यागपत्र देने के लिए तैयार हैं।

स्टीपलचेज के फाइनल में अविनाश

दोहा, 2 अक्तूबर (भाषा)।

भारत के अविनाश साब्ले ने नाटकीय हालात में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। अनु रानी क्वालीफाइंग दौर की शानदार फॉर्म को फाइनल में दोहराने में नाकाम रहीं और महिला भाला फेंक स्पर्धा में आठवें स्थान पर रहीं। महाराष्ट्र के मांडवा के 25 साल के साब्ले विश्व चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी हैं।

अविनाश पहले दौर की हीट में नया राष्ट्रीय रेकार्ड बनाने के बावजूद शुरुआत में पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे थे। लेकिन इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने विरोध किया कि दौड़ के दौरान अन्य धावकों ने उनका रास्ता रोका जिसके बाद उन्हें फाइनल में जगह दी गई। अविनाश ने हीट में आठ मिनट 25.23 सेकंड के समय के साथ आठ मिनट 28.94 सेकंड के अपने ही राष्ट्रीय रेकार्ड में सुधार किया। वह तीसरी हीट में सातवें और दौड़ में हिस्सा ले रहे कुल 44 धावकों में 20वें स्थान पर रहे। स्पर्धा के दौरान हालांकि दो बार ऐसी घटनाएं हुईं जब उनके रास्ते में अवरोध हुआ।

एएफआइ ने बाद में अपील दायर करते हुए दावा किया कि अविनाश का रास्ता अन्य धावकों ने रोका और साथ ही आग्रह किया कि उन्हें फाइनल में जगह दी जाए। एक घंटे बाद स्पर्धा के रेफरी वीडियो फुटेज देखने के बाद सहमत हुए कि दो मौकों पर अविनाश के रास्ते में अवरोध हुआ। नियम 163.2 (अवरोध होना) के तहत भारत के विरोध को स्वीकार किया गया और अविनाश को फाइनल में जगह मिली।

एएफआइ के नीति आयोग के अध्यक्ष ललित भनोट ने बताया कि हमने अपील दायर की और हमें अनुकूल फैसला मिला। इसलिए अविनाश फाइनल में हैं, उन्हें फाइनल में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में जगह दी गई है। साब्ले के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ।

पीयू चित्रा विश्व चैंपियनशिप से बाहर

एशियाई चैंपियन पीयू चित्रा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बावजूद विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। बुधवार को चित्रा ने चार मिनट 11.10 सेकंड का समय लिया जो उनके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चार मिनट 11.55 सेकंड (पिछले साल गुवाहाटी में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप में) से बेहतर है। वह दूसरे हीट मे आठवें और कुल 35 धावकों में 30वें स्थान पर रहीं।

विजय हजारे ट्रॉफी : पांडे, राहुल ने कर्नाटक को जीत दिलाई

बंगलुरु, 2 अक्तूबर (भाषा)।

कप्तान मनीष पांडे और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल की शानदार पारियों से कर्नाटक ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच में बुधवार को छत्तीसगढ़ को 79 रन से हराया। कर्नाटक ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर राहुल के 81 और पांडे के नाबाद 142 रन की मदद से निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 285 रन बनाए। इसके बाद छत्तीसगढ़ को 44 ओवरों में 206 रन पर ढेर कर दिया।

छत्तीसगढ़ की तरफ से अमनदीप खरे ने 43 और शशांक चंद्राकर ने 42 रन बनाए। कर्नाटक के लिए एम प्रसिद्ध कृष्णा ने 31 रन देकर तीन, श्रेयस गोपाल ने 53 रन देकर तीन और रोनित मोरे ने 52 रन देकर दो विकेट लिए। ग्रुप ए के ही एक अन्य मैच में सौराष्ट्र ने आंध्र को 153 रन से करारी शिकस्त दी।

सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए समर्थ व्यास के नाबाद 124 रन और विश्वराज जडेजा के 82 रन की मदद से तीन विकेट पर 298 रन बनाए। इसके बाद आंध्र को 145 रन पर आउट कर दिया। जयदेव उनादकट ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। इस बीच झारखंड ने 36 ओवर के मैच में केरल पर पांच रन की रोमांचक जीत दर्ज की। केरल की टीम सचिन बेबी (60) और विष्णु विनोद (56) के अर्धशतकों के बावजूद 253 रन पर आउट हो गई।

ब्रिटेन से हारी भारतीय महिला हॉकी टीम

मारलो (इंग्लैंड), 2 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन ने चौथे मैच में बुधवार को 1-3 से शिकस्त दी जो उसकी इंग्लैंड दौर में पहली हार है। ब्रिटेन ने हन्नाह मार्टिन (पांचवें मिनट) के गोल से शुरू में ही बढ़त हासिल कर ली लेकिन भारत की नेहा गोयल ने 18वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चार्लोट वाटसन ने मध्यांतर से ठीक पहले 29वें मिनट में गोल कर-के ब्रिटेन को आगे किया जबकि जिसेली एंसली ने 50वें मिनट में तीसरा गोल दागा। इससे ब्रिटेन इस शृंखला में पहली जीत दर्ज करने में सफल रहा। विश्व में नंबर नौ भारत ने अपने पहले मैच में 2-1 से जीत दर्ज की थी जबकि इसके बाद अगले दो मैच 1-1 और 0-0 से बराबर रहे थे। भारत और ब्रिटेन के बीच पांचवां और अंतिम मैच शुक्रवार को खेला जाएगा।

तैराकी में पलक और सिद्धार्थ को स्वर्ण

बंगलुरु, 2 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय गोताखोर पलक शर्मा और सिद्धार्थ परदेशी ने बुधवार को अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। इससे भारत एशियाई आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में 64 पदक जीतकर अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। भारतीय गोताखोरों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। वे पांच स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य सहित 12 पदक जीतने में सफल रहे। भारत ने इस तरह से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 20 स्वर्ण, 24 रजत और 20 कांस्य पदक सहित 64 पदक जीते। पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रही पलक शर्मा ने 5मी/7.5मी प्लेटफॉर्म में 162.70 का अंक बनाकर पहला स्थान हासिल किया।

'आंकड़े नहीं योगदान मायने रखता है'

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर (भाषा)।

महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि टैस्ट क्रिकेट में एक सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए अलग सोच और मानसिकता चाहिए। यहां प्रतिभा को प्रदर्शन में बदलने और उसमें निरंतरता बनाए रखने की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टैस्ट में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में रोहित शर्मा टीम प्रबंधन के 'वीरेंद्र सहवाग मॉडल' के फैसले पर खरे उतरे। तेंदुलकर ने कहा कि क्रिकेट के इस पारंपरिक प्रारूप में नई गेंद का सामना करने को लेकर मानसिकता की जरूरत होती है।

तेंदुलकर ने कहा कि यह मानसिकता के बारे में है। अगर कोई पारी का आगाज करना चाहता है तो उसकी मानसिकता अलग तरह की होनी चाहिए। सहवाग के बारे तेंदुलकर ने कहा कि मानसिकता के साथ-साथ उनके पास क्षमता की कोई कमी नहीं थी। उनकी मानसिकता अलग तरह की थी। टैस्ट या एक दिवसीय में वह एक ही तरीके से बल्लेबाजी करते थे। उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता हमेशा रही। यह खिलाड़ी की क्षमता पर भी निर्भर करता है।

टैस्ट में 200 मैच खेल कर विश्व रेकार्ड बनाने वाले तेंदुलकर ने कहा कि ऐसे कई खिलाड़ी हैं जो आक्रामक होना चाहते हैं लेकिन उसका इस्तेमाल करने के लिए निरंतरता जरूरी है और सहवाग ऐसा करने में सक्षम थे। वह क्रम (सलामी बल्लेबाजी) उनके मुफीद था। रोहित के लिए अभी हमें इंतजार करना होगा कि यह योजना कैसे काम करती है। सलामी बल्लेबाज के तौर पर मानसिकता की बात करते हुए कि सहवाग ने सफलता के साथ बुरे दौर भी देखे लेकिन उन्होंने कभी भी अपने खेलने के तरीकों को नहीं बदला।

सचिन ने कहा कि सहवाग ने पहली बार इंग्लैंड में पारी का आगाज करना शुरू किया और वह शतक बनाने में सफल रहे। इससे उन्हें सफलता तो मिली लेकिन ऐसा भी समय था जब वह खराब दौर से गुजरे। ऐसे में हर बार आंकड़े मायने नहीं रखते लेकिन आप टीम को किस तरह से योगदान देते थे यह जरूरी होता है। टैस्ट और एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि टीम में बने रहने की सुरक्षा और अपनेपन की भावना खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ लेने के लिए जरूरी होता है।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आपको टीम में बने रहने को लेकर आश्वस्त होना चाहिए। अगर आप आंकड़ों को देखेंगे तो आपके साथ यह आश्वासन होना चाहिए।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 319, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।